दैनिक सच्चाई की जंग
# लोकमित्र
वर्ष : 30 | अंक :172
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 25 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये
प्रतापगढ़ ,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94
संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## हमारे कुछ सवाल थे और हमें जवाब मिल गए-सुप्रीम कोर्ट

### ईवीएम का वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान के मामले पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** ईवीएम का वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान के मामले पर उप चुनाव आयुक्त नीतेश व्यास ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया।निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि माइक्रो कंट्रोलर में कंट्रोल यूनिट, बटन यूनिट और वीवीपीएटी होता है। तीनों को बस एक ही बार प्रोग्राम किया जा सकता है। कंट्रोलर को बाहर से प्रभावित नहीं कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि आंकड़ा 45 दिन सुरक्षित रखा जाता है। सिंबल लोडिंग के सवाल पर नीतेश व्यास ने कहा कि सिंबल लोडिंग के लिए निर्वाचन आयोग और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ही दो निर्माता हैं। तब जस्टिस संजीव खन्ना ने पूछा कि क्या आप और अधिक निर्माताओं से अधिक सिंबल लोडिंग यूनिट ले सकते हैं। तब नीतेश व्यास ने कहा कि सामान की उपलब्धता के लिए ज्यादा समय नहीं लगेगा लेकिन इन मशीनों को बनाने में एक महीने का वक्त लग जाएगा।कोर्ट की ओर से ईवीएम को सील करने के स्पष्टीकरण पर निर्वाचन आयोग ने बताया कि जब नियंत्रण इकाई मतदान का डेटा संग्रहीत कर लेती है तो इसे सील कर दिया जाता है। वीवीपीएटी को भी सील कर दिया जाता है और उसके बाद सभी मतदान एजेंटों से हस्ताक्षर लिए जाते हैं। सुनवाई के दौरान वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि हर माइक्रो कंट्रोलर में एक फ्लैश मेमोरी होती है।

यह कहना ठीक नहीं होगा कि फ्लैश मेमोरी में कोई दूसरा प्रोगाम फीड नहीं किया जा सकता। तब जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि हमें निर्वाचन आयोग ने बताया कि फ्लैश मेमोरी में कोई दूसरा प्रोग्राम फीड नहीं किया जा सकता।उनका कहना है कि वो फ्लैश मेमोरी में कोई प्रोगाम अपलोड नहीं करते बल्कि चुनाव चिह्न अपलोड करते हैं, जो इमेज के रूप में होता है। जब हमने निर्वाचन आयोग से ये सब सवाल पूछा है तो हमें तकनीकी चीजों के लिए आयोग पर यकीन करना ही होगा। प्रशांत भूषण ने कहा कि वो भी तो चुनाव चिह्न के साथ साथ कोई गलत प्रोग्राम तो अपलोड कर सकते हैं। मेरा अंदेशा उस बात को लेकर है। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम आपकी दलील को समझ गए।

हम अपने फैसले में इसका ध्यान रखेंगे।जस्टिस दीपांकर दत्ता ने प्रशांत भूषण से कहा कि क्या हम संदेह के आधार पर कोई आदेश जारी कर सकते हैं। जिस रिपोर्ट पर आप भरोसा कर रहे हैं, उसमें कहा गया है कि अभी तक हैकिंग की कोई घटना नहीं हुई है। हम किसी दूसरे संवैधानिक अथॉरिटी को नियंत्रित नहीं करते है। हम चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकते।सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम को लेकर निर्वाचन आयोग से कुछ सवाल पूछे थे और उनका स्पष्टीकरण मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने 18 अप्रैल को इस मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आप हर चीज पर अविश्वास नहीं जता सकते हैं। निर्वाचन आयोग अपना काम कर रहा है। पिछले कुछ चुनावों में मतदान 60 फीसदी से ऊपर रहा है। यह लोगों के भरोसे को दिखाता है।सुनवाई के दौरान वकील प्रशांत भूषण ने कहा था कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। उन्होंने कहा था कि वीवीपीएटी पर्चियों की भी गिनती होनी चाहिए। इसके लिए वीवीपीएटी पर्चियों को मतदाता के हाथ में देकर बैलेट बॉक्स में डालने देना चाहिए। सुनवाई के दौरान वकील संजय हेगड़े ने मांग की थी कि ईवीएम पर पड़े वोटों का मिलान वीवीपीएटी पर्चियों से किया जाना चाहिए। तब जस्टिस खन्ना ने पूछा था कि क्या वीवीपीएटी के सभी पर्चियों की गिनती होनी चाहिए।

## प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश करना राजद्रोह-दिल्ली हाई कोर्ट

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश करना राजद्रोह के तहत आता है। एक मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस जसमीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश का आरोप गैरजिम्मेदारी पूर्वक नहीं लगाया जा सकता है।इस मामले की सुनवाई जब दोपहर बाद शुरू हुई तो अनंत देहादराय ने कहा कि वे पिनाकी मिश्रा के खिलाफ ऐसा कोई आरोप नहीं लगाएंगे कि उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक साजिश रची है। तब कोर्ट ने अनंत देहादराय को चार हफ्ते के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी।दिल्ली हाई कोर्ट बीजू जनता दल के सांसद और वरिष्ठ वकील पिनाकी मिश्रा की ओर से वकील जय अनंत देहादराय के खिलाफ दायर मानहानि याचिका पर सुनवाई कर रहा है। पिनाकी मिश्रा ने याचिका दायर कर अनंत देहादराय को अपने खिलाफ झूठे और मानहानि वाले आरोप लगाने से रोकने की मांग की है। पिनाकी मिश्रा की ओर से पेश वकील समुद्र सारंगी ने कहा कि अनंत देहादराय अपने ट्वीट में उन्हें केनिंग लेन और उड़िया बाबू कहकर भ्रष्टाचार के मनगढ़ंत आरोप लगाते हैं।सुनवाई के दौरान अनंत देहादराय की ओर से पेश




वकील राघव अवस्थी ने कहा कि अगर प्रथम दृष्टया सच्चाई सामने रखी जा रही है तो रोक का कोई आदेश नहीं जारी किया जा सकता। अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट के ब्लूमबर्ग मामले का हवाला दिया। तब सारंगी ने कहा कि देहादराय ने पिनाकी मिश्रा के खिलाफ आरोप लगाया है कि उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश रची है। उन्होंने कहा कि बीजू जनता दल वैचारिक रूप से भाजपा और प्रधानमंत्री के साथ है। सारंगी ने कहा कि बिना कोर्ट के आदेश के अनंत देहादराय झूठे आरोप लगाते जाएंगे।सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अवस्थी से पूछा कि पिनाकी मिश्रा प्रधानमंत्री के खिलाफ कैसे साजिश रच रहे हैं। तब अवस्थी ने कहा कि पिनाकी मिश्रा और महुआ मोइत्रा के संबंधों के आधार पर। तब कोर्ट ने कहा कि आप समझिए, प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश के आरोप गंभीर हैं। जहां तक महुआ मोइत्रा के आरोपों का सवाल है तो वो हाई कोर्ट में लंबित है लेकिन प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश का किसी सांसद के खिलाफ आरोप काफी गंभीर है। आप इसे साबित करें नहीं तो हमें आप पर रोक लगानी होगी।इस पर अवस्थी ने कहा कि देहादराय ने व्यक्तिगत रूप से पिनाकी मिश्रा और महुआ मोइत्रा को साजिश रचते देखा। इस बात का साक्ष्य कारोबारी दर्शन हीरानंदानी का हलफनामा है। तब कोर्ट ने कहा कि आप जो कह रहे हैं, उसके गंभीर परिणाम होंगे। ये देश के उच्चस्थ पद का मामला है। प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश रचने का मामला राष्ट्रद्रोह के तहत आता है। इसलिए आप सावधान रहें।

## कन्नौज से खुद चुनावी मैदान में उतरेंगे अखिलेश यादव

### गुरुवार को होगा नामांकन, 48 घंटे में ही कटा तेज प्रताप का टिकट

**लखनऊ,एजेंसियां।** समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव ने बताया कि अखिलेश यादव गुरुवार को कन्नौज लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को लेकर कोई भ्रम नहीं है। यह तब आया है जब पार्टी की स्थानीय इकाई ने उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम से अपने भतीजे तेज प्रताप सिंह यादव को समाजवादी पार्टी के गढ़ से मैदान में उतारने के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। इससे पहले सपा बदायूं, मेरठ, मोरादाबाद, मिश्रिख, गौतमबुद्ध नगर सीट से भी उम्मीदवार बदल चुकी है। समाजवादी पार्टी ने सोमवार को तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज से उम्मीदवार घोषित किया था। तेज प्रताप सिंह यादव की कन्नौज से उम्मीदवारी की घोषणा के बाद उन



अटकलों पर विराम लग गया था कि समाजवादी पार्टी सुप्रीमो इस सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। जबकि सपा अपने कन्नौज लोकसभा उम्मीदवार के बारे में अनिर्णय में थी, भाजपा ने मौजूदा सांसद और उसके उत्तर प्रदेश महासचिव सुब्रत पाठक को चुना है और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने इमरान बिन जफर को निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है।खबर यह भी थी कि पार्टी अपना गढ़ रहे कन्नौज को लेकर किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती थी। तेज प्रताप की उम्मीदवारी के ऐलान के बाद से ही सपा की लोकल यूनिट इस फैसले के विरोध में उतर आई थी। इनका कहना था कि तेज प्रताप को यहां कोई नहीं जानता। वे पार्टी की स्थिति कन्नौज से कमजोर होने देने का मौका नहीं चाहते। तेज प्रताप सिंह यादव, जो दिवंगत मुलायम सिंह यादव के पोते और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं, ने 2014-19 तक मैनपुरी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया। 2014 के चुनाव में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने आज़मगढ़ और मैनपुरी से चुनाव लड़ा और दोनों में जीत हासिल की। बाद में उन्होंने मैनपुरी सीट छोड़ दी जहां समाजवादी पार्टी ने तेज प्रताप सिंह यादव को मैदान में उतारा।

## इलेक्टोरल बांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** इलेक्टोरल बांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की गई है। याचिका में मांग की गई है कि इलेक्टोरल बांड के रूप में दिये गए चंदे की कोर्ट की निगरानी में एसआईटी से जांच कराई जाए।याचिका कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि इलेक्टोरल बांड के जरिए कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच कथित क्विड प्रो क्यो यानी बदले में दी जाने वाली व्यवस्था की जांच की जाए। याचिका में कहा गया था कि चुनावी बांड मामले में करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच के जरिए ही उजागर किया जा सकता है।

## सीबीआई से जुड़े मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है।

बुधवार को सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने सीबीआई के मामले में सिसोदिया को 12 अप्रैल को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। मनीष सिसोदिया ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी जमानत याचिका दायर कर रखी है, जिस पर 30 अप्रैल को फैसला आना है।

मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का ईडी ने विरोध करते हुए कहा था कि जमानत याचिका में ट्रायल में देरी को आधार बनाया जा रहा है जबकि देरी आरोपितों की ओर से की जा रही है। सुनवाई के दौरान मनीष सिसोदिया की ओर से कहा गया था कि ट्रायल कछुआ गति से चल रहा है जबकि सुप्रीम कोर्ट जमानत याचिका पर अपने फैसले में जल्द ट्रायल करने को कह चुका है।

## हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड हाई कोर्ट उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाने में काफी देरी कर रहा है।आज जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष हेमंत सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन की



गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 28 फरवरी को ही फैसला सुरक्षित कर लिया था लेकिन अभी तक फैसला नहीं सुनाया है। इसकी वजह से हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। तब जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि आप मेल कीजिए, चीफ जस्टिस उस पर विचार करेंगे।ईडी ने 31 जनवरी को भूमि घोटाला मामले में हेमंत सोरेन से पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल सोरेन न्यायिक हिरासत में हैं।

## शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची। राज्य सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें 2016 में की गई शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की लगभग 24 हजार नियुक्तियों को रद्द कर दिया था।राज्य सरकार ने याचिका में हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट के इस फैसले से राज्य के स्कूलों में पढ़ाई ठप हो जाएगी। याचिका में राज्य सरकार ने आरोप लगाया है कि हाई कोर्ट ने रिकॉर्ड पर बिना किसी भी हलफनामे और मौखिक दलील के आधार पर ही मनमाने ढंग से नियुक्तियां रद्द कर दीं। दरअसल, हाई कोर्ट ने 22 अप्रैल को शिक्षकों की भर्ती को अवैध ठहराते हुए 24 हजार उम्मीदवारों की नियुक्ति को अवैध करार देते हुए भर्ती के बाद प्राप्त वेतन वापस करने का आदेश दिया था।

## रंगे हाथों पकड़ा गया पाकिस्तानी पत्रकार

### मोदी के अर्बन नक्सल वाले बयान को अरब नस्ल बताकर अरब देशों को भड़का रहा था



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** एक फेमस पाकिस्तानी पत्रकार द्वारा राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया भाषण की गलत व्याख्या करने को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी किरकिरी करा बैठे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए, पीएम मोदी ने अर्बन नक्सल सोच और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा था कि वे मां-बहनों के मंगलसूत्र को भी छीन लेंगे। हालांकि, एक समाचार शो की मेजबानी के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार हमीर अर्बन नक्सल शब्द और अरब नस्ल से जोड़ दिया। पीएम मोदी के बयान का वीडियो क्लिप काटकर हामिद मीर ने गलत व्याख्या करने की कोशिश की। हामिद मीर ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री अरब के लोगों से नफरत करते हैं। अर्बन नक्सल यानी अरब नस्ल के लोग मंगलसूत्र को भी नहीं बचने देंगे। पाकिस्तानी पत्रकार ने इस शब्द को गलत समझ लिया। पत्रकार ने अपनी गलती को सुधारने की जहमत भी नहीं उठाई। भले ही उनके सोशल मीडिया पोस्ट पर कमेंट की झड़ी लग गई हो। लोगों ने उन्हें अर्बन नक्सली और अरब नस्ल शब्दों के बीच के अंतर से रूबरू करवाया। भारत के कई लोगों ने इस क्लिप को साझा करते हुए लिखा %पाकिस्तान के पत्रकार को हिंदी भी समझ नहीं आती है। कुछ लोगों ने कहा कि पाकिस्तान में शिक्षा की इतनी कमी है कि वहां के लोग हलवा प्रिंट कपड़ा पहनने पर एक महिला को घेर लिए थे।

### पीएम मोदी ने क्या कहा था

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मां-बहनों के मंगलसूत्र को भी छीन लेगी। उन्होंने कहा था कि ये लोग पहले भी कह चुके हैं कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब यह है कि जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको ज्यादा संपत्ति मिलेगी। अर्बन नक्सल की सोच मां-बहनों का मंगलसूत्र भी बचने नहीं देगी।

## भाजपा को खुश करने के लिए ईसीआई ने कराया इतना लंबा चुनाव-ममता

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा ने उनके भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के दूसरे नंबर के नेता अभिषेक बनर्जी को मारने की कोशिश की। बनर्जी ने बीरभूम और बर्दवान में चुनाव प्रचार को संबोधित करते हुए यह दावा किया। बनर्जी ने कहा तुमने अभिषेक को मारने की भी कोशिश की लेकिन हमें पहले ही पता चल गया। उसके घर की रेकी भी की, उसे फेसटाइम पर बुलाया और मिलने का समय मांगा।पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग (ईसीआई) पर भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया है। ममता ने कहा, चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों को देश के संसाधनों का इस्तेमाल कर प्रचार करने के लिए 7 चरण के चुनाव की योजना बनाई है।

## संपत्ति बांटने के आरोपों पर राहुल गांधी का यू-टर्न

### कहा- मैंने ये नहीं है कि हम ऐसा करेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसियां।**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि पार्टी के घोषणापत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुनिंदा 22 लोगों को दिए गए 16 लाख करोड़ में से देश के 90त्न लोगों को थोड़ी सी धनराशि वापस करने का वादा किया गया है। दिल्ली के जवाहर भवन में सामाजिक न्याय सम्मेलन में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हमने यह नहीं कहा कि हम पूरे 16 लाख करोड़ लौटाएंगे। हमने गणना की है और कहा है कि केवल थोड़ी सी रकम वापस की जाएगी।राहुल गांधी ने कहा कि हमने गणना की है। हमें जो लगा कि न्याय है और मदद दी जानी चाहिए, हमने इसे घोषणापत्र में रखा है। जब उन्होंने लोगों से पूछा कि उन्हें पार्टी का घोषणापत्र कैसा लगा, तो राहुल गांधी ने कहा कि आपने देखा होगा कि प्रधानमंत्री घबरा गए हैं। यह एक क्रांतिकारी घोषणापत्र है। पीएम नरेंद्र मोदी के यह कहने के बाद कि कांग्रेस पैसे लेगी और इसे उन लोगों के बीच वितरित करेगी जिनके अधिक बच्चे हैं। कांग्रेस ने इस आरोप को खारिज कर दिया और आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने घोषणापत्र के बारे में झूठ फैलाया है।राहुल गांधी ने कहा कि देखिए मैंने कहा था कि देखते हैं कि कितना अन्याय हुआ है और उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्या प्रतिक्रिया दी. वो कह रहे हैं कि ये देश को तोड़ने की कोशिश है। ने ये नहीं है कि हम ऐसा करेंगे. मैं ये कह रहा हूं कि आइए पता करते हैं कि कितना अन्याय हुआ है।

## प्रियंका ने बीजेपी पर लगाया असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप

### बोलीं- वे कभी समस्या की बात नहीं करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की आलोचना की और कहा कि उसके नेता केवल देश का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए भाषण देते हैं। उन्होंने अपने हमले को और तेज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य नेता हर दिन एक अप्रासंगिक मुद्दा उठाते हैं और उनके बारे में आलोचना करते हैं। केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए, जहां उनके भाई राहुल गांधी फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार मूल्य वृद्धि और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को संबोधित करने में विफल रही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव ÷लोकतंत्र और भारत के संविधान की रक्षा÷ का एक अवसर है।प्रियंका ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन के पिछले



10 वर्षों में पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें ÷तेजी से÷ बढ़ी हैं। इसी तरह, उन्होंने कहा कि बेरोजगारी दर में वृद्धि हुई है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेता इन समस्याओं का समाधान नहीं करेंगे। गांधी परिवार पर व्यक्तिगत हमलों पर प्रियंका ने कहा कि वे मेरा परिवार हैं, मैं उनका बचाव क्यों नहीं करूंगी?...मैं विश्वास के साथ दावा कर सकती हूं कि उनकी पार्टी में अधिक हैं। जब वे वंशवाद की बात करते हैं तो उन्हें समझना चाहिए कि हर परिवार की गरिमा होती है, हर परिवार के कुछ सिद्धांत होते हैं। परिवार के सदस्य उन सिद्धांतों के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे। यही हमारी परंपरा है। भगवान राम ने भी ऐसा ही किया...सच्चाई जनता के सामने है।उन्होंने कहा कि इस (गांधी) परिवार के सदस्यों ने देश के लिए अपनी जान दे दी। हम ऐसा करना जारी रखेंगे। मोदी के बार को लेकर उन्होंने कहा कि यह उनकी पुरानी आदत है। हम शुरू से लेकर आज तक विजन की बात करते आए हैं... आप मेरा भाषण भी सुन सकते हैं... जब आप उनके भाषण सुनेंगे तो पता चलेगा कि उनके पास क्या है? कैसी दृष्टि? आप विजन 2047 कहते हैं, लेकिन वह विजन क्या है? पिछले 10 वर्षों में आपने इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए क्या किया?...आम आदमी के लिए आपके पास क्या दृष्टिकोण है? आप बेरोजगारी के बारे में क्या कर रहे हैं? महंगाई के बारे में?

## दोबारा ऐसा नहीं होगा, हम माफी मांगते हैं

### सर्वोच्च न्यायालय की दखल के बाद रामदेव ने पतंजलि के अखबार में छपवाया बड़ा माफीनामा

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने बुधवार को पतंजलि के औषधीय उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों के लिए प्रमुख समाचार पत्रों में एक ताजा माफीनामा प्रकाशित किया। इस बार, माफ़ी का आकार बड़ा था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे पहले प्रमुखता से प्रदर्शित नहीं करने के लिए दोनों की खिंचाई की थी।विज्ञापन में, रामदेव और बालकृष्ण ने कहा कि वे ÷भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेशों का पालन न करने या अवज्ञा के लिए अपनी व्यक्तिगत क्षमता के साथ-साथ पतंजलि आयुर्वेद की ओर से ÷बिना शर्त माफी मांगते हैं÷। माफीनामे में कहा गया है, ÷हम अपने विज्ञापनों को प्रकाशित करने में हुई गलती के लिए ईमानदारी से माफी मांगते हैं और यह हमारी पूरी प्रतिबद्धता है कि ऐसी त्रुटियां दोबारा नहीं दोहराई जाएंगी।मंगलवार को भ्रामक विज्ञापन मामले से संबंधित अवमानना कार्यवाही की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि क्या पतंजलि द्वारा अखबारों में दी गई माफी का आकार उसके उत्पादों के पूरे पेज के विज्ञापनों के समान था। रामदेव और बालकृष्ण ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया था कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों को लेकर 67 अखबारों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे अपना दुख व्यक्त करते हुए अतिरिक्त विज्ञापन जारी करने को तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि विज्ञापन की कीमत 10 लाख रुपये है।पीठ ने पूछा कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से ठीक पहले एक हफ्ते बाद माफी क्यों दाखिल की गई। जस्टिस कोहली ने कहा क्या माफ़ी का




आकार आपके विज्ञापनों के समान है?अदालत ने पतंजलि को विज्ञापनों का मिलान कर पीठ के समक्ष प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया। अदालत ने आगे कहा उन्हें बड़ा न करें और हमें आपूर्ति न करें। हम वास्तविक आकार देखना चाहते हैं... हम यह देखना चाहते हैं कि जब आप कोई विज्ञापन जारी करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि हमें इसे माइक्रोस्कोप से देखना होगा। इससे पहले, रामदेव और बालकृष्ण ने कंपनी द्वारा जारी विज्ञापनों पर शीर्ष अदालत के समक्ष बिना शर्त और अयोग्य माफ़ी÷ मांगी थी, जिसमें कंपनी ने कोविड-19 महामारी के दौरान कोरोनिल जैसे अपने उत्पादों की औषधीय प्रभावकारिता के बारे में बड़े-बड़े दावे किए थे।इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा कार्रवाई की मांग को लेकर दायर याचिका के बाद शीर्ष अदालत ने पतंजलि को निर्देश दिया था कि वह अपने उत्पादों के उन सभी विज्ञापनों को बंद कर दे, जिनमें ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 में निर्दिष्ट बीमारियों और विकारों का इलाज करने का दावा किया गया है।सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद पतंजलि आयुर्वेद ने एक हलफनामे में बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा कि पतंजलि का इरादा केवल इस देश के नागरिकों को अपने उत्पादों का उपयोग करके स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था।नवंबर 2023 में, सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद से आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के खिलाफ भ्रामक दावों और विज्ञापनों को रोकने के लिए कहा। पतंजलि ने अदालत को आश्वासन दिया था कि वह कोई बयान या निराधार दावा नहीं करेगी।

# कार्यकर्ताओं का निर्देश ही मेरे लिए आदेश-नीरज त्रिपाठी

## कहा,आपकी तरह मैं भी मोदी के लिए मांग रहा हूँ वोट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा, प्रयागराज।** भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का प्रचार कारवां बुधवार को मेजा क्षेत्र के कुँअरपट्टी गांव के सोना भवन पहुंचा।पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन के आयोजक पार्टी नेता इन्द्रदेव शुक्ल राजू भैया रहे।नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मैं पार्टी का अदना सा कार्यकर्ता हूँ।मैं आपसे आशीर्वाद चाहता हूँ।

आप लोगों की तरह मैं भी भाजपा और मोदी जी के लिए वोट मांग रहा हूँ।मैं चाहता हूं कि प्रयागराज मिशन 400 पार का हिस्सा बनें।

नीरज त्रिपाठी ने कहा कि वेशक हमारा और आपका सम्बन्ध नही रहा लेकिन हम सब भाजपा परिवार का हिस्सा हैं ,इस लिहाज से हम सब एक दूसरे से एक पारिवारिक रिश्ते से जुड़े हैं और इससे बड़ा रिश्ता और सबन्ध कोई दूसरा हो नही सकता है।मैं देवतुल्य कार्यकर्ताओं के आदेश निर्देश के पालन का संकल्प लेता हूँ और भविष्य में आपके सुझाए रास्ते पर चलने का वायदा करता हूँ।मेरी कथनी और करनी में कभी फर्क नजर नही आएगा,क्योंकि मुझे जो संस्कार मिले हैं उसमें दोगलेपन की कोई गुन्जाईस नही है।मेरे पिता पँ केशरी नाथ त्रिपाठी ने जीवन पर्यंत साफगोई की राजनीति की और सम्बंधों को उंन्होने सदा सम्मान दिया था।मैं भी उनके आदर्शो पर चलने की कोशिश कर रहा हूँ।



पार्टी जिलाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आप सबने कई बार चुनावी परिक्षा पास की है।आपकी ऊर्जा और क्षमता को पार्टी ने जब भी परखा है आप हमेशा खरे उतरे हैं।लोकसभा के चल रहे चुनाव में आप सभी अपने बूथ और पोलिंग से नीरज त्रिपाठी को बड़ी जीत दिलाकर पार्टी मिशन को गति देंगे।आयोजक इन्द्रदेव शुक्ल राजू भैया ने कहा कि नीरज भाई आप में शीतला का आशीर्वाद लीजिए,इस शक्ति स्थल से आपको आस्वस्त करना चाहता हूं कि मेजा क्षेत्र से बड़ी जीत मिलेगी।

सोना भवन आयोजन में मुख्य रूप जिला अध्यक्ष भाजपा विनोद प्रजापति, महामंत्री पुष्पराज पटेल,जिलामंत्री विक्रमादित्य मौर्या, विधानसभा प्रभारी रवि शंकर दुबे, प्रेम शंकर शुक्ला (मुन्नन), उमा शंकर तिवारी (गांधी), हेमंत दुबे, रवींद्र शुक्ला, मांडवी शरण द्विवेदी, ओपी मिश्र,वरुण मिश्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फरहत अली क्लब को पूरे अंक



**प्रयागराज।** फरहत अली क्लब ने हनुमानगंज एएस क्लब को आठ विकेट से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में सामर्थ्य मधुबन की उम्दा गेंदबाजी (3-2-01-3) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चक हरिहरवन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान बुधवार को खेले गए मैच में हनुमानगंज एएस क्लब ने 22.3 ओवर में 66 रन (दीपक यादव 23, सामर्थ्य मधुबन 3/01, हुजेफ अहद 3/24, आयुष्मान चहल 2/06) बनाये। जवाब में फरहत अली क्लब ने 6.5 ओवर में 2 विकेट पर 69 रन (सक्षम वर्मा 42, शादान अब्बास रिज़्वी 19, आयुष्मान गुप्ता 2/14) बना लिए। सामर्थ्य मधुबन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# सनातन का अपमान करने वालों को सिखाएं सबक-टीना मॉं

## विकसित भारत के लिए सब लोग भाजपा को जिताएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा, प्रयागराज।** प्रदेश किन्नर बोर्ड की सदस्य एवं दर्जा प्राप्त मंत्री कौशल्या नंद गिरी टीना माँ ने विकसित राष्ट्र के संकल्प और प्रयागराज के विकास के लिए, भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जिताने की अपील की है।उंन्होने कहा कि मोदी के हाँथ में देश सुरक्षित है और विश्व बिरादरी में उंन्होने राष्ट्र का मान बढ़ाया है।उंन्होने प्रयागराज के मतदाताओं का आह्वाहन किया कि आइए हम सब भाजपा को जीताकर मोदी के 400 पार मिशन का हिस्सा बनें।



किन्नर अखाड़े की महामण्डलेस्वर टीना माँ जनसेवा,समाजसेवा के साथ राजनीतिक, आध्यात्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहती हैं।उंन्होने एक वार्ता क्रम में कहा कि लोकसभा का यह चुनाव लीक से हटकर है।मोदी को घेरने के लिए,इस बार देश विरोधी ताकतें एक मंच पर हैं।देश की सत्ता पर कब्जा करने के लिए,कुछ राजनीतिक पार्टियां तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर चुकी हैं।यह वही लोग हैं जो सनातन व श्रीराम के वजूद को नकार चुके हैं।यह लोग प्रभु श्रीराम के दर्शन इसलिए नही करते क्योंकि इनको वोट खिसक जाने का डर बना रहता है।टीना माँ ने गुस्सा दिखाते हुए कहा जो राम का नही वह किसी काम का नही हो सकता है।उंन्होने कहा कि सनातन का अपमान करने वालों को सबक सिखाने का समय आ गया है।

महामण्डलेस्वर कौशल्या नंद गिरी ने कहा कि मोदी देश की शान हैं।उंन्होने विश्व मे राष्ट्र का मान बढ़ाया और वैश्विक नेता की छवि बनाई है।देश की आर्थिक तरक्की से दुनिया को चौंकाया और उनके विजन को दुनिया ने सराहा है।जरूरत है हम सब इलाहाबाद संसदीय सीट पर भाजपा को बम्पर जीत दिलाकर मोदी के मिशन 400 पार का हिस्सा बनें।प्रयागराज की जनता जागरूक है और इस चुनाव में भी अपनी दूरदर्शिता दिखाएगी।

# राहुल के शतक से चौधरी नौनिहाल क्लब सेमीफाइनल में

**प्रयागराज।** राहुल राजपाल के शतक 120 नाबाद, 56 गेंद, छह चौके, 13 छक्के) के दम पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने फाफामऊ क्लब को सात विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली। एक अन्य मुकाबले में मेजर रंजीत सिंह क्लब ने रिजवी एजुकेशनल ग्रुप को 78 रन से हराया।



दौलत हुसैन मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में फाफामऊ क्लब ने 18.5 ओवर में 153 रन (यादवेंद्र सिंह यादव 40, सौरभ त्रिपाठी 32, ध्रुव प्रताप सिंह 18, प्रथम मिश्र 3/42, उदय प्रताप सिंह 2/21, कृष्ण यादव 2/34, अमर चौधरी 1/13, राहुल राजपाल 1/27) बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 15.3 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन (राहुल राजपाल 120 नाबाद, मोहम्मद उस्मान 1/13, अश्वनी दुबे 1/23, सुधांशु सोनकर 1/41) बना लिए। राहुल राजपाल को समाजसेवी इरफान अंसारी ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

इससे पहले सुबह खेले गए मैच में मेजर रंजीत सिंह क्लब ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 245 रन (आशीष रत्नम 69 नाबाद, शिवांश यादव 63, अमन पटेल 31, फरहान अंसारी 28, शुभ शर्मा 14, आदित्य 2/30, विभव कुशवाहा 2/45, वैभव यादव 1/47) बनाये। जवाब में रिज़्वी एजुकेशनल ग्रुप की टीम 15.5 ओवर में 167 रन (आदित्य 71, रोशन सिंह यादव 51, शुभ शर्मा 4/24, आदर्श पाण्डेय 3/24, सूर्यांश 2/35) पर सिमट गई। शुभ शर्मा को इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक (प्रबंधन) सोमेश्वर पाण्डेय ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। गुरुवार को चौधरी नौनिहाल क्लब का मुकाबला रिज़्वी एजुकेशनल ग्रुप से होगा।

# हाईकोर्ट ने अजय राय के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक

## वाराणसी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान बवाल का मामला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी में 2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान अगजनी और लाठीचार्ज मामले में अगली सुनवाई तक किसी भी तरह की उत्पीडनात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत ने अजय राय की ओर से ट्रायल कोर्ट में चल रही आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। इससे पहले कोर्ट ने सरकार से हलफनामा मांगा था। जिस पर अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में 82 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिनमें से 81 व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा राज्य सरकार द्वारा उचित कार्रवाई के बाद वापस ले लिया गया है।

यह नीतिगत मामला है और जहां तक याची अजय राय का सवाल है, उनके संबंध में निर्णय चुनाव के बाद लिया जाएगा। याचिका पर अगली सुनवाई 30 जुलाई नीयत की गई है। तब तक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ किसी भी तरह की उत्पीडनात्मक कार्यवाही पर रोक रहेगी।

मामला वाराणसी के दशाश्वमेध थाना क्षेत्र का है। वर्ष 2015 में गंगा में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित अन्य लोगों पर लाठीचार्ज किया गया। इसके विरोध में पांच अक्तूबर 2015 को मैदागिन स्थित टाउन हॉल मैदान से अन्याय प्रतिकार यात्रा निकाली गई थी। इसमें साधु-संतों ने बड़ी मात्रा में हिस्सा लिया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के नेतृत्व में सभी लोग जब गोदौलिया चौराहे पर पहुंचे तो वहां खड़े सांड़ के भड़क जाने पर भगदड़ मच गई।

इस दौरान अराजकतत्वों ने पुलिस बूथ और सरकारी गाड़ी में आग लगा दी। इसके बाद अजय राय समेत 82 लोगों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत दशाश्वमेध थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई। पुलिस विवेचना के बाद सभी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुआ था। हालांकि, सरकार ने 81 आरोपियों के मुकदमे वापस ले लिए थे। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने आपराधिक कार्यवाही के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# लोगों की आखों में धूल झोंकना ही प्रधानमंत्री का काम - फुज़ैल हाशमी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस राज्य समिति के सदस्य फुज़ैल हाशमी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नफरती सोच वाला इंसान बताते हुए कहा कि उनका काम लोगों की आखों में धूल झोंकना है।शहर अध्यक्ष अरशद अली की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग द्वारा फूलपुर लोकसभा के इंडिया एलाइंस उम्मीदवार अमर नाथ मौर्या के समर्थन में बैठक आयोजित की गई। में जिसमे फुजैल हाशमी ने कहा कि पहले दौर के चुनाव के बाद से मोदी बौखला गये हैं। वोटों के लिए 25 करोड़ मुसलमानों को नफरत से देखते हैं।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुस्लिमों का है तथा कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप जैसे मोदी के झूठे व घटिया बयान 18त्न आबादी को नीचा दिखाने के अलावा कुछ भी नहीं है। हाशमी ने आरोप लगाया कि वे पूरे देश को मणिपुर बनाना चाहते हैं। कहा कि यह चुनाव देश, संविधान और लोकतंत्र बचाने का है ताकि चंडीगढ़ और सूरत जैसे हालातों से बचा जा सके।वही शहर अध्यक्ष अरशद अली ने अपने पदाधिकारियों को चुनाव में जुट जाने का आवाहन करते मौर्या के जीत का दावा किया और यह भी कहा कि इंडिया एलांइस की सरकार बनना तय है।इस मौके पर शहर उपाध्यक्ष परवेज़ सिद्दीकी, महफूज अहमद, मो हसीन, अधिवक्ता समसुल हुसैन, तालिब अहमद, हाजी सरताज, गजाली खान, मुख्तार अहमद, जाहिद नेता, गुलाम वारिस, फैज इलाहाबादी, मो मोईद, मो मोबिन, बेलाल खान, मो आरिफ आदि मौजूद रहे।

# शराब के दुष्प्रभाव पर आयोजित हुई परिचर्चा




**प्रयागराज।** आज कंज्यूमर वॉयस दिल्ली व कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ तथा लोक प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान मे शराब के गैर जिम्मेदाराना प्रयोग के सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य के पहलुओं पर एक जागरुकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. नंदलाल भारती प्रोफेसर व हेड लोक प्रशासन विभाग द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हेमंत उपाध्याय कंज्यूमर वॉयस दिल्ली, डॉ प्रवेश द्विवेदी, निदेशक समर्थ, मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष एसोचैम उत्तर प्रदेश राधेश्याम सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, द्वारा शराब के प्रभाव पर व्याख्यान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक श्रीवास्तव, अधिवक्ता, अध्यक्ष कंज्यूमर गिल्ड द्वारा किया गया, कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे अध्ययनरत छात्रों, विभिन्न विभाग के अध्यापक द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# प्रयागराज में रुद्राक्ष टावर में लगी भीषण आग

## डोमिनोज पिज़्ज़ा में किचन से लगी चिंगारी लाखों का सामान स्वाहा

**प्रयागराज।** महाराणा प्रताप चौराहे पर स्थित डोमिनोज रेस्टोरेंट में आज बुधवार की दोपहर भीषण आग लग गई। जिस समय आग लगी उसे समय बड़ी संख्या में लोग रेस्टोरेंट में मौजूद थे लेकिन आग लगने की वजह से जब धुंआ भरने लगा तब लोग जान बचाकर वहां से बाहर भागे।



बताया जाता है कि डोमिनोज रेस्टोरेंट में लगी एयर कंडीशनिंग सिस्टम फट गया जिससे शार्ट सर्किट हुई और किचन में आग लग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां भी मौका पर पहुंची। रेस्टोरेंट के दो कर्मचारियों पर ही फंसे रहे लेकिन फायर ब्रिगेड के जवानों ने उन्हें सुरक्षित नीचे उतार लिया। करीब 2 घंटे का ऐसा प्रयास के बाद आग बुझाने में सफलता मिली। डोमिनोस पिज़्ज़ा के दूसरी तरफ संस्कृत कोचिंग केंद्र है तो दूसरी तरफ कैलाश अस्पताल। जब आग लगी तो कोचिंग सेंटर में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं क्लास कर रहे थे लेकिन आज की सूचना मिलते इस बाहर भाग निकले। हालांकि आग से कोचिंग सेंटर में भी काफी कागजात जल गए। जिला अग्निशमन अधिकारी आरके पांडे ने बताया कि आज पर काबू पा लिया गया है। सभी लोग सुरक्षित हैं पूरी फायर ब्रिगेड टीम के प्रयास से आग पर नियंत्रण पाया गया।

# विकसित भारत एवं जन सेवा का संकल्प हमारा प्रण है- प्रवीण पटेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** फूलपुर संसदीय क्षेत्र के पश्चिम विधानसभा में फूलपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने जनता के बीच जाकर जनसंपर्क किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण एवं जनता की सेवा का प्रण लेकर निकला हूं और गरीबों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।इसके पूर्व खुल्दाबाद मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पटेल का स्वागत किया। तत्पश्चात शाहगंज, गढ़ीकला, बड़ी स्टेशन नकास कोना, डफरिन चौराहा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा चौराहा, खुल्दाबाद चौराहा, मछली बाजार हिम्मतगंज, नया पुरवा, लूकरगंज, कर्बला चौराहा ,नई आबादी चकिया, साई मंदिर ,दुर्गा मंदिर



कालिंदीपुरम चौराहा, घुंघरू चौराहा, पीपल गांव, ट्रिपल आईटी, क्षेत्र में जनसंपर्क किया गया।जनसंपर्क में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, रमेश पासी,दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी, अपूर्व चंद्रा,गौरी पार्षद रमा भारती, शंकर वर्मा, आनंद वैश्य सुदर्शन, कौशिकी सिंह, अनिल विश्वकर्मा, सावन जोगी, अनिल चौरसिया, दीनबंधु चटर्जी, आनंद बिहारी त्रिपाठी, रजत सोनकर, अचल सोनकर, नवीन श्रीवास्तव,सीमा श्रीवास्तव, दिवाकर केसरवानी, मुन्ना शर्मा, धीरज कुशवाहा, विजय पांडे, शिवम केसरवानी, अनिकेत श्रीवास्तव, जितेश श्रीवास्तव, अमित तिवारी देवव्रत आर्य आदि रहे।

# नामांकन सहित चुनाव के हर कैंपेन में भाजपा की पूरी ताकत के साथ शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा के चुनाव में अपनी पूरी शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी के अनुसार इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा के प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर कार्यकर्ताओं की लंबी फौज के साथ पूरी शक्ति प्रदर्शन की पूरी ताकत झोंकने की तैयारी करने जा रही।

1 मई से 5 मई के बीच में नामांकन को लेकर संगठन के द्वारा रूट चार्ट तैयार किया जा रहे हैं और दोनों लोकसभा के प्रत्याशियों के लिए एक बड़ी जनसभा का आयोजन करने की तैयारी है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के बड़े स्तर के नेताओं की बुलाने की तैयारी चल रही है और जनसभा के स्थान को लेकर संगठन के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा 27 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक फूलपुर एवं इलाहाबाद दोनों लोकसभा के विधानसभा स्तर पर लगभग 30 से 40 नुक्कड़ जनसभा आयोजित किए जाएंगे। 1 मई से 5 मई के बीच विधानसभा स्तर पर दोनों लोकसभा की सीटों पर बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन निर्धारित किए गए हैं। शक्ति केंद्र पोलिंग सेंटर स्तर पर टिफिन बैठक के माध्यम से की वोटर एवं लाभार्थियों को जोड़ने की कवायद की जा रही है।

इसके अलावा 5 मई के उपरांत दोनों लोकसभा की सीटों पर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में लगभग दो बड़ी जनसभा का आयोजन करने की तैयारी की जा रही है। जिसमें बड़े नेताओं के द्वारा चुनावी संबोधन किया जाएगा और राष्ट्रीय स्तर के नेता एवं सेलिब्रिटी की रोड शो कराने की भी तैयारी करने की मंत्रणा की जा रही है। इसके अलावा चुनाव आयोग के द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार पार्टी और पार्टी के प्रत्याशियों की प्रचार की तैयारी की गई है।

# भगवान का नाम लेकर जो मरता है वह परम धाम को पाता है- विजय कांत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़( प्रयागराज)** । कल्याणपुर के नेवाजी के पूरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवे दिन कथा व्यास भागवत भूषण आचार्य विजय कांत तिवारी ने कहा कि भगवान का नाम लेकर जो व्यक्ति मृत्यु को पाता है वह सीधे परम धाम को जाता है।तभी तो गीत गया की मोहन प्रेम बिना नहीं मिलता,चाहे कर लो कोशिश अनेक।लोगों को बताया कि ऐसे ज्ञान का मतलब बेकार है जो भगवान के मर्म को न जाने।

आगे बताया कि संसार में पाप को नाश करने के दो ही उपाय है पहला गंगा मईया और दूसरा गायत्री मां। कथा के दौरान श्री कृष्ण की रास लीला,संदीपन गुरु की दीक्षा,उद्धव



मिलन और रुक्मिणी विवाह आदि के बारे में विस्तार से बताया।श्रीमद्भागवत की कथा में ढोलक मास्टर नीरज दुबे,पैड मास्टर आचार्य शशि कांत शुक्ल,आर्गन पर राजू भाई और मुख्य आचार्य रवि शंकर मिश्र और गिरीश शुक्ल जी की संगीत पार्टी ने लोगों का मानो दिल जीत लिया है। मुख्य यजमान बृजेश कुमार तिवारी,रमा कांत तिवारी,श्याम सुंदर तिवारी के साथ पंडित रामू तिवारी,नागेश प्रताप तिवारी,शैलेंद्र तिवारी,शंभू नाथ मिश्र,प्रेम कुमार मिश्र,सरस्वती प्रसाद तिवारी,प्रेम नारायण मिश्र मौजूद रहे।

# मॉरीशस वाले अंकल की तलाश में पुलिस

## एनकाउंटर से पहले असद ने मांगी थी मदद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ की मौत के बाद भी उसके गैंग के मेंबरों पर पुलिस का शिकंजा जारी है। पुलिस अब अतीक अहमद के करीबियों को मदद पहुंचाने वाले और उसके गैंग मेंबर को पनाह देने तथा फाइनेंस करने वालों की जांच में जुटी है

पुलिस को एक मोबाइल रिकॉर्डिंग हाथ लगी है जिसमें उसके बेटे असद अहमद ने उमेश पाल हत्याकांड के बाद एक शख्स को फोन कर मदद मांगी थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार असद में जब फोन किया तो उधर से कहा गया कि बेटा मैं तो मॉरिशस में हूं। कुछ करता हूं। इसके बाद उमेश पाल पर गोलियां बरसाने वाला असद फरार हो जाता है। हालांकि बाद में एसटीएफ से मुठभेड़ में मार गिराती है।

अब अतीक बैंक के मददगारों, फाइनेंसरों और पनाह देने वालों पर शिकंजा कसा तो किसी ने उसे रिकॉर्डिंग को भी शेयर कर दिया। अब मॉरीशस वाले अंकल की भी जांच शुरू हो गई है। बताया जाता है की असद ने फरारी के दौरान प्रयागराज के रहने वाले एक हाई प्रोफाइल परिवार के शख्स को फोन लगाया था असद ने उनसे मदद मांगी हाल के तब जवाब मिला था कि मैं मॉरीशस में हूं।

# आकाश आनन्द की जनसभा की भीड़ बसपा कैडर की एकजुटता का देगी संकेत

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव 2014 में भले ही बसपा फूलपुर, इलाहाबाद और कौशाम्बी सीट पर फूलपुर के अलावा अन्य लोकसभा सीट पर जीत दर्ज न कर सकी हो मगर बसपा कैडर पर आज भी पकड़ कमजोर नहीं हुई है। पिछले चुनावों की बात करें तो वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा फूलपुर के अलावा इलाहाबाद और कौशाम्बी में दूसरे स्थान पर रही है। इस बार कल 26 अप्रैल को मूरतगंज में बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनन्द की जनसभा है। इस जनसभा में कार्यकर्ताओं के अन्दर जो जोश देखने को मिलेगा उससे बसपा प्रमुख बहन जी खुश नजर आ रही है। इससे साफ पता चलता है कि बसपा ने अपनी जमीनी पकड़ को कमजोर नहीं होने दिया है। वर्ष 2014 के फूलपुर लोकसभा चुनाव में बसपा से कपिलमुनि करवरिया ने जीत दर्ज की थी। फूलपुर में बसपा की यह पहली जीत थी। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में पार्टी कमजोर नहीं हुई बल्कि बसपा ने आज लोकसभा 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा काडर के डॉ. जगन्नाथ पाल को टिकट दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा भले ही न जीत सकी हो मगर दूसरे नंबर पर रहकर भाजपा को टक्कर देती नजर आई थी। इस बार फूलपुर से डा. जगन्नाथ पाल और कौशाम्बी से शुभ नारायण गौतम मैदान में हैं, कल 26 अप्रैल को आकाश आनन्द की भीड़ का जोश देखने को मिलेगा तो इससे साफ पता चलेगा कि बसपा प्रमुख बहन जी की आज भी अपने कैडर पर पकड़ मजबूत है।

# प्रयागराज डिवीजन और एनसीआर हेडक्वार्टर फाइनल में

## उमरे अंतर मंडलीय फुटबाल प्रतियोगिता




**प्रयागराज।** प्रयागराज डिवीजन और एनसीआर हेडक्वार्टर ने उत्तर मध्य रेलवे अंतर मंडलीय फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली है।

डीएसए मैदान पर बुधवार को खेले गए पहले मैच में प्रयागराज डिवीजन ने झांसी डिवीजन को 2-1 से हराया। प्रयागराज डिवीजन की तरफ से पहले हाफ में सातवें मिनट में हुसैन ने और आठवें मिनट में शेरान अयूबी ने गोल किया। दूसरे हाफ में झांसी डिवीजन के मोहम्मद आरिफ ने गोल किया।

दूसरे मैच में एनसीआर हेडक्वार्टर ने झांसी वर्कशॉप को 1-0 से हराया। विजेता टीम की तरफ से एकमात्र गोल पहले हाफ के 32वें मिनट में प्रथम मिश्र ने किया। एनसीआर हेडक्वार्टर के संदीप यादव को शानदार डिफेंस के लिए उत्तर मध्य रेलवे के फुटबाल खिलाड़ी जेपी यादव ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

# धूप मे खाली पेट निकलने से खतरा, रहे सतर्क- डा. धर्मेंद्र सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** गर्मी का पारा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है । पारा चढ़ा तो लोगों के बीमार होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है । तेज धूप लगने से बुखार आने का दौर शुरू हो गया है । धूप और पानी मे जरा सी लापरवाही किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को परेशानी मे डाल सकती है । चिकित्सकों की राय है कि थोड़ी से सावधानी किसी बड़ी मुसीबत से बचा सकती है ।इसमे शरीर को ढंक कर चले तथा हर घंटे पानी पीएं । नमक वाले पेय पदार्थो का अधिक सेवन करें ।

विगत एक पखवारे से सूरज की तपन के चलते हालत ऐसे बन गए है, कि तापमान अपने पुराने रिकार्ड तोड़कर नए रिकार्ड बनाने की कोशिश कर रहा है । प्रतिदिन गर्मी बढ़ती ही जा रही है । तापमान मे आई तेजी शरीर को भी नुकसान पहुंचा सकता है । इस संबंध मे लेड़ियारी के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा, राजेश कुमार वर्मा , डा , सुनील कुमार कुशवाहा, डा , पवन कुमार चौबे, रतेवरा के डा, धर्म प्रकाश मिश्रा का कहना है कि बेतहाशा गर्मी की वजह से हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़ रहे है । बूढ़े व्यक्ति तथा बच्चों और नशा करने वालों मे हीट स्ट्रोक होने की संभावना अधिक होती है । ऐसे मे खान पान के साथ कपड़े पहनने मे भी सावधानी बरतनी होगी । फर्माशिष्ट शिव सिंह, का कहना है कि धूप मे चेहरे के साथ आँखों का बचाव जरूरी है । शरीर के तापमान नियंत्रण करने को पूरे शरीर को ढक कर निकले । डा, कृष्ण कुमार कुशवाहा , विजेंद्र कुमार बिन्द का कहना है कि गर्मी से बचने के लिए घर से बाहर निकलते समय खाली पेट न निकले । समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा, समीम अख्तर , डा, धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि तेज धूप व गर्मी हवाओं की वजह से लोग हीट स्ट्रोक के शिकार हो रहे है ।



# चोरी के सामान के साथ वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कड़ाधाम पुलिस उ0नि0 समरजीत वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित बिलाल अहमद निवासी चक अली नक्की कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को चोरी के 01 जोडी पायल सफेद धातु, 02 अदद बिछिया सफेद धातु, 01 अदद कंगना सफेद धातु व 2200 रू0 नगद के साथ छगलिया रोड़सूरत धर्मकाटाके पास से गिरफ्तार किया गया।

## 15 वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक नीरज सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी मक्खन पासी निवासी नेवारी थाना करारी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक नीरज सिंह मय महिला हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी सुषमा यादव निवासी अगियौना थाना करारी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक शिवनाथ सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी मैकुलाल निवासी भीखमपुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी सियाराम पासी नि0 गोसाई तारा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उ0नि0 अरविन्द कुमार दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी किशोरी लाल नि0 कोड़र थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उ0नि0 अरविन्द कुमार दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अजय लोध निवासी ओसा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी लल्लू निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस उ0नि0 अजय सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अतर सिंह यादव निवासी बदबदापर थाना मो0पुर पइन्सा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस उ0नि0 आदित्य कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी उग्रसेन सिंह निवासी उदहिन बुजुर्ग थाना मोहब्बतपुर पइन्सा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उ0नि0 सौकत खान मय हमराह पुलिस बल द्वारा जगत, इन्दपाल नि0गण ख्वाचकीमई थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी शिवराज पासी नि0 गौरा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 राज कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी खूटी पासी नि0 पडरिया सुकुवारा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक भानू प्रताप सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी राम फल पासी निवासी मोहल्ला खरका थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी मुराद अली निवासी खानपुर पठान का पुरवा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 68 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 14 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना करारी से 04, थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना महेवाघाट से 01,
थाना सराय अकिल से 02, थाना चरवा से 03, थाना कोखराज से 01, थाना सैनी से 02) कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप प्रतिशत संकलन ऐप का दिया गया प्रशिक्षण

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए उदयन सभागार में समस्त जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप एवं कार्याध्दायित्वों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट को एमपीएस ऐप (मतदान प्रतिशत संकलन ऐप) के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि बीएलओ द्वारा 15 मई 2024 तक मतदाता पर्ची का वितरण कर दिया जायेंगा, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता पर्ची वितरण का आकस्मिक जॉच आप लोगों द्वारा किया जाना हैं। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को ईवीएम, मॉकपोल एवं मतदान केन्द्र भ्रमण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपने कार्योध्दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायें।

मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय ने सेक्टर मजिट्रेटों को उनके कार्यो/दायित्वों यथा-मॉकपोल एवं वास्तविक मतदान की प्रक्रियाओं, मतदान से पूर्व के कार्य/दायित्व, मतदान दिवस पर कार्य/दायित्व एवं मतदान समाप्ति के बाद के कार्य दायित्व आदि की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण दिया। तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# लूटने के अलावा कोई काम नहीं गिना सकते भाजपा प्रत्याशी - इंद्रजीत सरोज



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज ने कहा कि उनका काम बोलता है। उन्होंने कौशांबी जनपद में बहुत से काम किए हैं जिसकी सराहना आज भी जनता अपनी जुबान से कर रही है। उन्होंने जिले में सीएमओ बैठाया, जेल बनवाया, पालीटेक्निक कालेज, आश्रम पद्धति विद्यालय, आईटीआई कालेज, मंडी, गेस्ट हाउस, रोड, नहर सहित इत्यादि चीजों को बनवाए हैं। इस दौरान उन्होंने मंच से अपने कार्यकाल में कौशांबी में कराए गए विकास कार्यों का बखान करते हुए कहा कि बीजेपी के सांसद एक भी काम नहीं कराए हैं और यदि कोई काम कराए हैं तो गिना कर दिखाएं। उन्होंने साफशब्दों में कहा कि लूटने के अलावा सांसद विनोद सोनकर ने कोई काम नहीं किया है इसलिए विनोद सोनकर कोई काम नहीं गिना सकते हैं। सांसद विनोद सोनकर सिर्फ जमीन कब्जा किए हैं। उन्होंने कहा कि हम काम किए हैं इसलिए हमारा काम बोलता है। महंगाई, बेरोजगारी हटाने के लिए उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन में मतदान करने के लिए लोगों से अपील की है।

## आपराधिक धमकी के दो आरोपियों को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुरपर पंजीकृत शमशाद निवासी समदा थाना मंझनपुर को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 1500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10 दिवस के कारावास की सजा सुनायी गयी। थाना सराय अकिल पर पंजीकृत मुराद अली निवासी खानपुर पठान का पुरवा थाना सराय अकिल को न्यायालय एएसजे एसडी जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपी को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 02 दिवस के कारावास की सजा सुनायी गयी।

# बिना पंजीकरण के चल रहें क्लीनिक को उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया सीज

### स्वास्थ्य विभाग के इस कार्रवाई से अस्पताल संचालकों में हड़कम्प




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** आदर्श पॉलीक्लीनिक कोखराज इक्का अड्डा नियर कोखराज पुलिस स्टेशन सिराथू कौशाम्बी का निरीक्षण डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने किया। निरीक्षण मे उक्त क्लीनिक बिना पंजीकरण के संचालित पाया गया। डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आदर्श पॉलीक्लीनिक कोखराज इक्का अड्डा नियर कोखराज पुलिस स्टेशन सिराथू कौशाम्बी को सीज कर दिया गया। आज दिनांक 24 अप्रैल 2024 को उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि ने थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी मे आदर्श पॉलीक्लीनिक कोखराज इक्का अड्डा नियर कोखराज पुलिस स्टेशन सिराथू कौशाम्बी के संचालक के विरूद्ध बिना पंजीकरण कराये क्लीनिक संचालित करने कको लेकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोखराज कौशाम्बी को लिखित रूप मे दिया गया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हिन्द प्रकाश मणि ने अवगत कराया कि जो भी चिकित्सालय बिना पंजीकरण कराये संचालित पाये जायेंगे उनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्यवाही की जायेगी।

## पंजीकरण में पंजीकृत चिकित्सक के उपस्थित न होने से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर को किया गया सीज

कौशाम्बी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में झोला छाप चिकित्सक के विरुद्ध अभियान के क्रम में गठित टीम डॉ0 के0डी0 सिंह उप मुख्य चिकित्साधिकारी/ नोडल अधिकारी हास्पिटल पंजीकरण एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एच0पी0 मणि की संयुक्त टीम द्वारा लाइफकेयर अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर ओसा रोड मंझनपुर कौशाम्बी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंजीकरण में पंजीकृत चिकित्सक के उपस्थित न रहने पर चिकित्सक के उपस्थित होने तक लाइफकेयर अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर को सीज कर दिया गया। आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त शिकायत डॉ0 शैलेश कुमार नामदेव (बी0यू0एम0एस0) पुत्र संतोष कुमार नामदेव निवासी ग्राम फैजीपुर बाजार आषाढ़ा मंझनपुर कौशाम्बी के घर में संचालित क्लीनिक का पंजीकरण न होने पर सीज कर दिया गया।

## ई रिक्शा और बाइक में हुई भिड़ंत, दो गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के मीरापुर भैरो बाबा मंदिर के समीप बाइक और ई रिक्शा में जोरदार भिड़ंत हो गयी।हादसे में ई रिक्शा सवार स्कूली छात्र बाल-बाल बच गए वहीं बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए।स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।जानकारी के अनुसार सैनी थाना क्षेत्र के अटसराय निवासी नरेंद्र गौतम पुत्र स्व तेजीलाल व कड़ाधाम थाना क्षेत्र के अम्बाई बुजुर्ग निवासी हरिश्चंद्र गौतम किसी काम से बुधवार की दोपहर सैनी जा रहे थे।बताते हैं कि मीरापुर भैरो बाबा मंदिर के समीप आगे जा रहे ई रिक्शा चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया जिसके चलते बाइक सवार युवक ई रिक्शा से जा भिड़े।हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए वहीं ई रिक्शा में बैठे स्कूली छात्र बाल-बाल बच गए।स्थानीय लोगों ने घायल युवकों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# जल शक्ति मंत्री ने ली लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

**चित्रकूटः** लोकसभा चुनाव कार्यालय कर्वी में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में चित्रकूट विधानसभा में चुनाव संचालन समिति की बैठक की।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बूथ प्रबंधन, विधानसभा लीगल टीम, मीडिया प्रबंधन, प्रचार प्रसार सामग्री एवं साहित्य, सोशल मीडिया व हाईटेक अभियान, वीडियो वैन, यात्रा व प्रवास, वाहन व्यवस्था, प्रवासी कार्यकर्ता, लाभार्थी संपर्क, सामाजिक संपर्क, युवा संपर्क, महिला संपर्क, अनुसूचित जनजाति झुग्गी झोपड़ी, विशेष संपर्क व्यवसायिक एवं सामाजिक, चुनाव कार्यालय मतगणना प्रमुख सभी विभागों संपर्क वन टू वन सभी पार्टी पदाधिकारी से लिया। चुनाव के दौरान लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। यहां पर आक्रामक रणनीति बनाकर जमीन पर क्रियान्वयन किया जाता है। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा, कौंग्रेस धरासाही हो चुकी है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए भारतीय जनता पार्टी मां के समान है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए और विश्व में भारत का गौरव स्थापित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड रही है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि जिस पार्टी के पास पीएम मोदी और सीएम योगी जैसा नेतृत्व हो और ऐसे कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की सेना हो वह तो हर हाल में विजयी होता है।

इस मौके पर लोकसभा संयोजक ब्रजकिशोर गुप्ता, जिला प्रभारी अनिल यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोव जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, लोकसभा सह संयोजक शिव शंकर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, शक्ति सिंह,

अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, तीरथ तिवारी, आलोक पांडेय, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, बाबूलाल पटेल, दिनेश पटेल, विपुल प्रताप सिंह, शिवकांत पांडेय, अखिलेश रैकवार, सुरेश अनुरागी, रामरतन प्रजापति, शुभम केशरवानी, दशरथ प्रजापति, अर्चना सिंह, रवि गुप्ता, अभिषेक ओझा, बृजेश शुक्ला, ममता सिंह, विनीत द्विवेदी, राजीव तिवारी, संजय पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव बने अभिलाष

**चित्रकूटः** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान इदरीश ने सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव पद पर जिले के अभिलाष यादव को जिम्मेदारी सौंपी है। बुधवार को सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान इदरीश ने संगठन का विस्तार करते हुए अभिलाष यादव को राष्ट्रीय सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी। मनोनयन के बाद अभिलाष ने कहा कि कर्तव्य-निष्ठा व ईमानदारी से पार्टी मुखिया की नीतियों का प्रचार करेंगे। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव, सदर विधायक अनिल प्रधान, जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

# मानव एकता दिवस के अवसर पर निरंकारी भक्तों ने किया 28 यूनिट रक्तदान



**चित्रकूटः** मानव एकता दिवस पर संत निरंकारी सत्संग भवन चित्रकूट धाम कवी में संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउण्डेशन के तत्वाधान में सत्संग समाप्ति के बाद एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मुखी शिवभवन की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें शहर कर्वी के अलावा पहाड़ी, राजापुर, अगरहुँडा, मानिकपुर आदि जगहों से निरंकारी सेवादल एवं श्रृद्धालु भक्तों द्वारा 28 यूनिट रक्तदान किया गया।

रक्तदान शिविर चित्रकूट के अलावा झॉसी, बॉंदा, हमीरपुर महोबा, ललितपुर आदि सत्संग भवनों में भी आयोजित किये गये। मानव एकता दिवस के अवसर पर इन सभी ब्रान्चों में सत्संग कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। रक्त दाताओं के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था की गयी थी। शिविर में होने वाली समस्त सेवायें सेवादल कार्यकताओं द्वारा सम्पन्न करायी गयी। रक्त संग्रह करने के लिए जिला चिकित्सालय एवं सद्गुरू सेवा ट्रस्ट जानकीकुण्ड के योग्य चिकित्सकों की टीम

संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी जोगेन्दर सुखीजा ने बताया कि हर वर्ष की भांति
इस वर्ष भी समूचे विश्व में विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउण्डेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया।

जिसमें मानवता की भलाई के लिए रक्तदाताओं ने रक्त दान कर निस्वार्थ सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

# हनुमान जयंती के अवसर पर निकली शोभा यात्रा



**चित्रकूटः** विश्व हिंदू परिषद बजरंग चित्रकूट द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। रामायण मेला परिसर में स्थित राम जानकी मंदिर में कामतानाथ प्रमुख द्वारा के संत मदन गोपाल दास एवं विभाग के पदाधिकारी रामशरण तिवारी एवं अमित मिश्रा द्वारा पूजन अर्चन कर यात्रा प्रारम्भ की गई। यात्रा में बजरंगबली की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहीं। जिनके दर्शन करने के लिए लोगों का हुजूम उमड पडा। सीतापुर अस्पताल के पास सभी लोगों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। साथ ही रामघाट में बजरंग बली की आरती के साथ यात्रा का समापन किया गया। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिवेदी, जिला मंत्री नीरज केशरवानी, सहमंत्री सिद्धार्थ पांडेय, जिला संयोजक अंकित पटेल, जमुना प्रसाद, उमा शक्ति, अन्नू सोलंकी, स्वप्निल मिश्रा, राहुल पाल, रोहित सोनी, अंशु भटनागर, कामता चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## घर के बाहर खडी पूर्व ब्लाक प्रमुख की बाईक चोरी

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा कस्बा स्थित पूर्व ब्लाक प्रमुख सुभाष सिंह के घर बाहर खडी हीरो स्पेलेंडर बाईक बीती रात चोरी हो गई,थाना पश्चिम शरीरा से महज 50 मीटर की दूरी पर पूर्व बलाक ब्लाक प्रमुख का अवास है घटना की जानकारी सुबह हुई, जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है

## कौशाम्बी थाना क्षेत्र के सोंधिया में एक्सीडेंट से अधेड़ की मौत

**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के सोंधिया ग्राम पंचायत के कोरांव खास ककरहिया का रहने वाला अधेड़ की सामने आ रही बाइक से भीषण एक्सिडेंट होने से राहुल पुत्र रामहित सरोज उम्र 30 वर्षउम्र युवक की मौके पर मौत वहीं दूसरा बाइक सवार गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया स्थानीय सूचना 100 डायल कर स्थानीय पुलिस को सूचना पर 1209 मौके पर पहुंची।

# करंट युक्त तार से उलझकर हुई किसान की मौत के मामले में आरोपी को सजा

**चित्रकूटः** सिंचाई के लिए खेत में बिछाए गए करंट युक्त तार में उलझकर हुई किसान की मौत के मामले में सत्र न्यायाधीश ने तार बिछाने के आरोपी को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाने के बराछी गांव के कुशल का पुरवा निवासी रमाकान्त उर्फकंचन ने रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसके पिता कौशल किशोर (55) पुत्र स्व शिवमोहन खेत में सिंचाई करने के लिए गए थे। बगल के खेत वाला रामपुर गांव का निवासी धर्मराज सिंह अपने खेत की सिंचाई के लिए उनके खेत से लोहे की नंगी करंट युक्त तार जमीन से होते हुए अपने खेत ले गया था।

पूर्व में भी उन लोगों ने खुली तार होने के कारण करंट लगने की आशंका जाहिर करते हुए तार हटाने की बात कही थी। इसके बावजूद धर्मराज नहीं माना।

इसके चलते 9 मार्च 2022 को दोपहर लगभग 2:30 बजे खेत में सिंचाई करने के दौरान उनके पिता कौशल किशोर करंट युक्त तार की चपेट में आकर झुलस गए। जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद धर्मराज अपनी तार खींचकर भाग गया। इसके बावजूद मौके पर दो-तीन मीटर तार लगी थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था।

साथ ही मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बुधवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी धर्मराज को 7 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## मारपीट के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को अर्थदण्ड की सजा

**चित्रकूटः** लोकसेवक के साथ मारपीट और गाली गलौच करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को 1000 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में मानिकपुर के एलहा गांव के निवासी विनय द्विवेदी उर्फ बुली के विरूद्ध लोकसेवक के साथ मारपीट करने के मामले में धारा 353 व 504 के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद जेएम द्वितीय अंजलिका प्रियदर्शनी ने बुधवार को निर्णय सुनाया।

# 3 मई तक सही कराएं त्रुटिपूर्ण आवेदन

**चित्रकूटः** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित अनुसूचित जाति, जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाएं) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2023-24 में आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण के लिए 11 जनवरी द्वारा संशोधित समय सारिणी निर्गत की गयी है। समय सारिणी के अनुसार द्वितीय चरण में त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही करने के लिए निर्धारित अवधि 26 अप्रैल से 3 मई तथा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र-छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्थान में जमा किया जाना तथा शिक्षण संस्थान द्वारा छात्र के अभिलेखों से मिलान किया जाना एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने के लिए 26 अप्रैल से 7 मई निर्धारित है। अनुसूचित जाति, जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाएं) योजनान्तर्गत जनपद के समस्त सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि समय सारिणी के अनुसार निर्धारित समयवाधि में कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## अवैध शराब के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को सजा

**चित्रकूटः** अवैध शराब के मामले में दोष सिद्ध होने पर जेएम ने आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा के साथ 1500 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी हरिओम ने बताया कि वर्ष 2017 में मानिकपुर थाना क्षेत्र के ऊंचाडीह गांव का निवासी रामनिहोरी अवैध शराब के साथ पकड़ा गया था। जिसके खिलाफधारा 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। साथ ही पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद जेएम द्वितीय अंजलिका प्रियदर्शनी ने बुधवार को निर्णय सुनाया।

# जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभायें, शत प्रतिशत मतदान अवश्य करें-जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने माध्यमिक विद्यालयों की मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के माध्यमिक विद्यालयों की एक मतदाता जागरूकता रैली राजकीय इण्टर कालेज से निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली का उद्घाटन जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुये कहा कि मतदान दिवस के दिन जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभायें और मतदेय स्थलों पर जाकर शत् प्रतिशत मतदान अवश्य करें। उन्होने कहा कि अपने परिवार, पड़ोसियों, क्षेत्रवासियों, रिश्तेदारों आदि सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित करें जिससे वे अपने घरों से निकलकर बूथों पर मतदान करने अवश्य जायें। सभी व्यक्ति मतदान दिवस पर प्राथमिकता के अनुसार वोट करें। उन्होने इस दौरान छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वह अपने माता-पिता को मतदान के लिये प्रेरित करें।मतदाता जागरूकता रैली राजकीय इण्टर कालेज से प्रारम्भ होकर राजापाल टंकी चौराहा, टेऊज्ञरी चौराहा, पीडब्लूडी कार्यालय, डीएम आवास और अम्बेडकर चौराहा होते हुये सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में जाकर समाप्त हुई, जहां पर सभी को जिला विद्यालय विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप सरदार सिंह ने उपस्थित प्रधानाचार्यो, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को मतदाता की शपथ दिलायी। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, बैनर और स्लोगन लिखे हुये मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये संदेश दिया। मतदाता जागरूकता रैली में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्लोगनों जैसे ''अब जागो प्यारे मतदाता-बनो देश के भाग्य विधाता, प्रतापगढ़ ने भरी उड़ान-शत् प्रतिशत करें मतदान, वोट डालने जायेगे-सशक्त लोकतंत्र बनायेगें, सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो आदि के माध्यम से जागरूक किया। रैली में राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, केपी हिन्दू इण्टर कालेज, अबुल कलाम आजाद इण्टर कालेज, डीएवी इण्टर कालेज, श्रीराम बालिका इण्टर कालेज, संत एंथोनी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसी प्रकार जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी और मतदाता शपथ दिलायी गयी।

रैली में राजकीय इण्टर कालेज के कुलश्रेष्ठ तिवारी, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज कांपा डाक्टर विन्ध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य संत एंथोनी इण्टर कालेज फादर आनन्द कुमार जान, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कालेज गीता यादव, प्रधानाचार्य केपी हिन्दू इण्टर कालेज आदित्य प्रताप सिंह, डा0 मो0 अनीस, धर्मेन्द्र कुमार ओझा, प्रतिमा मिश्रा, सफिया, सरिता, डा0 प्रियंका सिंह, ममता सिंह, उमरा, मोहम्मद खालिद, बृजेश मिश्रा, संतोष मिश्रा, अशोक मौर्य, अशोक श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में अध्यापक और अध्यापिकायें उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने बढ़ते तापमान व लू-प्रकोप के दृष्टिगत मतदाताओं से की अपील

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने बढ़ते तापमान व लू-प्रकोप के दृष्टिगत मतदाताओं से अपील करते हुये कहा कि वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति एवं गर्भवती महिलायें प्रातः काल में मतदान करें। हल्के रंग और पूरे आस्तीन के सूती वस्त्र धारण करें। तरल पेय पदार्थो का सेवन करते रहे, मतदेय स्थल तक जाने हेतु छाते और सर ढकने के लिये गमछा/दुपट्टा/टोपी का प्रयोग करें। छोटे बच्चों को मतदान स्थल पर न लेकर जायें। कतार में खड़े वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में प्राथमिकता दें। मतदान स्थल पर यदि कोई व्यक्ति लू व डायरिया आदि से प्रभावित होता है तो तत्काल बीएलओ से ओ0आर0एस0 प्राप्त कर प्रभावित व्यक्ति को दें। यदि आवश्यक हो तो 108 नम्बर पर सम्पर्क कर एम्बुलेन्स की सहायता प्राप्त करें। प्रत्येक मतदाता, राष्ट्र निर्माता-स्वयं का और अन्य का ध्यान रखें। अपने मत का करें उपयोग, मतदान अवश्य करें। सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 में भागीदारी है हम सबकी जिम्मेदारी। उन्होने बताया है पांचवे चरण में लोकसभा कौशाम्बी में 20 मई (सोमवार) व छंठवा चरण में लोकसभा प्रतापगढ़ में 25 मई (शनिवार) को मतदान होना है।

## विकास भवन में 25 अप्रैल को कार्मिकों के पोस्टल बैलेट प्रशिक्षण का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी/प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट राजेश कुमार देवरार ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में पोस्टल बैलेट के प्रशिक्षण हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के क्रम में दिनांक 25 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे विकास भवन में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। पोस्टल बैलेट व ई0टी0पी0बी0एम0एस0 व होम वोटिंग के कार्य में लगे समस्त विधानसभावार कार्मिकों का प्रशिक्षण विकास भवन के सभागार में दिया जायेगा।

## डीलर मीट का आयोजन



**प्रतापगढ।**बाबागंज स्थित एक होटल में नीरज ऑटो एजेंसी के तत्वाधान में अमरान बैट्री एवं लुब्रिकेंट ऑयल द्वारा डीलर मीट का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के ब्रांच मैनेजर गौरव राजपूत एवम् सेल्स मैनेजर रोशन पांडेय ने ने बैटरी के विषय में चर्चा किया उन्होंने बताया कि अमरान बैटरी विश्व की सर्वाधिक बिकने वाली बैटरी है अब यह अपने ग्राहकों की पकड़ बनाने के लिए घर-घर सर्विस की भी सुविधा दे रहा है ।उन्होंने बताया कि यह बैटरी सर्वाधिक वाहनों में अपने गुणुत्वा एवं सर्विस केबल पर पकड़ बना रखा है। उन्होंने कहा कि आने वाला दिन बैटरी का सर्वाधिक होगा ।ग्रीन एनर्जी के रूप में बैटरी वाहनों का उपयोग किया जाएगा । इसको लेकर इसको लेकर मेरी कंपनी अभी से काम कर रही है। इस अवसर पर आए हुए डीलरों को नीरज ऑटो एजेंसी के प्रो अभिषेक सिंह एवम् गौरव ने संयुक्त रूप से डीलरों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रणय जी राकेश गुप्ता समेत जनपद के जाने-माने बैटरी डीलर उपस्थित रहे।

# ऋतिका मिश्रा का हुआ आईआईएमबी में चयन, सफलता ने बढ़ाया लालगंज का मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र की मेधावी छात्रा ने बैंगलोर के आईआईएमबी प्रतिष्ठित संस्थान में चयन की सफलता से लालगंज क्षेत्र का मान बढ़ाया है। छात्रा की उच्च शिक्षा संस्थान में सफलता की जानकारी पर यहां विद्यालय परिवार में बुधवार को खुशी का माहौल देखा गया। भेभौंरा गांव के समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र की पुत्री ऋतिका की सफलता पर घर परिवार के साथ गांव में भी लोगों का सिर ऊंचा हुआ दिखा है।

ऋतिका मिश्रा की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी प्रशासनिक व शैक्षिक क्षेत्र में अंचल के लिए गौरवपूर्ण रही है। ऋतिका के बड़े पापा रमेशचंद्र मिश्र आईएएस अधिकारी के रूप में प्रदेश के गृह सचिव पद पर आसीन होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर



चुकें है। वहीं ऋतिका ने अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल से इण्टरमीडिएट तक की शिक्षा ग्रहण की है।

छात्रा ऋतिका मिश्रा का आईआईएमबी (भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर) में चयन होने से विद्यालय परिवार गदगद है। मेधावी छात्रा की इस उपलब्धि पर ऋतिका के माता-पिता एवं विद्यालय परिवार के लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशियां साझा की। वहीं विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष रमेशचन्द्र मिश्र, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा ने ऋतिका की उपलब्धि को गौरवपूर्ण कहा है। वहीं भागवतदत्त पीजी कालेज की प्राचार्या डॉ0 पूनम त्रिपाठी, पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, प्राचार्य राहुल सिंह, प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, डॉ. लक्ष्मीकांत तिवारी, डॉ. शालिनी शुक्ला, डॉ. लक्ष्मीकांत द्विवेदी, डॉ. रेखा पाण्डेय, श्याम शंकर मिश्र, रवीन्द्र नाथ शुक्ल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, ऋषिकेश पाण्डेय, दुर्गेशचन्द्र तिवारी, हृदयशंकर पाण्डेय, अनिल द्विवेदी, शैलेन्द्र शुक्ल ने भी उपलब्धि पर प्रसन्नता जतायी है।

## सुख शांति व समृद्धि की कामना से निकाली गयी कलश शोभा यात्रा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सुख शांति और समृद्धि की कामना को लेकर बुधवार को भगवान वासुदेव की कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। नगर के अझारा, साईं की कुटी से निकाली गयी कलश शोभा यात्रा लालगंज कस्बा होते हुए बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने बाबा घुइसरनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके बाद कलश यात्रा वापस कथास्थली पहुंची। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं के मंगलगीत व जयकारे से इलाका और भक्तिमय हो उठा दिखा। मुख्य यजमान निर्मला मिश्रा व प्रवीण कुमार मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन किया। निर्मला देवी ने श्रद्धालुओं का स्वागत व श्रवण कुमार मिश्र ने आभार जताया।

कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर दुबे ने कहा कि कलियुग में श्रीमदभागवत कथा श्रवण से मानव मोक्षगामी होता है। इस मौके पर देवानंद मिश्र, अटल बिहारी मिश्र, संकठा प्रसाद पाण्डेय, मिथलेश मिश्र, लवकेश मिश्र, बृजेश मिश्र, शशिधर मिश्र, कौशलाधीश मिश्र, शशांक मिश्र, आनन्द कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

## नौ दिवसीय संगीतमयी रामकथा 26 अप्रैल से

**प्रतापगढ़।** मानव कल्याण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्री राम कथा आगामी 26 अप्रैल से चार मई तक आयोजित होगी। जिसकी विशाल शोभा यात्रा कथा व्यास डा श्याम सुन्दर पराशर जी के कृपा पात्र शिष्य संजय कृष्ण जी महाराज वृन्दावन धाम के सानिध्य मे कथा स्थल दिव्य धाम रामपुर भेडियानी से दिनांक 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को सुबह नौ बजे निकालेगी। शोभा यात्रा कथा स्थल से निकल कर सगरा सुन्दर पुर बाजार से इन्दिरा चौक लालगंज से संगम चौराहा होते हुऐ भदारी कला बाबूगंज बाजार लछ्मणपुर होते हुऐ कथा स्थल रामपुर भेड़ियानी मे संपन्न होगी। यह जानकारी कथा संयोजक पं श्याम शंकर पांडेय अधयक्ष शिवनारायण पांडेय ने दी।

## संकट मोचन मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ा जनसैलाब



**डेरवा प्रतापगढ।** नगर पंचायत डेरवा कसहर में श्री इंद्रा कांत मिश्रा पेशकश पुत्र उमा कांत मिश्र सहायक प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के निज निवास पर संकट मोचन मंदिर की स्थापना की गई, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जनपद से समाजसेवी/प्रतिनिधियो श्रद्धालु ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंच करके बजरंगबली का दर्शन , प्रसाद ग्रहण किया। तथा भारी संख्या में क्षेत्र क्षेत्रीय भक्त जनों का दिन भर आना जाना लगा रहा। उक्त अवसर पर पंडित लालता प्रसाद पांडेय प्रधानाचार्य, पंडित अशोक कुमार मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता प्रतापगढ़, आर. पी .सिंह गौरवशाली पूर्व सैनिक संगठन प्रतापगढ़, कैप्टन प्रमोद पांडेय जिला संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ प्रतापगढ़, जुग्गीलाल पांडेय समाजसेवी, सभापति द्विवेदी एडवोकेट, मोहम्मद वहिद समाजसेवी प्रयागराज, पवन पांडेय ब्राह्मण नेता, आकाश द्विवेदी एडवोकेट पर्व प्रधान श्री राजू दुबे जी बीबीसी छोटे भाई श्री आशुतोष मिश्रा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे

## टैक्टर की चपेट में आने से युवकी की मौत, चालक पर मुकदमा दर्ज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर से निमंत्रण के लिए निकला युवक टैऊक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रामा सेण्टर मे चिकित्सकों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने टैऊक्टर चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के असरही गांव निवासी पचीस वर्षीय आकाश सरोज पुत्र छोटे लाल सरोज मंगलवार की रात करीब आठ बजे घर से पैदल पड़ोस के केशवपुर गांव में निमंत्रण जा रहा था। गांव के रास्ते पर नाले के पुल के समीप तीव्रगति से आ रहे टैऊक्टर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई विकास सरोज की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को टैऊक्टर चालक भेभौंरा निवासी अशरफ पुत्र अनवर खॉन के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट व तोडफोड़ पर दो के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट व तोडफोड की घटना को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के इदिलपुर निवासी अकरम खान पुत्र नसीम खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेरह अप्रैल को सुबह दस बजे वह बाइक से अपने घर आ रहा था। रास्ते में महिमापुर के पास अज्ञात स्कूटी सवार दो लोगों ने उसे जबरन रोक लिया। आरोपीगण पीडित को गाली देने लगे। मना करने पर पीड़ित को मारापीटा व उसका मोबाइल क्षतिग्रस्त कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में जांच के बाद पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## ठेकेदार बेच रहे सीमेन्ट,व्यापारियों ने की शिकायत




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** सरकारी कार्यो में उपयोग होने वाली गैर बिक्री सीमेंट अल्ट्राटेक बड़े पैमाने पर ठेकेदारों द्वारा बेची जा रही है। क्षेत्रीय सीमेंट व्यापारियों ने कंपनी के साथ ही जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि बाबागंज विकासखंड के पटना में राजापुर बाजार, कुंडा के खेमीपुर नगर पंचायत हीरागंज में गवर्नमेंट साइट या बड़े प्रोजेक्ट पर इस्तेमाल की जाने वाली सीमेंट कम रुपए में धड़ल्ले से बेची जा रही है। सड़क बनाने वाले ठेकेदारों द्वारा सीमेंट की बिक्री की जा रही है। सीमेंट बिक्री को लेकर स्थानीय सीमेंट व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। पटना बाजार के सीमेंट व्यापारी ने ठेकेदारों का सीमेंट बेचते हुए वीडियो भी बना लिया है । पूरे मामले को उच्च अधिकारियों का अवगत कराते हुए मार्केट में न बिकने वाली सीमेंट बेचने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## विद्यालय के टॉप टेन विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़-** जिले के नारायणपुर स्थित किसान मजदूर इंटर कॉलेज में इस वर्ष हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में अच्छा अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने किया। बता दें कि इस बार किसान मजदूर इंटर कॉलेज नारायणपुर विद्यालय के हाई स्कूल परीक्षा में प्रियंका पटेल ने 93.16 एवं कृष्णा यादव ने 93.16प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी तरह उनके आठ अन्य साथियों ने भी टॉप टेन में अपना स्थान बनाया। इंटरमीडिएट में आकाश पटेल ने 85 प्रतिशत एवं कविता वर्मा ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इनके अन्य आठ साथियों ने भी अच्छा अंक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के इन विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए विद्यालय के प्रबंधक अमरनाथ वर्मा एवं प्रधानाचार्य लाल मणि पटेल ने बच्चों का अभिनंदन किया तथा उन्हें अच्छा अंक प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। प्रबंधक अमरनाथ वर्मा ने कहा कि इस तरह से विद्यार्थियों का सम्मान किए जाने से आने वाले अन्य बच्चे भी प्रेरणा लेंगे और अच्छा अंक प्राप्त करके विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे।

# आधा दर्जन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**दिलीपपुर, आसपुर देवसरा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने आधा दर्जन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।जनपद के थाना दिलीपपुर के उ0नि0 श्री दुर्गेश कुमार मय हमराह प्रशिक्षु उ0नि0 सारिका द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 परिवाद संख्या-810,19 धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित वारण्टी 01 अभियुक्ता श्रीमती अंजू सिंह पत्नी अजय सिंह निवासी ग्राम गनई डिह थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।

जनपद के थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 श्री चन्द्रबली सिंह मय हमराह म0उ0नि0 दिव्या सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान 1-अभियुक्त लालमणि वर्मा पुत्र स्व0 जगई, मु0नं0-8560,21 धारा 323,504,506 भादवि0 से संबंधित वारण्टी,2-अभियुक्ता श्रीमती चनरा देवी पत्नी लालमणि निवासीगण ग्राम गौहानी थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़, व मु0नं0-9069,19 धारा 279,304।भादवि से संबंधित वारण्टी ,3- अभियुक्त श्याम नारायण उपाध्याय पुत्र श्रीनाथ उपाध्याय निवासी ग्राम आमापुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़, व मु0नं0- 10486,21 धारा 323,325,504भादवि से संबंधित वारण्टी ,4- अभियुक्त रमेश पुत्र राम आनन्द निवासी भाटी खुर्द थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़, व मु0नं0- 4624,19 धारा 323,325,504 भादवि से संबंधित वारण्टी,5- अभियुक्त श्यामजी पाण्डेय पुत्र धराधर ग्राम रामपुर बावरिया थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़, उपरोक्त वारण्टियों को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## लोकोमोटिव में एसी लगाने की मांग को लेकर पायलटों ने किया प्रदर्शन




**प्रतापगढ़।** ट्रेन के इंजन में एसी लगाने की मांग को लेकर पायलटों ने आल इण्डिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसियशन की अगुआई में बुधवार को मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि भीषण गर्मी में इंजन में कार्य करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए एसी लगाया जाय। चालकों को सम्बोधित करते हुए आर के गुप्ता ने कहा कि लोकोमोटिव(इंजन) में टॉयलेट की व्यवस्था नहीं है जिससे स्टाफ की काफी दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि मेमू और लोकोमोटिव में चालकों के अनुकूल कैब बनाया जाए। फाग डिवाइस प्रदान की जाए। मेमू में सिग्नल मैन वर्किंग बंद की जाए। श्रीकांत त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोकोमोटिव में टूल बॉक्स लगाए जाएं। प्रदर्शन में एसके पांडे, आशीष पाल, संतोष पाल,रवि प्रकाश समेत कई चालक मौजूद थे।

## तीस लीटर अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मुखबिर की सूचना पर दो अलग अलग घरों से तीस लीटर शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरोगा दीपक कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर कोतवाली के रमनी का पुरवा गांव निवासी अमित भारतीय पुत्र नबाब भारतीय तथा हीरावती पत्नी पप्पू भारतीय को इनके घर से पन्द्रह पन्द्रह लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## तमंचा समेत युवक धराया, भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान संदिग्ध दशा में एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ धर दबोचा। मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को बुधवार को जेल भेज दिया गया। लालगंज कोतवाली के दरोगा कबीरदास बुधवार सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान जूड़ापुर के समीप जनई मोड़ पर संदिग्ध दशा में उदयपुर थाना के राहाटीकर निवासी सागर पुत्र सुंदी अली को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक तमंचा व कारतूस की बरामदगी हुई।

# निरंकारी बाबा गुरुवचन सिंह की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** निरंकारी जगत में मानव एकता दिवस पर्व ष्का बहुत बड़ा महत्त्व हैं। इस दिन संत निरंकारी मण्डल के तीसरे सतगुरु युग प्रवर्तक बाबा गुरु वचन सिंह जी को 24अप्रैल 1980 में गोली मारकर हत्या कर दी गयीं थी। बाबा जी के साथ में कई सेवा दल के सदस्य भी शहीद हो गये.. जिसमे चाचा प्रताप सिंह जी मुख्य थे।उस समय निरंकारी जगत में बड़ा रोष था, कि हम खून का बदला खून से लेंगे। उसी समय निरंकारी मण्डल के चौथे सतगुरु के रूप में बाबा हरदेव सिंह जी महाराज अवतरित हुए। उन्होंने अपने संतो -भक्तो को सही दिशा दिखाते हुए, सत्य का सन्देश देते हुए कहा कि हम खून का बदला खून से तो लेंगे पर दूसरे रूप में, हम सभी मानवता के हित में खून देकर यानि रक्तदान करके.. और उन्होंने एक स्लोगन दिया कि रक्त को नालियों में नहीं, नड़ियों में बहाये...फिर उसी दिन से देश भर में रक्तदान शिविरो का आयोजन शुरू हुआ। निरंकारी मण्डल का पहला रक्तदान शिविर 24.04.1980 को दिल्ली के रामलीला मैदान में शुरू हुआ.. जिसमें लगभग 1000 यूनिट रक्तदान हुआ। इसी क्रम में आज संत निरंकारी मण्डल दिल्ली के दिशा निर्देशन में संत निरंकारी सत्संग भवन कुंडा प्रतापगढ़ में एक रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें डॉक्टर सोने लाल पटेल मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ की ब्लड बैंक की टीम रक्त एकत्रित करने के आयी। उक्त रक्तदान शिविर का उद्घाटन उपजिलाधिकारी कुंडा भरत राम जी ने किया।.कुल 59 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें 44पुरुष व 15 महिलाओ ने रक्तदान किया।रक्तदान के साथ ही कुंडा सत्संग भवन पर सत्संग भी 11बजे से 1बजे तक क्षेत्रीय संचालन महात्मा राम प्यारे जी की हुजूरी में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर कुंडा के मुखी महात्मा उमेश चन्द्र साहू जी ने सभी रक्तदान करने वाले महात्माओं के लिये सतगुरु माता सुदीक्षा जी से आशीर्वाद माँगा। संचालक दिलीप जी ने सभी आगन्तुको व ब्लड बैंक की टीम का आभार व्यक्त किया।.मुख्य रूप से ब्लड बैंक की टीम में डॉ अदभुत द्विवेदी जी, पवन नंदन भट्ट जी, संदीप मिश्रा,विशाल शुक्ला जी,मूरत लाल यादव, संजय जी , कुशुमलता गुप्ता जी, कॉउंसलर आशीष और अरविन्द जी वार्ड बॉय तथा उपस्थित गणमान्य जनों में विनोद कुमार जी, शिक्षक, कमलेन्दु राही जी अकाउंटेंट , रोशन लाल जी कैसियर सुरेश चन्द्र, शारदा प्रसाद, प्रदीप, राज कुमार जी नंचू, डी. के. जी, डॉ फूल चन्द्र जी, डॉ रामू पटेल जी, अंशुमान कौशल जी, आरती जी, सालिक राम मौर्य जी, रहे। सत्संग का संचालन नागेश्वर प्रसाद जी ने किया।

# अजुहा में सफाई कर्मियों ने ठेकेदार की दबंगई से आजिज नगर पंचायत का किया घेराव

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों ने वेतन काटने और असमय वेतन देने पर बुधवार की नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करते हुए ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए विरोध जताया । मामले में अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने ठेकेदार से फोन पर बात कर वेतन विसंगति को ठीक करने के आश्वासन दिया।



नगर पंचायत अजुहा में आउटसोर्सिंग का ठेका फर्म अर्चना एसोसिएट के रामराज मिश्र को मिला हैं जिनमे 72 महिला पुरुष कर्मचारी तैनात हैं जो नगर पंचायत की सफाई, विद्युत, पानी आदि कार्यों में लगाए गए हैं । आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में बेनी, विनय , मिलन रॉय, विनोद मिश्र, शंकर, गीता देवी, संगीता देवी, रीता देवी, रेशमा देवी , सत्येंद्र यादव, तेजपाल आदि ने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए बताया की ठेकेदार मनमानी करते हुए समय से वेतन नहीं देते, साथ ही वेतन में कमीशन बाजी करते हुए कटौती करता है।इसके अलावा 31 दिन के महीने में 27 दिन का वेतन और 30 दिन के वेतन में 26 दिन का वेतन दिया जा रहा है साथ ही रविवार को भी काम करना पड़ता है जिसको लेकर कर्मचारी नगर पंचायत का घेराव करते हुए हंगामा करने लगे । जिसके बाद नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने ठेकेदार से वार्ता कर समस्या से निजात दिलाए जाने का आश्वासन दिया । इस दौरान अधिशासी अधिकारी के आलावा लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव , सभासद मौजूद रहे।

## दबंग भाइयों ने रंजिशन किशोरी समेत पांच को पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर गौस गांव निवासी बिसई ने बताया कि उसका गांव के ही एक युवक से पुरानी रंजिश चल रही है। मंगलवार को वह निशान लेकर गंगा नदी के घाट की तरफ जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में युवक अपने भाइयों और साथियों के साथ मिला और उसके साथ गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर उसने बिसई, बेटी शांति देवी, पट्टीदार आकाश, विकास और छोटू को जमकर पीट दिया। पिटाई से छोटू का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है

## नौगीरा में शत प्रतिशत मतदान के लिए निकली जागरूकता रैली

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** जनपद में 20 मई को लोकसभा का चुनाव होना निश्चित है। चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता बूथ पर पहुंचकर पाने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इसके लिए शासन प्रशासन, संस्थाएं सभी मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे है।

बुधवार को विकास खंड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर हाथों में बैनर लेकर गांव की गलियों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में बच्चों ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है। इन नारों के साथ आवाज देते हुए लोगों को मतदान के लिए जागरूक कर रहे थे।



साथ में चल रहे शिक्षको ने लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए अच्छी सरकार चुनने के लिए मतदान करने को अनिवार्य बताया। इसके साथ भी गांव के अभिभावकों को अपने बच्चों को शत प्रतिशत स्कूल भेजने के लिए भी प्रेरित किया। रैली में शिक्षक केशनलाल, विकास कुमार, अनूप कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार भारतीय, अनवर अहमद अनुदेशक मृत्यंजय सिंह और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भैयालाल शामिल रहे।

# बाग में रखे खरपतवार में लगी आग







**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के ककोढ़ा गांव के बाहर अनिल श्रीवास्तव की बाग है। जिसमें उन्होंने खरपतवार इकट्ठा करके रखा हुआ था। बुधवार की दोपहर किसी ने धूम्रपान के बाद बची हुई बीड़ी को फेंक दिया जिससे उसमें से उठी चिंगारी खरपतवार में पकड़ लिया और धू धू कर आग जलने लगी। आग का विकराल रूप देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया। आधे घंटे में पहुंचे सिराथू फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने पानी बौछार कर आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया की बाग में केवल खरपतवार जो रखा हुआ था वही जला है और किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

## शॉर्ट सर्किट से रजिस्ट्री दफ्तर में लगी आग

लोकमित्र ब्यूरो
सिराथू, कौशाम्बी। विद्युत शॉर्ट सर्किट होने के चलते सिराथू कस्बे में स्थित रजिस्ट्री दफ्तर की छत में आग लग गई, आग की लपटे देख आसपास मौजूद लोगो में अफरा तफरी मच गई जिसके बाद कस्बे वासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हालाकि इस दौरान कोई नुकसान नहीं हुआ।

सिराथू कस्बे में स्थित रजिस्ट्री दफ्तर के बगल में स्थित बिजली के पोल में बुधवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई, आसपास मौजूद लोगो ने आग की लपटे देखा तो हड़कंप का माहौल व्याप्त हो गया।

स्थानीय लोगो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हालाकि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ।

## श्री देशबंधु इंटर कालेज का शत प्रतिशत रहा परिणाम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अषाढ़ा, कौशाम्बी।** विकास खण्ड मंझनपुर के बैशकाटी श्री देशबंधु इंटर कॉलेज का हाई स्कूल एवं इंटर मीडिएट के बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा हाई स्कूल में 65 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं इंटरमीडिएट के 70 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में एवं 40 छाप 80 प्रतिशत से अधिक अंको से उत्तीर्ण हुए। अनामिका यादव 94.16 प्रतिशत निवेदिका देवी 91.16 प्रतिशत, खुशबू सिंह 90.16, कल्पना राजपूत 88.56 प्रतिशत, संगीता मौर्या 88.56, सुनिल कुमार 92.6, अंकिता देवी 91.4 विजय कुमार 91.2 रानी सिंह 89 कुनाल केसरवानी 88.6 परिणाम से उत्साहित हो कर विद्यालय के प्रबंधक विजय सिंह चंदोल प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने समस्त छात्रों को उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दीं हैं।

# ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर नव विवाहिता को पीटा

## सास-ससुर बुलेट और 1लाख रुपए की कर रहे हैं मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के कशिया पूर्व गांव में एक नवविवाहिता को ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके शरीर को चाकू से गोद डाला और बुधवार को पीटकर घर से निकालने की धमकी दिया। विवाहिता ने फोन कर अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी।पीड़िता ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

प्रयागराज के अतरसुइया थाना अंतर्गत धारियाबाद मोहल्ले की सना पुत्री मोहम्मद जमील के अनुसार उसका विवाह 25 दिसंबर 2023 को संदीपन घाट थानाक्षेत्र के कशिया पूर्व गांव निवासी आरिफ पुत्र रईस के साथ हुआ था।उसके मामा पप्पू ने शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक काफी सामान दहेज में दिया था। ससुरालीजन दहेज में मिले सामान से संतुष्ट नहीं थे। वह दहेज में बुलेट और 1लाख रुपए की मांग करने लगे। उन्होंने यह दोनों मांगें पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। वह उसके पति के साथ भी मारपीट करते हैं।आरोप है कि बुधवार को मांगें पूरी न होने पर ससुर, सास और देवरों ने मिलकर उसके शरीर को चाकू से गोद डाला और जमकर पिटाई करने के बाद धक्के मार कर घर से निकाल देने की धमकी दी।उसने रोते हुए मोबाइल से अपने मामा को मामले की जानकारी दी।भांजी की आपबीती सुनकर उनके होश उड़ गए।घायल पीड़िता ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## युवक ने मामूली विवाद में भाई-भाभी को पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मुजाहिद पुर गांव में मंगलवार की रात युवक ने मामूली विवाद में भाई-भाभी को जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।मुजाहिदपुर गांव निवासी मनोज पटेल किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। वह मंगलवार की शाम गेहूं की कटाई कराने के लिए खेत की ओर चला गया था। उसकी पत्नी उर्मिला देवी के अनुसार मंगलवार की रात गांव में एक निमंत्रण था।वह बच्चों के साथ निमंत्रण में जा रही थी।इसी दौरान उसका देवर उसके पास पहुंचा और उसे निमंत्रण में जाने से मना किया। कारण पूछने पर वह उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर वह डंडे से उसकी पिटाई करने लगा।इसी बीच वहां पहुंचे पति मनोज के बीच बचाव करने पर युवक ने उसको भी पीट दिया।पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। घायल पति-पत्नी ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दबंग भाइयों ने तालाब की जमीन पर कब्जा कर शुरू किया निर्माण

**चायल, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के तियरा गांव में दबंग भाइयों ने तालाब की जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है।अब वहीं हैंडपंप भी लगाने जा रहा है।ग्रामीणों के विरोध करने पर वह मारपीट पर आमादा हो रहे हैं। बुधवार को ग्रामीणों ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जु गई है।तियरा गांव निवासी दीपक कुमार, नंदलाल, विजय कुमार, मुन्नीलाल, मुन्ना और इंद्रजीत आदि ने बताया कि उनके गांव के दबंग दो भाइयों ने गांव स्थित तालाब की जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है।अब वह हैंडपंप लगाने के लिए बोरिंग करा रहे हैं।विरोध करने पर वह दोनों भाई गाली-गलौज कर मारपीट करने के लिए आमदा हो रहे हैं। आरोप है कि हल्का लेखपाल पैसे लेकर अवैध निर्माण करा रहा है। बुधवार को ग्रामीणों ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# विधान सभा मंझनपुर की चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** भाजपा कार्यालय मंझनपुर में लोकसभा कौशाम्बी, विधान सभा मंझनपुर की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक मे हरियाणा से सांसद व सह-प्रभारी उत्तर प्रदेश संजय भाटिया ने प्रबंधन समिति की बैठक लिया, बैठक में उपस्थित जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, लोकसभा संयोजक राकेश पाण्डेय सहित चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

साथ ही आज चुनाव प्रचार अभियान के अंतर्गत लोकसभा कौशाम्बी के सरसवां शक्ति केंद्र में बजरंगबली मंदिर के पास आयोजित नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में सम्मिलित हुई जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर पार्टी के बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित की यह चुनाव एक बार फिर परिवारवाद के विरुद्ध राष्ट्रवाद चुनने का है। देश की जनता ने घमंडिया गठबंधन को सबक सिखाने और मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ठान ली है। आज चुनाव प्रचार अभियान के अंतर्गत लोकसभा कौशाम्बी के बक्सीपर शक्ति केंद्र पंचायत भवन में आयोजित नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ तथा जनता को संबोधित किया साथ ही कहा विकास तब होता है, जब सही नीतियां हों,

सही विजन हो। इसलिए देश हो या प्रदेश, विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई। आज जिला पंचायत अध्यक्ष आदरणीय कल्पना सोनकर जी ने चुनाव प्रचार अभियान के अंतर्गत लोकसभा कौशाम्बी के बभन पुरवा शक्ति केंद्र माजरा उनो में आयोजित नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ तथा जनता को संबोधित किया। यह चुनाव एक बार फिर परिवारवाद के विरुद्ध राष्ट्रवाद चुनने का है। देश की जनता ने घमंडिया गठबंधन को सबक सिखाने और मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ठान ली है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल जीतेंद्र सोनकर, कल्पना सोनकर, अजय पांडे, प्रमोद भार्गव, नरेंद्र सिंह पटेल, शंकर दयाल सिंह, मनोज सिंह, जय नारायण मिश्र,अनिल द्विवेदी मौजूद रहें।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर सहित अन्य आवश्यक सुविधायें सुनिश्चित करने के दियें निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यालय कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की उपलब्धता से सम्बन्धित कार्यवाही समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को बूथां पर पेयजल एवं मतदाताओं के लिए छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को वेब कास्टिंग के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों में विद्युत से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही यथा-साकिट आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को मेडिकल किट से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को मॉडल बूथ एवं पिंक बूथ बनाये जाने के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुरपर पंजीकृत शमशुल हसन निवासी रामपुर बसोहरा थाना मंझनपुर न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 1500 रूपये के अर्थ दण्ड व जेल मे बितायी गयी अवधि से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिवस के कारावास की सजा सुनायी गयी।

# चचेरे भाई बहन की तालाब में डूबने से हुई मौत, कोहराम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के रहीमपुर मोलानी गांव में मंगलवार की शाम आम बिनने गए चचेरे भाई बहन तालाब में डूब गए। कुछ देर बाद खोजते हुए परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों को तालाब से निकाल कर जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चो की मौत के बाद गाँव मे मातम का माहौल है।

रहीमपुर मौलानी गांव मे शारदा व तीरथ सगे भाई है। गांव मे वह अपनी पत्नी बच्चों के साथ रहते है। दोनों परिवार के मुखिया मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर करते है। परिवार मे बच्चे अभी छोटे है। शारदा का बेटा अंधू (7) व तीरथ की बेटी उर्मिला (6) मंगलवार शाम पढ़ाई के बाद गांव के बाहर तालाब किनारे लगे आम के पेड़ से कच्चे आम तोड़ने गए। अंधू पेड़ मे पत्थर मार आम तोड़ कर नीचे गिरा रहा था। जिसे उर्मिला उठा कर एक जगह एकत्रित कर रही थी। पास में तालाब में अचानक शिवानी का पैर आम उठाने के चक्कर मे फिसल गया। वह तालाब मे गिरकर डूबने लगी। चचेरी बहन उर्मिला को डूबता देख अंधू उसे बचाने की कोशिश मे खुद भी तालाब मे उतर गया। ठोस सहारा न मिलने के चलते दोनों तालाब मे दलदल मे फंस कर डूब गए। देर शाम होने के बाद भी बच्चे जब घर नहीं पहुंचे। बच्चों के अचानक लापता होने से घबराए परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। देर रात रात तालाब में उर्मिला का फ्राक दिखाई पड़ा। ग्रामीणो ने शोर मचा कर परिवार के लोगो को जानकारी दी। ग्रामीणो ने तालाब मे उतर कर बच्चों की तलाश कर दोनों को बाहर निकाला। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि गांव के लोगों के जरिए तालाब मे शव मिलने की जानकारी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चोरी की घटना का नही हुआ खुलासा, शिकायत एसपी से



**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली के छोगरियन का पुरवा गांव में 21 अप्रैल, 2024 की रात को ललिता देवी पत्नी रूपेंद्र पाण्डेय के घर मे देर रात 01 बजे रात को कुछ अज्ञात चोरो ने जेवरात उठा ले गये सुबह जब ललिता देवी ने सो कर उठी तो उनका होश उड़ गया तुरन्त मंझनपुर थाना की पुलिस को सूचना दिया मौके पर मंझनपुर थाना की पुलिस पहुंच कर छान बिन मे जुट गई पीडित ने मंझनपुर थाना मे पहुंच कर अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दिया। ललिता देवी ने बताया की चौनपाटी झुमका नाथून्नी सहित मिलाकर कीमत सात लाख बताई जा रही है जिसमे की ललिता देवी ने मंझनपुर थाना मे पहुंच कर अज्ञात चोरो के खिलाफ तरीर दिया मंझनपुर थाना की पुलिस तरीर लेकर 118 धारा व 380 धारा के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है आगे के करवाई जुट गई मंझनपुर थाना की पुलिस तीन दिन के बाद मंझनपुर थाना की पुलिस रही आसफल आज पीडित ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव से शिकायत कर कार्रवाही की मांग की है।

## प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** नेवादा के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा मतदान में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रधानाध्यापक डॉ राम नेवाज सिंह के नेतृत्व में बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने बढ़ -चढ़कर प्रतिभा किया घर-घर अलग जगायेंगे मतदाताओं को मतदान के लिए जगाएंगे, उम्र 18 पूरी है मत देना जरूरी है, हम अपना कर्तव्य निभाएंगे सबसे मतदान कर आएंगे, 1-2-3-4 मतदान का दृढ़ विचार, हमको यह समझना है सबको वोट दिलाना है मतदाता जागरूकता में दीपक इनामुल हक अंसारी रीना मीत गुप्ता सुहानी दिवाकर जाहिद काजल मानसी सिद्धार्थ नाथ तमन्ना सिमरन नैंसी ने अग्रणी भूमिका निभाई जिन्हें प्रधानाध्यापक द्वारा प्रोत्साहित किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत बच्चों के माध्यम से अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## युवक पर किशोरी को भगाने का आरोप, परिजनो ने लगाई अनहोनी की आशंका

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी को गांव का एक युवक एक हफ्ते पहले भगा ले गया , खोजबीन के बाद परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी पुत्री को मोहल्ले का एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है , किशोरी के पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए आरोपी युवक व उसके परिजनों पर देह व्यापार में धकेलने का आरोप है लगाते हुए मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## सम्पादकीय

# लोकतंत्र स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं

सात चरणों में कराए जा रहे आम चुनाव-24 के प्रथम चरण में 2019 की तुलना में करीब चार फीसद कम मतदान होने से चुनाव आयोग, राजनीतिक दल गरज यह कि चुनाव प्रक्रिया से संबद्ध सभी पक्ष चिंता में पड़ गए हैं।गौरतलब है कि अठारहवीं लोक सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान अपेक्षाकृत धीमी गति से शुरू हुआ लेकिन दिन चढ़ने के बाद भी धीमापन आखिर तक बरकरार रहा। मतदान के एक दिन बाद ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान, चाहे किसी को भी वोट करें, में जरूर हिस्सा लें।कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है।इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर-जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है।यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा। आने वाले छह चरणों में भी मतदाता का यही रुख न बना रहे इसके लिए समन्वित प्रयास करने जरूरी हैं। हालांकि चुनाव आयोग चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खासे प्रयास अरसे से करता रहा है।इस क्रम दस से ज्यादा मशहूर हस्तियों को राजदूत के रूप में नियुक्त करने के साथ ही आईपीएल दर्शकों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया गया। कहना यह कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अपने अधिकार के उपयोग यानी मतदान के लिए प्रेरित करने में अपने तई कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन इसके बावजूद मतदान में गिरावट देखने को मिली है। मतदान को अनिवार्य किए जाने का विकल्प भी खुला है। हालांकि वह नौबत न ही आए तो अच्छा।




**मेष राशि :**आज आपका दिन जिम्मेदारियों से भरा रहने वाला है। राजकीय पक्ष में लोगों का सहयोग तो मिलेगा ही साथ ही आगे बढ़ने का प्रोत्साहन भी मिलेगा। आज ऑफिस में दोस्त आपके प्रोजेक्ट से काफी आश्चर्यचकित होंगे। आज बेटे के आगे बढ़ने से आपको काफी ख़ुशी होगी। छात्रों के लिए दिन बढ़िया रहेगा। सबके साथ मिलकर पढाई करने का मौका मिलेगा। रोज की अपेक्षा आज आपका स्वास्थ बेहतर रहेगा।

**वृष राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज कार्य क्षेत्र में आपको सफलता मिलती रहेगी। आपको निरंतर मेहनत करने की अवश्यकता है। आज आपके कुछ दोस्त आपसे मिलने घर आ सकते हैं। जिससे आपको काफी अच्छा लगेगा। विद्यार्थी किसी प्रोजेक्ट में अपने सीनियर्स की मदद ले सकते हैं। आज अपनी कार्य छमता को बढ़ाना चाहिए। इससे आपको मनचाहा लाभ होगा। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र बढ़ेगा। आज पारिवारिक खुशियों में बढ़ोतरी होगी। आज किसी खास कार्य की जानकारी किसी बड़े से लेंगे। इससे उन्हें गर्व महसूस होगा। स्वास्थ के लिहाज से आज का दिन फिट रहेगा। आज धार्मिक कार्यों की ओर आपका झुकाव होगा। फर्नीचर का कारोबार कर रहे लोगों को आज अधिक लाभ होगा, मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क राशि:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आमदनी के बढ़ते आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आप उनका भरपूर फायदा उठाएंगे। आज आपके रुके हुए कार्य किसी दोस्त की मदद से पूरे होंगे। कुल मिलाकर आज आपकी दिनचर्या बेहतरीन रहेगी। आज मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। घर में बड़ों की बातों को इम्पोर्टेंस दें, इससे उन्हें अच्छा लगेगा। आपके व्यापार में पहले से बेहतर परिवर्तन आएगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। प्रॉपर्टी डीलर्स को आज कोई बड़ी डील हाथ लगेगी, जिससे भविष्य में आपको अधिक लाभ होगा। आज घर का माहौल बदलने के लिए आप पार्टी कर सकते हैं, इससे घर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा। घुटने की समस्या से परेशान लोगों को आज राहत मिलेगी। परिवार की सुख सुविधाओं हेतु आप वाहन या अन्य कोई वस्तु ख़रीद सकते हैं।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे, साथ ही आपके निर्णय में उनका भरपूर सपोर्ट मिलेगा। अगर आपका कोई कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है तो जल्द पूरा हो जायेगा। आज आपके सभी प्रयास सफल होंगे। प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी। आज आपका स्वास्थ अच्छा रहने वाला है। आपके मनोबल में वृद्धि होगी।

**तुला राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। भाई-बहनों में आपसी मेलजोल बढ़ेगा। इस राशि के प्रतियोगी परिक्षा के छात्रों को कामयाबी तक पहुंचने में सफलता मिलेगी। आज घरवाले किसी काम से आपकी सलाह लेंगे। ऑफिस में आपको पॉजिटिव विचार रखने चाहिए इससे आपका काम आसानी से बन जायेगा। आज अनावश्यक चीजों पर खर्च करने से बचना चाहिए। आपके मित्रों की संख्या में इजाफा संभव है। आपकी सेहत अच्छी रहेगी, जिसके चलते आप सफलता की ओर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों से अपने मन की बात कहेंगे, जिससे आपका मन हल्का होगा। बिना किसी अनुभावी की राय लिए आपको बिजनेस शुरू नहीं करना चाहिए। आज ऑफिस में कुछ नए लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। जरुरत से ज्यादा किसी से बात करना उचित नहीं होगा। स्वास्थ संबंधी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा।

**धनु राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बड़ों का सम्मान करेंगे। लम्बे समय से स्वास्थय सम्बंधित समस्या से परेशान लोगों को काफी हद तक आराम मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आपको सकारात्मक परिवर्तन दिखेंगे। आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि का माहौल बनेगा। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा। बच्चों के साथ अच्छा टाइम स्पेंड करेंगे।

**मकर राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अपने शरीर को थोड़ा आराम देना चाहिए, अनावश्यक सोच-विचार करने से बचना चाहिए। आज भाई आपसे किसी जरुरी मसले पर आपकी राय लेंगे। ऑफिस में अपने विरोधियों के प्रति सावधान रहे। इस राशि के डिप्लोमा कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई में मेहनत जारी रखे। लवमेट के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। छोटी-छोटी बातों में आज आपको उलझने से बचना चाहिए। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही आपका पद भी बढ़ने की उम्मीद है। छात्रों को आज अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ नया कर सकते हैं। व्यापार में आपको अनुकूल परिवर्तन नजर आएंगे। अविवाहितों के लिए कोई अच्छा विवाह का प्रस्ताव आ सकता है।

**मीन राशि :** आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने वाला है। आय में वृद्धि के अनेकों मार्ग मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और मजबूत बनेगी। आज किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, इससे परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आज किसी जरुरी टॉपिक पर जीवनसाथी से बात कर सकते हैं। विद्यार्थी आज पुराने चैप्टर का रिविजन करेंगे। आज आपका स्वास्थ पहले से अच्छा रहेगा।

## विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस

# ज्ञान की संरक्षा और पुस्तकों का महत्व



**रवि शंकर द्विवेदी**
**जिला पंचायत राज अधिकारी**
**कौशांबी**

विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस, जिसे अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक दिवस भी कहा जाता है, पढ़ने , प्रकाशन और कॉपीराइट को बढ़ावा देने के लिए यूनेस्को द्वारा आयोजित किया जाता है. हर साल इस दिन को मनाने के लिए एक नई थीम चुनी जाती है. इस साल की थीम %रीड योर वे' है, जो पढ़ने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने और हर उम्र के लोगों को बुक्स से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करती है. इस वर्ष स्ट्रासबर्ग (फ्रांस) को 2024 के लिए विश्व पुस्तक राजधानी के रूप में नामित किया है। यूनेस्को विश्व पुस्तक राजधानी के रूप में नामित शहर राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर और पार सभी उम्र और समूहों के लिए पुस्तकों और पढ़ने को बढ़ावा देने और वर्ष के लिए गतिविधियों का एक कार्यक्रम आयोजित करने का कार्य करते हैं। यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले का संदेश यह है कि
वास्तव में, किताबें दुनिया भर में शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और सूचना तक पहुँचने, प्रसारित करने और बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

**कापीराइट क्या है?**

यह एक कानूनी संरचना है जो किसी रचनात्मक या विज्ञानात्मक कार्य के निर्माता को उस कार्य की मालिकाना अधिकार देती है। यह उन्हें कार्य को कॉपी करने, प्रकाशित करने, निर्मित करने, वितरित करने, और उससे आय उत्पन्न करने का अधिकार प्रदान करता है। कापीराइट के अंतर्गत कार्यों में शामिल हो सकते हैं पुस्तकें, लेख, चित्र, संगीत, फिल्में, सॉफ़्टवेयर, और अन्य साहित्यिक या कलात्मक उत्पाद।भारत में कापीराइट को संरक्षित करने के लिए ÷कापीराइट अधिनियम, 1957÷ लागू है। यह अधिनियम भारतीय कलाकारों, लेखकों, वैज्ञानिकों, संगीतकारों, फोटोग्राफर्स, और अन्य सृजनात्मक लोगों के हकों की संरक्षा के लिए है। इसके अंतर्गत, किसी कार्य के निर्माता को उस कार्य पर 50 वर्षों तक की संरक्षा मिलती है। इसके बाद, कार्य सार्वजनिक डोमेन में जाता है और किसी भी व्यक्ति या संस्था को उसका उपयोग करने का अधिकार होता है।विश्व पुस्तक दिवस और कॉपीराइट दिवस के इस महत्वपूर्ण दिन पर हम एक साथ मिलकर पुस्तकों के महत्व को समझने और उनका समर्थन करने का संकल्प लेते हैं। पुस्तकें हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं जो हमें ज्ञान, अनुभव, और समृद्धि का स्त्रोत प्रदान करती हैं।

वे हमें नयी सोच और नए दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करती हैं। कॉपीराइट का महत्व भी इस संदर्भ में अत्यधिक है। यह लेखकों और सृजनकर्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा करता है ताकि उन्हें उनके काम के लिए योग्य अनुदान मिल सके और वे नए कामों को उत्पन्न करने के लिए प्रेरित रहें। कॉपीराइट नियमों का पालन करना हमारे समाज के रचनात्मकता और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।इस दिन को मनाकर हम नए लेखकों, कलाकारों, और सृजनकर्ताओं को समर्थन देते हैं जो हमारे समाज को अद्भुत और सोचने के नए तरीकों में ले जाते हैं। यह एक समझदारी और साझेदारी का प्रतीक है कि हम सभी मिलकर एक समृद्ध और समर्थनशील समाज का निर्माण कर सकते हैं।इस विशेष दिन पर, हमें यह भी याद रखना चाहिए कि पुस्तकों और सृजनात्मकता के माध्यम से हम विश्व समृद्धि और समर्थन का समृद्ध केंद्र बना सकते हैं। इसी उत्साह में, आइये साथ मिलकर इस विशेष दिन को मनाने का समर्थन करें और हमें एक सशक्त और समर्थनशील समाज का निर्माण करने में योगदान दें।

# चुनाव में ठोस मुद्दे गुम है और में बात का बतंगड़ वाले मुद्दे ज्यादा है



**अशोक भाटिया**

लोकसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान हो चुका है और दूसरे चरण के मतदान में भी कुछ दिन ही बचे हैं। इस बीच गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही राजनीतिक बयानबाजी से भी तापमान चढ़ रहा है। दरअसल आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ बांसवाड़ा राजस्थान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जिस बात के लिए विपक्ष ने उनकी आलोचना की और उनके आरोप को तथ्यहीन करार दिया था, ठीक एक दिन बाद ही प्रधानमंत्री ने फिर उसी बात को दुहरा कर एक तरह से अपनी बात को सही साबित करने दावा कर दिया है। अलीगढ़ में भाजपा की रैली में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, %कांग्रेस के शहजादा कहते हैं कि इसकी जांच कराई जाएगी कि कौन कितना कमाता है, आपके पास कितनी संपत्ति है, आपके पास कितना पैसा है, आपके पास कितने घर हैं। सरकार आपकी इस संपत्ति पर कब्ज़ा करेगी और इसे सभी को वितरित करेगी। हमारी माताओं और बहनों के पास सोना है, यह स्त्री धन है, इसे पवित्र माना जाता है, कानून भी इसकी रक्षा करता है। उनकी नज़र आपके मंगलसूत्र पर है। सवाल यह है कि क्या कांग्रेस के घोषणापत्र में वास्तव में इस तरह की बातें हैं क्या? आखिर पीएम मोदी किस आधार पर लगातार कांग्रेस और राहुल गांधी को टार्गेट कर रहे हैं। हालांकि पीएम ने अलीगढ में कांग्रेस मेनिफेस्टो की जगह शाहजादा कहते हैं शब्द का इस्तेमाल किया।कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के इस दावे का विरोध किया है। पार्टी कहना है कि उनके घोषणापत्र में ऐसा कुछ नहीं है।वह मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चुनाव आयोग से संपर्क किया है।पार्टी की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी। चिदंबरम ने पीएम मोदी की टिप्पणी को ÷अपमानजनक÷ बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रत्येक वाक्य अपने पूर्ण झूठ और बेशर्म झूठ में पिछले वाक्य से आगे निकल गया। क्या भाजपा दुनिया को बताएगी- 1 कांग्रेस ने कब और कहां कहा था कि हम लोगों की जमीन, सोना और अन्य कीमती चीजें मुसलमानों के बीच बांट देंगे? 2 कांग्रेस ने कब और कहां कहा था कि व्यक्तियों की संपत्ति, महिलाओं के पास मौजूद सोने और आदिवासी परिवारों के पास मौजूद चांदी के मूल्य के लिए एक सर्वेक्षण किया जाएगा? सी) कांग्रेस ने कब और कहां कहा कि सरकारी कर्मचारियों की जमीन और नकदी भी वितरित की जाएगी?दरअसल आज की राजनीति में किसने क्या कहा , उसका आधार क्या है? यह सब बातें अब पूछने वाली नही रह गई हैं।हर पार्टी और हर बड़ा नेता अपने विरोधियों पर निराधार आरोप लगा रहा है। किसकी कौन सी बात सही है यह अंदाजा लगाना मुश्किल है।

पार्टियां भी समझ गई हैं इससे कुछ होने वाला नहीं है। इसलिए हर झूठ के खिलाफ कोई कोर्ट केस करने की बात भी नहीं करती हैं। अभी कुछ दिनों पूर्व की बात है जब सीएए कानून लागू हुआ तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कम से कम 3 बार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि इस कानून के लागू होने से पाकिस्तान से करोड़ों लोग भारत आ जाएंगे।

( जबकि कानून स्पष्ट रूप से दिन और साल का जिक्र है कि कब से कब तक भारत आए लोगों को ही इस कानून का लाभ मिल सकेगा।) ।राहुल गांधी भी आरोप लगाते रहते हैं देश की संपत्ति मुट्ठी भर लोगों के हाथ में , पूरे देश की शासन व्यवस्था में 90 प्रतिशत से अधिक अधिकारी सवर्ण तबके से हैं। सीधा सा सवाल है कि क्या ऐसा पिछले 10 साल में हुआ है? कहने का मतलब यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से खुलकर ऐसी बातें हो रही हैं जिनका कोई आधार नहीं है। कांग्रेस के घोषणापत्र में धन के पुनर्वितरण का सीधा उल्लेख नहीं है, लेकिन वादा किया गया है कि अगर पार्टी सत्ता में आती है, तो नीतियों में उपयुक्त बदलावों के माध्यम से धन और आय की बढ़ती असमानता को कम करने पर ध्यान देगी। घोषणापत्र का पहला अध्याय जिसका शीर्षक समानता है इस चैप्टर में यह बताया गया है कि ओबीसी, एससी और एसटी भारत की आबादी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा हैं, उच्च रैंकिंग वाले व्यवसायों, सेवाओं और सेवाओं में उनका प्रतिनिधित्व अनुपातिक रूप से कम है।मेनिफेस्टो में कहा गया है कि जातियों और उप-जातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की गणना करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना आयोजित करने का वादा करता है।

इसके साथ ही डेटा के आधार पर, हम सकारात्मक कार्रवाई के एजेंडे को मजबूत करेंगें। जहां तक अल्पसंख्यकों का सवाल है, इसमें कहा गया है कि अल्पसंख्यकों का आर्थिक सशक्तिकरण एक आवश्यक कदम है और यह सुनिश्चित करने का वादा किया गया है कि बैंक बिना किसी भेदभाव के अल्पसंख्यकों को संस्थागत ऋण प्रदान करेंगें। कांग्रेस पार्टी सरकार में आने पर यह सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले।दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस मेनिफेस्टो की व्याख्या उसी तरह कर रहे हैं जिस तरह कांग्रेस पार्टी वर्तमान सरकार की नीतियों की कर रहे हैं। कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में जिस तरह अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य , रोजगार आदि में बिना भेदभाव के उचित हिस्सा देने की बात कर रही है वो तो अभी भी मिल रहा है। यूपीएससी की परीक्षा में , क्रिकेट टीम में , बॉलीवुड में कहीं भी अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव नहीं हो रहा है। जिस तरह कांग्रेस वर्तमान सरकार की नीतियों की व्याख्या अपने चश्मे से कर रही है, ठीक उसी तरह भाजपा भी कांग्रेस मेनिफेस्टो को अपने हिसाब से डिफाइन कर रही है।

राहुल ने इस चुनाव अभियान के दौरान अक्सर जाति जनगणना और उसके बाद इकॉनमी मैपिंग की आवश्यकता के बारे में बात की हैं। 9 मार्च को, उन्होंने एक ट्वीट किया जिसमें कहा गया कि बिहार में किए गए जाति सर्वेक्षण से पता चला है कि 88त्न गरीब दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों से आते हैं, उन्होंने कहा- बिहार से जो आंकड़े आए हैं, वे सिर्फ एक छोटी सी झलक हैं। देश की असली तस्वीर। देश की गरीब आबादी किन हालातों में जी रही है, इसका हमें अंदाज़ा ही नहीं है। इसलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं - जाति गणना, इकनॉमिक मैपिंग, जिसके आधार पर हम आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को उखाड़ फेंकेंगे।इस ट्वीट करने के आसपास ही अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, राहुल ने कांग्रेस के सत्ता में आने पर जाति जनगणना के बाद वित्तीय और आर्थिक सर्वेक्षण कराने का वादा किया। 12 मार्च को महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल नंदुरबार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जाति जनगणना और आर्थिक और वित्तीय सर्वेक्षण ये क्रांतिकारी कदम हैं।

कांग्रेस इन्हें अपने घोषणापत्र में शामिल करेगी।6 अप्रैल को हैदराबाद में कांग्रेस का घोषणापत्र जारी करते हुए राहुल ने कहा कि जाति जनगणना से पिछड़े वर्गों, दलितों, आदिवासियों और सामान्य जातियों के गरीबों के साथ-साथ अल्पसंख्यकों को भी पता चल जाएगा कि इस देश में उनकी हिस्सेदारी कितनी है। उनकी भागीदारी कितनी है। उन्होंने कहा- हम उसके बाद एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण करेंगे। ये पता लगाएंगे कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है, कौन से वर्ग के हाथों में है। और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे ... जो आपका हक बनता है, वो हम आपके लिए आपको देने का काम करेंगे।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

# देश को संदेश देने में नाकाम रही विपक्ष की रांची रैली



**अशोक मधुप,वरिष्ठ पत्रकार**

विपक्षी दलों की रविवार को झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नही दे सकी। हालाकिं इससे बड़ी उम्मीद थी।उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं।इस रैली में वे काँमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ।हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली। झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन %इंडिया% ने %उलगुलान न्याय महारैली% का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गई। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी नीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया।भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचेरैली के दौरान भीड़ ने %जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे% और %झारखंड झुकेगा नहीं% जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। %उलगुलान% शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था।हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यतः अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा।रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमज़ोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए।नेताओं ने कहा कि देश में बेरोज़गारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है.देश में पहले चरण के मतदान के ठीक अगले दिन आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में बीजेपी की हवा निकल गई है।उन्होंने कहा कि वे 400 पार की बात करते हैं लेकिन 180-190 सीटों से आगे नहीं जाने वाले. इसलिए, वोट देना ज़रूरी है।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, ÷पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश में इनकी हालत ख़राब हो गई है और जब यूपी इन्हें हटा सकता है, तो आप क्यों नहीं। यह देश मोदी की नहीं, संविधान की गारंटी चाहता है। जबकि झारखंड में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है.बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, ÷इनके मंच पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं का जमावड़ा हुआ और ये भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करते हैं. यह हास्यास्पद है।प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, ÷इनका दावा था कि रैली में पांच लाख लोग शामिल होंगे लेकिन आए बमुश्किल 10-15 हज़ार लोग। उनमें आपस में मारपीट हुई। ये लोग सिर्फ़ सत्ता में आने के लिए एक मंच पर आए थे। रैली में सिर्फ़ परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की भागीदारी थी. इसलिए इसे सुपर फ़्लॉप कहा जाना चाहिए।

हालांकि उलगुलान न्याय महारैली में लोगों की खासी भागीदारी देखी गई. झारखंड के सुदूर इलाक़ों से लोग बसों, गाड़ियों और ट्रेनों से रांची पहुंचे।ऐसे लोगों को लाने के विशेष इंतज़ाम किए गए थे. रैली स्थल पर लोगों की भीड़ देर शाम तक जमी रही।उलगुलान रैली में शामिल होने आई कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों के बीच झड़प हो गयी। कुर्सियां भी तोड़ी गई।ये मारपीट ,ये हुडदंग कोई अच्छा संदेश नही दे सकें।उलगुलान रैली में शिबू सोरेन, बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए।रैली में शामिल नहीं हुए राहुल गांधी।जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तबीयत अचानक खराब हो गई है। इस वजह से वे रैली में शामिल नहीं हुए।

सात चरणों में पूरे होने वाले लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया।मतदाताओं ने प्रत्याशियों निर्णय इवीएम को सौंप दिया।दूसर चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है।इतना सब होने पर भी विपक्षी 28 दलों का गठबंधन अब तक न कोई अपना कॉमन प्रोग्राम प्रस्तुत कर सका। न नही सभी दलों द्वारा सर्व सम्मत नेता ही चुना गया।दरअस्ल विपक्षी दलों का यह गठबंधन , उन दलों का भी गठबधंन कहां जा सकता है, जो दल भाजपा के साथ नही जा सके। अवसर नही मिला। इस विपक्षी दलों के आई.एन-.डी.आई.ए. गठबंधन को खड़ा करने में बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार का बड़ा योगदान रहा।ये सब उन्ही की मेहनत से खड़ा हुआ। किंतु मौके की तलाश में बैठे नितीश कुमार अवसर मिलते ही इस गठबंधन से किनारा करके बिहार में भाजपा के साथ गठबधंन कर लिया। भाजपा के साथ मिलकर अपनी सरकार बनाली।

इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी ने किया।भाजपा से बात पक्की होने तक वे सपा के अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेताओं के साथ थे। बात पक्की होते ही उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया।28 दलों वाले इस एलायंस में प्रायः वह ही दल हैं जिनकी अपने प्रदेश में सरकार है। प्रदेश में सरकार होने के कारण वह भाजपा से गठबधंन नही कर पा रही।चुनाव का एक चरण बीत गया।दूसारा 26 को है।इसके बाद पांच चरण शेष हैं। लगता है कि ये भी जल्द ही हो जाएगे, विपक्ष के 28 दलों के एलाइंस इंडिया% का मिनिमम कार्यक्रम तै हुअ। ये ब्ठकर कोई ऐसा एजेंडा भी नही बना पाए कि बहुमत में आने पर किस कार्यक्रम पर वे सरकार चलांएगे। दूसरा उनका संयुक्त प्रधानमंत्री कौन होगा?क्या कुछ प्रदेशों की तरह तीन या छहल छह माह में अब प्रधानमंत्री भी बदले जांएगे।जो भी हो विपक्षी गठबंधन इंडिया का जैसे अच्छा नाम मिली था, वैसा कुछ आगे नही हुआ।उसने निराश ही किया। देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 28 दलों के गठबंधन से उम्मीद काफी ज्यादा थीं, किंतु वह एक पर भी खरा नही उतर सका। ये सारे दल अलग ल्अलग विचार और सिद्धांतों के मानने वाले हैं।ऐसे में एकजुट होने के लिए इनका काँमन ऐजेंडा भी होना चाहिए। ऐसा न होने पर इनकी एकजुटता छलावा है।धोखा है। अब तो इनका का उददेश्य केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करना रह गया।आलोचनाएं भी सकारात्मक नही।नकारात्मक।



# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार छात्र की मौत, साथी गंभीर

## बारात से वापस लौटते समय दुअर नदी के पास हुआ हादसा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** बारात से वापस लौट रहा बाइक सवार छात्र की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका सहयोगी साथी गंभीर रूप से घायल हो गया हैं। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए है। जबकि घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहालग के समय में सड़क दुर्घटनाओं की बाढ़ आ गई है। प्रतिदिन घटनाएं घटित हो रही है।मानिकपुर थाना क्षेत्र कियांवां राय करन का पुरवा निवासी आकाश यादव 18 वर्ष पुत्र छेदीलाल यादव कक्षा 10 का छात्र था तथा शादी-ब्याह में वीडियो ग्राफर के साथ काम भी करता था। शादी ब्याह में लाइटिंग का काम करने वाले कुंडा कोतवाली क्षेत्र के ग्यासपुर काली भगत का पुरवा निवासी अपने चचेरे भाई जयसिंह यादव के साथ रिश्तेदार की बारात मानिकपुर नगर पंचायत क्षेत्र के चौकापार पुर से बारात हथिगवां थाना क्षेत्र के बेंती तिगुनाईत का पुरवा मंगलवार को गया हुआ था। बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे दोनों साथी बाइक से अपने घर हौंदेश्वरनाथ- कुंडा मार्ग से जा रहे थे। बाइक आकाश यादव चला रहा था। जैसे ही दुअर नदी पुल के आगे चकिया की तरफ पहुंचे थे। इसी दौरान आगे जा रहा ई-रिक्शा को ओवरटेक कर आगे निकलने के प्रयास में ई-रिक्शा चालक ने साइड से कट मार दिया।

जिससे बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरने से आकाश को हेड इंजरी हो गई। साथी जय सिंह यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल चिकित्सीय व्यवस्था न होने से अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण आकाश यादव की घटना स्थल पर ही सांसे थम गई। दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां आकाश यादव को देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल जयसिंह यादव को इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। जानकारी पर पहुंचे परिजनों का रोने पीटने चिल्लाने से अस्पताल में ही कोहराम मच गया।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है।

## संदिग्ध में परिस्थितियों में युवक की मौत, शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में खुले कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटकाने से मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंचे परिजन शव लेकर जब घर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के गोबरा पूरे रामदास मजरे लरू निवासी आलोक यादव 37 वर्ष पुत्र रामनरेश यादव जीवकोपार्जन के लिए दिल्ली में किराए का कमरा लेकर अपनी पत्नी सुलोचना और बच्चों के साथ रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। ससुराल में शादी का कार्यक्रम होने के कारण पत्नी सुलोचना बेटा आदर्श 12 वर्ष और बेटी जीवा 10 वर्ष के



साथ अपने मायके चली आई थी। आलोक आलोक अपने कमरे पर अकेला रह रहा था। 2 दिन पूर्व दिल्ली से सूचना आई कि आलोक की फांसी लगाने से मौत हो गई है। पिता राम नरेश समेत अन्य परिजन दिल्ली पहुंचे। घटनास्थल पर देखा कि आलोक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। क्योंकि दरवाजा खुला हुआ पाया गया था। हालांकि यह पुलिस के जांच का विषय है। मंगलवार की रात शव के घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार की सुबह गंगा के करेंटी घाट पर अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया। पति की मौत से पत्नी सुलोचना का रो-रोकर बुरा हाल है। क्योंकि अब विधवा पत्नी व दोनों बच्चों की कैसे होगी परवरिश तथा कैसे होगी शिक्षा दीक्षा व शादी व्याह। यही सोच- सोच कर परिजन हैरान व परेशान है।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**खेमीपुर प्रतापगढ़ ।** क्रिसेंट मॉडल स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह काआयोजन किया गया । सत्र 2023-24 में वाद विवाद, जीके क्विज, राइटिंग, स्पीच, राखी मेकिंग, ड्राइंग आदि प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चो को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट ओरेटर सिमरा, बेस्ट डिसिप्लिन दानियाल, परफेक्ट अटेंडेंस जस्सी शर्मा, और बेस्ट आल ओवर परफॉर्मेंस साक्षी को चुना गया और उन्हे सम्मानित किया गया । इस अवसर पर बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम का भी सुंदर प्रस्तुतिकरण किया। वेलकम सॉन्ग, स्कूल चले हम , नेवर गिव अप, छोटी सी आशा, कैट वॉक, देशभक्ति नाट्य आदि कार्यक्रमों ने दर्शकों को बांधे रखा। मां बाप न मिलेगा दोबारा एक्शन सॉन्ग ने लोगो की आंखे नम कर दी। वही फनी इंटरव्यू पर लोगो ने जमकर ठहाके लगाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और तालिया बजाकर बच्चो का हौसला बढ़ाते रहे। इस मौके पर डॉक्टर ईसा नदवी मुख्य अतिथि मुंबई से शामिल हुए थे इसके साथ ही इंजीनियर कामरान अहमद मुंबई , मथुरा प्रसाद धुरिया पत्रकार पत्रकार आनंद शुक्ला, पत्रकार मुन्ना मिश्रा, अब्दुल हासिम पूर्व नगर अध्यक्ष, पंकज सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, पत्रकार कुलदीप, आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।।प्रबंधक मो असद ने उपस्थित सभी खास मेहमानों का मोमेंटोस देकर अभिवादन किया।

# पी डी ने गौशाला और अमृत सरोवर का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबागंज की ग्रामसभा रायगढ़ की गौशाला और अमृत सरोवर की जाँच को बुधवार को पहुंचे परियोजना निदेशक आर सी शर्मा का गौशाला के अंदर दो मृत गायों के शव देख पारा चढ़ गया। जिस पर उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी सुनील सरोज को पशु चिकित्सक से तत्काल पोस्टमार्टम करा कर मृत्यु का स्पष्ट कारण बताते हुए शव को दफन कराने और गौशाला की समुचित साफ सफाई का आदेश दिया।जिससे कि गौशाला के अन्य पशुओं को संक्रमण से बचाया जा सकें।इस दौरान उन्होंने भूसा गोदाम और पेयजल की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।गाँव के पास पूर्व मे निर्मित अमृत सरोवर को गंगा एक्सप्रेस वे के मिट्टी ठेकेदार द्वारा मानक को दर किनार कर कई मीटर गहरा खोदे जाने से नाराज पी डी ने ग्राम विकास अधिकारी को संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने का आदेश दिया।मामले को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि समय समय पर पशु चिकित्सक द्वारा पशुओं की देखभाल टीकाकरण आदि कराया जाता है। गायों का इलाज चल रहा था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई है। पीएम के बाद शव को जल्द ही दफनाया जाएगा।

# खडंजा विछ्वाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के मंडलभासौ गांव में प्रधान अबिनाश यादव खडंजा विछ्वा रहे थे, तभी कुछ ग्रामीणों ने कहा कि इस जगह पर हमारा पुराना कब्जा चला आ रहा है। उधर राजस्वकर्मियों ने यह कहा कि सरकारी जमीन है। इससे दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी होने लगी । मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद राजस्व टीम की मौजूदगी में खडंजा विछ्वा दिया गया । प्रधान अबिनाश यादव की तहरीर पर पुलिस ने मंडलभासौ गांव निवासी सागर व शेखर व प्रखर व शिवम के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने परिषद के कार्यों की किया समीक्षा

## अधिवक्ता परिषद की मजबूती हेतु दिए सुझाव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हरि बोरिकर ने बुधवार को जनपद प्रतापगढ़ में अपने प्रवास के दौरान अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर संगठन के मजबूती पर बल दिया। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन मंत्री ईकाई के कार्यों की समीक्षा करते हुए न्याय प्रवाह पत्रिका के सदस्य अधिक से अधिक बनाए जाने व उसके समुचित वितरण हेतु सुझाव देते हुए न्याय केंद्र को ग्रामीण क्षेत्र में संचालित करके समाज के अंतिम पायदान पर खड़े समाज के शोषित और न्याय से वंचितों की निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने हेतु सुझाव दिया। बैठक के पूर्व ही जिलाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता व महामंत्री मनोज सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।इस दौरान उन्होंने स्वाध्याय मण्डल के माध्यम से युवा अधिवक्ताओं को कानून की जानकारी प्रदान किये जाने की बात कही। इस मौके पर शासकीय अधिवक्ता राघवेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी शिवेश शुक्ल,अतुल सिंह, मृदुल गुप्ता, आशीष,आकाश ,शैलेन्द्र सिंह,दीपू सिंह, विजय कुमार, अभिनव , पंकज चौधरी, शिशिर सहित आदि मौजूद रहे।

# हनुमान जयंती सुंदरकांड का पाठ एवं प्रसाद वितरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के मुख्य चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ के समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान संतोष यादव, उमंग केसरवानी , सोनू सोनकर राजकुमार अमित आदि मौजूद रहे।

## रास्ते के विवाद में दो बालिकाओं को पीटा थाने में दी तहरीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ़** बिहार बाजार क्षेत्र के हबेली बिहार में रास्ते के विवाद को लेकर गुलशन बानो एवं मोनिश के बीच आए दिन कहासुनी होती रहती है । आज दोपहर में जैनब बानो व कुलसूम बानो खडंजे रास्ते से आ रही थी। तभी गांव के कुछ लोग मिलकर लात घूंसो से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल जैनब बानो 10वर्ष पुत्री वसीम व कुलसूम बानो 6 वर्ष पुत्री गुलाबनमी का इलाज प्राइवेट चिकित्सालय बिहार में चल रहा है । गुलशन बानो पत्नी वसीम ने थाने में हबेली निवासी सानू व मोनिश के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है।

# चारू नर्सिंग कॉलेज एंड एजुकेशन में हुआ लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा मेदनी गंज-प्रतापगढ़।** चारू नर्सिंग कॉलेज एवं एजुकेशन भूपियामऊ कैंपस में लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को आयोजित हुआ।

समारोह का उद्घाटन संस्था के प्रबंधक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्रों-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे प्रिंसिपल अजय कुमार सक्सेना, डायरेक्टर छ्रहृ.अतुल कुमार श्रीवास्तव,छ्रहृ.ममता श्रीवास्तव तथा समस्त अध्यापक एवं अध्यापिका सहिस्ता शहनाज, रिहाना बानो, हिमांशी, स्वाती, अस्मिता,सानिया,महिमा, विजय आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहेसांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वन्दना से की गई। इसके बाद भारतीय नारी चिकित्स्य के जागरुकता को दर्शाते हुए नाटक प्रस्तुति ने दशर्कों तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। साथ ही साथ नर्सिंग कॉलेज के बच्चों ने क्लासिकल,राजस्थानी,पंजाबी एवं कश्मीरी डांस का भीशानदार प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिये बच्चों ने अद्मभुत कार्यक्रम प्रस्तुत किए।प्रोफेशनल नर्सिंग की आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक *फ्लोरेंस नाइटिंगेल* प्रथम महिला नर्स को याद करते हुए कई नाटक भी प्रस्तुत किए। इस दौरान वहां मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। समारोह को सफल बनाने के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना भी की। कार्यक्रम में समारोह के अंत में प्रिंसिपल अजय कुमार सक्सेना ने सभी छात्राओं और अभिभावकों को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ के सहभागिता अमित विश्वकर्मा, रजनीश,अब्सार,आलोक सुधांशु वीरेंद्र टंडन जितेंद्र आदित्य आरती विश्वकर्मा,पूजा मिश्रा,अंजुमन, अमृता,संजू आशा,सुष्मिता, वर्षा,रीता,कशिश,श्रुति,स्नेहा सुमिता,कीर्ति,खुशी,सीमा, अमृता, सुचि,वंदना,अंजुमन,पूजा मिश्रा,दीक्षा,पूजा पटेल,सुमन मानसी, बिमला, आराधना,कमल ,शिल्पा भारती, सव्या,सुषमा,आफिया, प्रिंसू यादव,वंदना सिंह, आसना, अमिना,शैनील ने लिया

# घर में घुसकर मारपीट में पांच पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के समापुर खीरी गांव निवासी राकेश वर्मा पुत्र स्व. श्रीनाथ वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर बीस अप्रैल को दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव के मोनू वर्मा पुत्र देवराज वर्मा, सोनू वर्मा पुत्र करमराज, वीरेन्द्र वर्मा पुत्र रामराज, देवराज वर्मा पुत्र कालू व धर्मराज ने घर में घुसकर उसे व उसके भाई राजेन्द्र वर्मा तथा पत्नी अर्चना को मारापीटा व घरेलू सामानों में तोडफोड़ किया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# दो अभियुक्ता के कब्जे से 30 लीटर अवैध देसी शराब बरामद

**लालगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने दो अभियुक्ता के कब्जे से 30 लीटर अवैध देसी शराब बरामद किया है।जनपद के थाना लालगंज से उ0नि0 श्री दीपक कुमार यादव मय हमराह उ0नि0प्रशिक्षु प्रशान्त दुबे, आरक्षी दुर्गा प्रसाद यादव, आरक्षी विशाल वर्मा, म0 हे0आरक्षी रजनी सिंह, म0आरक्षी मधु शाक्य, आरक्षी ऋषिराज यादव,आरक्षी चालक विवेक यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र लालगंज के ग्राम रमनी का पुरवा मेढ़वा से,01 - अभियुक्त अमित भारती पुत्र नवाब भारती निवासी ग्राम रमनी का पुरवा मेढ़वा थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 135,2024 धारा 60 आबकारी अधि0 बनाम अमित भारती पुत्र नवाब भारती उपरोक्त के अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा 2- अभियुक्ता हीरावती भारती पत्नी पप्पू भारती निवासी ग्राम रमनी का पुरवा मेढ़वा थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 136,2024 धारा 60 आबकारी अधि0 बनाम हीरावती भारती उपरोक्त के अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## अधिवक्ता संघ ने तहसील कर्मचारियों से अभद्रता की निंदा की



**फूलपुर।** अधिवक्ता संघ फूलपुर ने अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी की उपस्थिति में आपात बैठक कर तहसील के कुछ अधिवक्ताओं द्वारा तहसील कर्मियों तथा कार्यालयों में घुसकर अभद्रता तथा तालाबंदी करने की निंदा करते हुए कहां कि कर्मचारियों से अशोभनीय व्यवहार करना कहा की बुद्धिमन्ता है। वकील समाज का बुद्धिजीवी माना जाता है तो इस प्रकार के आचरण से अराजकता का माहौल पैदा होगा। दबाव बनाकर अधिकारियों से गलत काम करवाना चाह रहे हैं। अधिवक्ता संघ ने यह भी कहा कि कुछ अधिवक्ताओं द्वारा अमर्यादित व अदालती कार्य में बाधा डालने की शिकायत उत्तर प्रदेश राज्य विधि परिषद के अध्यक्ष से की जाएगी। मौके पर उमाकांत अवस्थी, देवेश यादव भोलानाथ यादव अजय तिवारी अभय शंकर मिश्रा मनोज मौर्य महेश गौतम दिलीप आजाद रमेश मिश्रा कोलाही आदि मौजूद रहे।

# चुनाव को लेकर महिला मोर्चा ने भरी हुंकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा महिला मोर्चा फुल फॉर्म में आ चुका है। मोर्चा द्वारा लगातार बैठकों का दौर जारी है और अब खास रणनीतियों के तहत मोर्चा कार्यकत्रियां चुनावी क्षेत्र में उतरने की तैयारी में हैं।

इसी को लेकर बुधवार को सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में महिला मोर्चा द्वारा बैठक आहूत की गई। बैठक में बतौर महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉक्टर कीर्तिका अग्रवाल ने फूलपुर एवं इलाहाबाद लोकसभा सीट पर पार्टी की ओर से घोषित किए गए दोनों प्रत्याशियों प्रवीण पटेल व नीरज त्रिपाठी के लिए जी जान से जुट जाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने मातृ शक्ति को जो सम्मान दिया है वो आज तक किसी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं दिया।

बैठक में फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी प्रवीण पटेल की धर्मपत्नी




गोल्डी पटेल एवं इलाहाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की धर्मपत्नी कविता यादव त्रिपाठी भी मौजूद थीं। बैठक में महिला मोर्चा की महानगर, प्रदेश, क्षेत्र एवं जिले की पदाधिकारी एवं सभी 15 मंडल अध्यक्ष तथा उनकी टीम उपस्थिति थी। बैठक के दौरान विधानसभा स्तर पर जनसंपर्क कर मोदी के विकसित भारत के विजन की जानकारी और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति बनाई गई। महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी चंद्रा अहलूवालिया बैठक का संचालन महामंत्री रीता सिंह ने किया। इस दौरान शशि वाष्णेय, वन्दना सिंह, लक्ष्मी विजय, शिखा रस्तोगी, , अर्चना शुक्ला, सविता मिश्रा, आभा सिंह, प्रेमलता, रीता वर्मा, नीलम त्रिपाठी ,मंडल अध्यक्ष प्रिया कैथवास, स्वरिका भारद्वाज, कंचन लता, विनीत गुप्ता,सीमा श्रीवास्तव, काजल पटेल सोनी लखवानी सरोज रंजन विशाखा मिश्रा , सविता मिश्रा, संगीता पटेल, सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# जर्जर तार और विद्युत पोल बदले जाने से चार दिन आपूर्ति रहेगी बाधित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़( प्रयागराज) ।** विद्युत उपखंड अधिकारी एस के सिंह की विज्ञप्ति के अनुसार 132 केवी विद्युत उपकेंद्र सोरांव निर्गत 33 केवी होलागढ़ पर 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक जर्जर तार व पोल बदला जाना है। ऐसे में चार दिन विद्युत आपूर्ति प्रातः 5 बजे से 12 बजे तक विद्युत बाधित रहेगी। एसडीओ विद्युत ने बताया कि ऐसी दशा में 33 / 11 केवी उपकेंद्र होलागढ़ से पोषित सभी फीडरो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर बढ़ाएं मतदान- जिला निर्वाचन अधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बंधी कार्यो की समयबद्ध तैयारी एवं निर्वाचन को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराने हेतु नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक नोडल अधिकारियों से उनके दायित्वों से सम्बंधित कार्यो के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने मतदान कार्मिकों की नियुक्ति, रैण्डमाइजेशन, डाटा फीडिंग व उनके प्रशिक्षण से सम्बंधित समस्त कार्यो की जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी मतदान कार्मिक के खाता




संख्या व आईएफएससी कोड गलत अंकित हो, तो अपने कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से सुधार करवा लें। जिलाधिकारी ने जनपद में मतदाता जागरूकता हेतु चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रमों के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक से जानकारी प्राप्त करते हुए हाईकोर्ट व डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से समन्वय कर विशेष जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर मतदान से सम्बंधी जानकारी दिए जाने हेतु चुनावी पाठशाला का आयोजन अवश्य कराये जाने व चुनावी पाठशाला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्यवृत्ति को रजिस्टर में अंकित किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विगत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित करते हुए वहां पर वोटर टर्नआउट हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, सभी उपजिलाधिकारीगण सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराने हेतु नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

# शिक्षा के साथ-साथ बौद्धिक गतिविधियां जरूरी- डॉ जेपी



**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में परास्नातक कक्षा के प्रथम व द्वितीय वर्ष से चयनित एक एक स्टूडेंट को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पांडेय ने दीप प्रज्वलित एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। समारोह में पिछली कक्षा के उत्कृष्ट अंक, आचरण व नियमित कक्षा में उपस्थिति के आधार पर एम ए प्रथम वर्ष द्वितीय सेमेस्टर से मंगलिका गोपाल पाण्डेय व एम ए द्वितीय वर्ष चतुर्थ सेमेस्टर से सुषमा चौरसिया को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड प्रदानकर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनमें एक नयी ऊर्जा का संचार होता है. साथ ही आनेवाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है. इस प्रकार के आयोजन से प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और प्रतिभाएं निखर कर सामने आती है। विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार मौर्य ने सभी का स्वागत करते हुए छात्र -छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती।

मेहनत और लगन के दम पर उसे मंजिल मिल जाती है। शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल किसी कंपनी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन हो जाना नहीं है बल्कि एक श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका निभाना उद्देश्य होना चाहिए।

विभागीय शिक्षक सीमा श्रीवास्तव व श्रीनारायण सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर महाविद्यालय के कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 359/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सुशील कुमार सिंह बनाम अश्वनी कुमार सिंह आदि
बनाम
1. अश्वनी कुमार सिंह उम्र 40 साल सुत प्रदुमन बहादुर सिंह कथित निवासी मकान 76 किफायतउल्ला रोड पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ मूल निवासी ग्राम काँधापुर पो0 मच्छेहा पर0 बिहार तह0 कुण्डा जिला प्रतापगढ़ 2. धीरेन्द्र कुमार मिश्र उम्र 60 साल सुत स्व0 कृपाशंकर मिश्र नि0 165 बिवेक नगर पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 3. राजासिंह उम्र 70 साल सुत स्व0 राम भूलन सिंह नि0ग्राम व पोस्ट भुपियामऊ पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 02.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 02.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
प्रकीर्ण वाद सं0 198/022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राजकुमारी आदि बनाम राजेन्द्र प्रताप आदि
बनाम
1. राजेन्द्र प्रताप पाण्डेय आयु 64 वर्ष 2. अखिलेश पाण्डेय आयु 49 वर्ष सुतगण राम प्रताप पाण्डेय 3. रागिनी आयु 57 वर्ष विधवा आसुतोष 4. अनुराग आयु 37 वर्ष 5. विपिन आयु 33 वर्ष सुतगण आसुतोष 6. प्रेमादेवी आयु 66 वर्ष 7. ऊषा देवी आयु 52 वर्ष पुत्री राम प्रताप 8. अवधेश नारायन आयु 69 वर्ष सुत देवी प्रसाद 9. सुरेश नारायन आयु 68 वर्ष सुत बलदेव समस्त नि0गण ग्राम कमास प0 व त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 31.07.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 31.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 2323/2021
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती आशा त्रिपाठी बनाम विनय कुमार
बनाम
विनय कुमार त्रिपाठी सुत स्व0 सतीशचन्द्र तिवारी निवासी ग्राम तिवारीपुर कला पोस्ट साल्हीपुर (कन्धई मधुपुर) पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.07.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-04 - 2024 -25 |
| कार्य का नाम | रिप्लेसमेंट ऑफ डिफेक्टिव सिग्नलिंग केबल्स ओवर लखनऊ डिविज़न ऑफ़ नॉर्थेर्न रेलवे |
| अनुमानित लागत | रू 11796138.94 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू 209000.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 16/05/2024 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | "http://www.ireps.gov.in" वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।
निविदा सू सं0: 106–सिग–टेंडर–04–2024–25 दिनांक: 23.04.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
1217/24

# नोटिस देने के बाद भी बेखौफ चल रहे बिना मान्यता के स्कूल

## फर्जी स्कूलों के संचालन पर नकेल कसने में विफल रहा शिक्षा महकमा



**बलरामपुर।** बिना मान्यता के अवैधानिक तरीके से चल रहे स्कूलों को बंद करने का नोटिस देने के बाद भी बेखौफ संचालित हो रहे हैं इन स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई न होने से अभिभावक गुमराह होकर बच्चों का नामांकन करा कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने को मजबूर है शिक्षा महकमा कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस देकर कोरम पूरा कर रहा है। सदर शिक्षा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक स्कूलों का खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक ने जांच की थी इनमें सभी विद्यालय बिना मान्यता के कक्षा एक से आठ तक संचालित मिले थे इनमें मुख्य रूप से जुआ थान स्टार पब्लिक स्कूल, मदरसा गुलशन रजा,सहित न्यू आर एल शांति पब्लिक स्कूल जुआथान,आदि शामिल है इसी क्रम में लाल नगर गांव में संचालित एसएसडी पब्लिक स्कूल हरिश्चंद्र पब्लिक स्कूल एम्स कॉन्वेंट स्कूल भगवतीगंज आदि शामिल है स्कूलों पर सिर्फ शिक्षा अधिकारी कोरमपुर करते हुए कागजों में स्कूल बंद कर कर पीठ थपथपा रहे हैं हकीकत यह है कि सभी स्कूल बिना मान्यता के धड़दने से संचालित होकर अभिभावकों को गुमराह करते हुए बच्चों के सुनहरे भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं अब सवाल यह उठता है कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे यदि दूसरे स्कूल में जाते हैं तो इनका स्थानांतरण प्रमाण पत्र कैसे जारी होगा बिना स्थानांतरण प्रमाण पत्र के दूसरे स्कूलों में बच्चों का दाखिला संभव नहीं है कितना ही नहीं यू डाइस पर परमानेंट एजुकेशन नंबर दर्ज न होने पर इन बच्चों का दाखिला अगले कक्षाओं में आसान नहीं होगा इतना सब होने के बाद भी शिक्षा अधिकारी की मेहरबानी इन स्कूलों के लिए अभयदान से कम नहीं है भविष्य में इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अभिलेखों के संबंध में काफी परेशानियां उठानी पड़ सकती हैं।जुआ थान पर फर्जी स्कूलों की भरमार है स्कूलों को नोटिस दी गई है साथ ही साथ न्यू आर एल शांति पब्लिक स्कूल बिना मान्यता के किराए के भवन में अप्रशिक्षित शिक्षक एवं मानक विहीन संसाधनों के बीच चलाया जा रहा है इन स्कूलों पर शिक्षा महकमां ने कड़ी कार्रवाई नहीं की तो बच्चों का भविष्य बर्बाद होना तय है इसी क्रम में कोडरी घाट के पास लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल संचालित है जिसकी मान्यता एक भी कक्षा की न होने की चर्चा है । विभाग के खंड शिक्षाअधिकारी रोजाना किसी स्कूल के सामने से गुजरते हैं लेकिन बिना मान्यता के इस स्कूल पर कार्रवाई करना तो दूर जांच करना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। बिना मान्यता के इस विद्यालय के संचालन से आसपास के परिषदीय विद्यालय के बच्चे लोग लुभावन बैनर पोस्टर पंपलेट देखकर बिना मान्यता के विद्यालय में दाखिला ले रहे हैं।

### जिम्मेदार के बोल

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी की माने तो बिना मान्यता के अथवा मानक की शर्त पूरा न करने वाले विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा ।खंड शिक्षा अधिकारियों को ऐसे स्कूलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है ।बिना मान्यता के स्कूलों को किसी भी सूरत में संचालित होने नहीं दिया जाएगा। भगवतीगंज में संचालित एम्स कान्वेंट स्कूल के मान्यता की जांच कराई जाएगी बिना मान्यता के संचालित होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**सुल्तानपुर।** एक युवक को उसकी मौत उसके घर तक घेर कर ले आई। दरअस्ल लुधियाना से तीन दिन पूर्व घर आया युवक सुसराल गया हुआ था। वहां से लौटने पर पैदल सड़क पार कर रहा था कि अचानक अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। वो दस फीट दूर जाकर गिरा और सिर में चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार धनपतगंज थाना क्षेत्र के पूरे मंशा तिवारी का पुरवा पीपर गांव निवासी कन्हैयालाल (32) पुत्र नन्हेलाल सोनी लुधियाना में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि वह तीन दिन पहले ही लुधियाना से घर लौटकर आया था। कन्हैयालाल मंगलवार शाम को गोसाईगंज थानाक्षेत्र के भरतीपुर गांव में अपनी ससुराल गया हुआ था। वहां से लौटने पर वह अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते कूरेभार की तरफ पैदल जा रहा था। अभी वह थानाक्षेत्र के बम्हरौली मोड़ पर ढाबे के सामने पहुंचा था कि अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर 10 फीट दूर जा गिरा। उसके सिर पर दाहिने तरफगंभीर चोट लग गई। इस कारण उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज अमित सिंह ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# एलबीएस व एमएलके के बीच आयोजित हुई व्याख्यान प्रतियोगिता



**बलरामपुर।** बुधवार को एम एल के पी जी कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में महाविद्यालय व एल बी एस पी जी कॉलेज के कई विभागों के मध्य व्याख्यान प्रतियोगिता हुआ। इसके द्वारा आपस मे विद्वत व्याख्यान के साथ साथ रिसर्च को बढ़ावा देने पर दोनों महाविद्यालय जोर देंगें।बुधवार को महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता,संयुक्त सचिव बी के सिंह व प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय की उपस्थिति में एल बीएस पी जी कॉलेज व एम एल के महाविद्यालय के भौतिकी विज्ञान, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान,हिन्दी, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, बीबीए व बीसीए विभागों के मध्य एम ओ यू पर हस्ताक्षर किया गया। इसके अंतर्गत दोनों महाविद्यालय की प्रयोगशाला का प्रयोग एक दूसरे के विद्यार्थियों के लिए, विशेष व्याख्यान का आयोजन व रिसर्च आदि को बढ़ावा देने पर बल दिया जायेगा। इस अवसर पर एल बी एस गोण्डा के प्रो0 जितेन्द्र सिंह, प्रो0 शैलेंद्रनाथ मिश्र एवं प्रो0 राम समुझ सिंह तथा एम एल के महाविद्यालय से प्रो0 ए के द्विवेदी,प्रो0 पी के सिंह,प्रो0 पी सी गिरी,डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ल, डॉ सुनील मिश्र,डॉ रमेश शुक्ल, डॉ ओ पी सिंह, डॉ अभिषेक सिंह,डॉ राहुल विशेन व शिवानंद पाण्डेय सहित कई प्राध्यापक मौजूद रहे।

# हमलावरों ने अनुसूचित महिला व उसके पति पर किया जानलेवा हमला

## महिला के गले से चेन खींचकर पति को किया लहूलुहान



**बलरामपुर।** दबंगों ने सरेआम अनुसूचित जाति की महिला एवं उसके पति को आइसक्रीम की दुकान पर जानलेवा हमला करके लहूलुहान कर दिया। हमलावर चार पहिया वाहन लेकर हमला करते हुए महिला के गले से सोने की चेन छीन लिया जिसका पति द्वारा विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला बोलकर फरार हो गए।

# जिला कराटे संघ के तत्वाधान में बछरावां स्थित शिवानी डिफेंस एकेडमी में कराटे कलर बेल्ट टेस्ट संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बछरावां रायबरेली।** जिला कराटे संघ के तत्वाधान में मंगलवार को शिवानी डिफेंस एकेडमी बछरावां में कराटे कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एकेडमी के 30 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें 21 बच्चों को सफलता प्राप्त हुई। अपने-अपने बेल्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में ईशानी, दिव्यांशी, शनाया, अमीश, शुभम, मोहम्मद हुसैन, वैष्णवी, और निखिल रहे। जबकि अन्य बच्चे जिनको सफलता मिली उनके नाम अथर्व, आंचल, अनुभव, अरनव, अंशिका, अनायरा, ऑचल, विराट, अंजलि साहू, अर्जित रहे। बेल्ट टेस्ट नेशनल कराटे कोच राहुल कुमार पटेल के द्वारा लिया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के किक ब्लॉक्स पंच और सेल्फ डिफेंस के बारे में बच्चों से पूछे गए और उसका प्रेक्टिकल भी करके दिखाया गया। बेल्ट टेस्ट की समाप्ति पर कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने अपनी शुभकामनाएं और स्नेह प्रदान करते हुए बताया कि एक खिलाड़ी के अंदर चुस्ती फुर्ती निगाहों की तेजी और नए-



नए टेक्निक्स को जानना बहुत ही जरूरी होता है अगर खिलाड़ी अपने आप को अपडेट नहीं करेगा तो उसे सफलता प्राप्त करने में मुश्किल होगी और खिलाड़ी सफल तभी हो सकता है जब अपने कोच के दिशा निर्देशन में नियमित रूप से स्मार्ट तरीके से प्रेक्टिस करें। एकेडमी के कोच शिवानी साहू ने बताया कि हमारे यहां बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से सुबह और शाम मार्शल आर्ट कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है जरूरत पड़ने पर हम बाहर से कोच बुलाकर भी उनकी ट्रेनिंग कराते हैं ताकि उनके अंदर से डर निकले और दूसरे कोच का अनुभव भी उन्हें प्राप्त हो सके। हमारा उद्देश्य बच्चों को खेल की भावना से जोड़ना तथा उनका चौमुखी विकास करना है ताकि भविष्य में बच्चे खेल कोच या खिलाड़ी के रूप में भी अपने करियर का चुनाव कर सकें।

# सर्वोदय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर देसी शराब का ठेका खुलने से शुरू हुआ आए दिन मारपीट और दुर्घटनाओं का माहौल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सर्वोदय नगर रेलवे क्रॉसिंग के ओवर ब्रिज के नीचे देसी शराब का ठेका खुलने से मारपीट एवं दुर्घटनाओं का दौर शुरू हो गया है। यह तो अभी शुरुआत है बुधवार को एक व्यक्ति की ट्रेन से कटने से मृत्यु हो गई बताया जाता है कि वह शराब पीकर रेलवे लाइन पर लेटा हुआ था। बताया जाता है कि अप्रैल के पूर्व यह ठेका दूसरे स्थान पर था जिसे अप्रैल में इस स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। खुले शराब ठेके को लेकर आसपास के लोगों में भी नाराजगी है। इसी क्रॉसिंग के बगल से मधुबन के लिए एक सड़क जाती है जिससे हजारों लोग प्रतिदिन गुजरते हैं जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहते हैं। यह रास्ता सर्वोदय नगर से मुख्य मार्केट जाने का भी एकमात्र रास्ता है। स्कूली छात्र-छात्राएं कोचिंग के लिये इसी रास्ते का उपयोग करती हैं। मोहल्ले वासियों को यह भी भय है कि शराबी शराब पीकर कुछ भी दुर्भावना पूर्ण कार्य कर सकते हैं। दबी जुबान में लोग बताते हैं कि अगर यह शराब का ठेका यहां से हट जाए तो काफी अच्छा हो जाएगा क्योंकि सर्वोदय नगर मोहल्ला ठीक सामने बसा हुआ है। इस रास्ते से हजारों लोगों का आना-जाना है ऐसे में सुरक्षा के दृष्टिकोण खुला या शराब का ठेका बेहद ही घातक हो सकता है। शराबी शराब के नशे में चूर होकर खुलेआम मारपीट करते हैं मिल एरिया पुलिस के लिए यह ठेका किसी न किसी दिन चिंता का सबक जरूर बन जाएगा।

# सेवानिवृत्ति शिक्षक अपने अनुभव का विद्यालय में कर सकते हैं प्रयोग: बीएसए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अभी हाल ही में बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्ति हुए अमावां ब्लॉक के शिक्षकों का सम्मान बुधवार को ब्लॉक सभागार में किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की तरफ से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसए शिवेन्द्र प्रताप सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि बीईओ बृजलाल और प्रदेश संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति शिक्षक रामनरेश पाल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। दोनों की कार्यक्रम पूर्व माध्यमिक विद्यालय मंचितपुर की छात्राओं ने किया।ब्लॉक सभागार में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक वर्ष 2023 के जागेश्वर, मीना श्रीवास्तव, वर्ष 2024 की कृष्णा पाण्डेय, शशि सिंह, शफीकुर्रहमान उर्फ गुड्डु मास्टर, मो. मतीन खान, सत्य प्रकाश, नर्जिस फातिमा, मो. खालिक, सैय्यद मो. शाहाब हाशमी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बीएसए शिवेन्द्र प्रताप सिंह



ने कहा कि आप लोगों ने बेहतर काम अपने दौर में किया है, तभी आपका नाम हजारों लोगों में हो रहा है। दुनिया में बहुत लोग एक ही नाम के हैं, लेकिन उन सब में आप अलग है। उन्होंने कहा कि आप भले ही सेवानिवृत्त हो गए हैं, लेकिन स्कूल को बढ़ाने में आगे भी बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। बीएसए ने विद्यालयों में अधिक नामांकन पर जोर देते हुए कहा कि सभी शिक्षकों को इस पर बहुत काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब विद्यालयों में बच्चे रहेंगे तभी हम लोगों का नाम होगा। उन्होंने 20 मई को अधिक से अधिक लोगों से मतदान करने की अपील की। इसके साथ ही एकत्रित शिक्षकों को शपथ भी दिलाई। बीईओ बृजलाल ने जूनियर विद्यालय हिलगी के प्रधानाध्यापक गुड्डू मास्टर की तारीफ करते हुए कहा कि उनके बेहतर काम की ही वजह से आज उनका नाम हो रहा है। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि दोनों ही शिक्षकों ने अपने जीवन में बेहतर कार्य किया, जिसका ही नतीजा है आज हम लोग उनके बेहतर कार्यों को याद कर रहे हैं। संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह ने कहा कि शिक्षकों का कार्य सदैव ही याद किया जाएगा। शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता है, हम उम्मीद करते हैं कि ऐसे ही हम लोगों का सहयोग करते रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेन्द्र कुमार ने कहा हमारे गुरुजनों का सेवा के लिए दिया गया सहयोग सदैव ही एफ रहेगा। कार्यक्रम का संचालन रणविजय सिंह गंगापारी और बीनू सिंह ने किया।

इस मौके पर जिला महामंत्री संजय कनौजिया, मधुकर सिंह अनुराग सिंह, राकेश वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, अनूप सिंह, अवनीश सिंह, दिनेश सिंह, आशुतोष मौर्य, राम प्रकाश अवस्थी, रामेश्वर नाथ, राम भरत राजभर, शशि देवी, प्रदीप मौर्य, प्रतिमा सिंह, संगीता सिंह, प्रीति सोनकर, सन्तन, नीरज, माता प्रसाद, निर्मला, धर्मेंद्र राम, मनोज पुष्कर, दयाशंकर तिवारी, सूर्य प्रकाश, अंकित सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चों को इसके सम्बन्ध में स्कूल के शिक्षक बी.एन. त्रिवेदी ने विधिवत जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज व्यवस्था को भारत में स्थानीय स्वशासन का एक विकेन्द्रीकृत रूप माना जाता है। उन्होंने कहा कि इसे ग्रामीण समुदायों को मजबूत बनाने और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए पेश किया गया था। इसके तीन स्तर होते हैं-ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिशद। पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण भारत की स्थानीय स्वशासन प्रणाली है। जिस प्रकार नगरपालिकाओं और उपनगरपालिकाओं के द्वारा शहरी क्षेत्रों



का स्वशासन चलता है, उसी प्रकार पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का स्वशासन चलता है। भारत में प्राचीन काल से ही यह व्यवस्था अस्तित्व में रही है। स्कूल की छात्राओं में से अनुश्री द्वारा पंचायती राज व्यवस्था पर व्यक्त किये गये विचार एवं गौरी तथा कात्यायनी की आपसी संवाद योजना सराहनीय रही। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने भी इस व्यवस्था के सम्बन्ध में बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि आधुनिक भारत में प्रथम बार तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा 02 अक्टूबर 1959 को पंचायती राज व्यवस्था लागू की गयी और इसे संवैधानिक मान्यता भी प्राप्त हो गयी। उन्होंने सरल से सरल छोटे-छोटे उदाहरण देते हुए इस व्यवस्था को समझाने का स्तुत्य प्रयास किया। वास्तव में यह एक त्रिस्तरीय ढ़ाँचे की स्थापना है। पंचायती राज में महिला भागीदारी, महिला सशक्तिकरण के प्रति महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# डीईओ ने मैराथन दौड़ में प्रतिभाग करने वाले लोगों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

## सीडीओ ने मैराथन दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर मतादाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मोती लाल नहेरू स्टेडियम में प्रातः 07 बजे मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकों मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जिसमें जनपद में प्रशासनिक अधिकरियो के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में एनसीसी स्काउड, बेसिकध्माध्यमिक शिक्षा विभाग, पुलिस कर्मियों सहित समान्ति नागरिकों द्वारा हिस्सा लिया गया। मैराथन दौड़ में लगभग 3000 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मैराथन दौड़



मोती लाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से पुलिस चौराहा, अस्पताल चौराहा, सुपर मार्केट घण्टाघर एवं कोतवाली होते हुए राजकीय इण्टर कालेज में समाप्त हुई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हार्षिता माथुर ने राजकीय इण्टर कालेज में मैराथ दौड़ में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

# कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ की मासिक बैठक आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ की मासिक बैठक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अम्बरीष बाजपेयी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आयोजित की गयी।कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि ''हाथ बदलेगा हालात'' पर चर्चा करते हुए विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अम्बरीष बाजपेयी ने कहा कि अधिवक्ता साथियों का भरोसा कांग्रेस की गारंटी पर है, राहुल गांधी जी ने जो पांच गारंटी दी है, वह देष की तस्वीर बदलने की क्षमता रखती है। जिला उपाध्यक्ष



एवं फ्रन्टल प्रभारी विजयषंकर अग्निहोत्री ने कहा कि समाज में अधिवक्ताओं का बड़ा महत्व है, अगर अधिवक्ता साथी कांग्रेस की गारंटी को जनता तक ले जाते है तो निष्चित रूप से जनता का विष्वास कांग्रेस की गारंटी पर बढ़ेगा, जिसका सीधा लाभ लोकसभा चुनाव में दिखेगा।प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस के न्याय घोषणा पत्र से भाजपा बौखलाई है, जिसका परिणाम है कि देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जनता के सामने मन घड़ंत झूठ परोस रहे है। लेकिन देष की जनता ने इस बार मन बना लिया है कि भाजपा को सत्ता से बाहर करके ही दम लेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र शुक्ला, अजय कुमार शर्मा, श्रीमती अलका सिंह राजपूत, ओम कुमार सिंह, रामषंकर वर्मा, इलियास हुसैन, योगेन्द्र कुमार मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, संतोष शुक्ला, मो.मसरूर सज्जाद, सुरेन्द्र तिवारी, मोहित सावंत, कुलदीप चौधरी, प्रदीप चौधरी, बद्री चौरसिया, प्रमोद चौधरी, दुर्गेष द्विवेदी, हिमांषू वषिष्ठ, मुरारी लाल वर्मा, पुलक दीक्षित, अजयकांत रावत, विवेक शर्मा, मधुरेन्द्र वैष्य, बी.के.शर्मा, तैयबा बानो, अमित किषोर वर्मा, विमल कुमार, रामफेर यादव, घनष्याम शुक्ला, तीर्थनाथ मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# विहिप प्रखंड अध्यक्ष का बेटा उतरेटिया लखनऊ स्टेशन पर घायल अवस्था मे बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** विहिप प्रखंड अध्यक्ष के बेटे को रिस्तेदारो ने बुधवार को उतरेटिया लखनऊ स्टेशन पर घायल अवस्था मे बरामद कर लिया है।निजी क्लिनिक में इलाज के बाद युवक की बरामदगी की सूचना पुलिस को दी गई है।

कोतवाली अंतर्गत सलोन देहात निवासी विहिप प्रखंड अध्यक्ष संजय तिवारी का 18 वर्षीय पुत्र निखिल तिवारी शनिवार दोपहर बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था।बेटे के गायब होने के बाद हिन्दू नेता ने कस्बे के ही राइस चिकवा समेत 6 लोगो के विरुद्ध पुरानी रंजिस और धमकी देने का आरोप लगाकर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था।इधर स्थानीय पुलिस के साथ एसओजी की टीम भी लापता लड़के का सुराग लगा पाने में नाकाम साबित हो रही थी।

जिसके बाद पुलिस लखनऊ से बैरंग लौट आई थी।वही परिजनों के साथ साथ रिस्तेदारो द्वारा लगातार लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर युवक की खोजबीन के रातदिन लगे रहे।बुधवार को सूचना मिली कि उतरेटिया लखनऊ स्टेशन के समीप एक लड़का घायल अवस्था मे देखा गया है।उसके अंगूठे में चोट के घाव है।विहिप नेता ने बताया कि उनका बेटा मिल गया है।हल्के चोट के निशान है।लखनऊ में बेटे की लोकेशन मिलने के बाद लगातार परिवार और रिस्तेदार बेटे की खोजबीन में लगे रहे। उपनिरीक्षक कामता प्रसाद केशरवानी का कहना है लापता लड़का शाकुसल बरामद हो गया है।युवक डरा हुआ है इसलिए कुछ बोल नही पा रहा है।लखनऊ से निखिल को लेकर निकल चुके है।

# सहकारिता मंत्रालय से किसानों को मिल रही है कई प्रकार की सुविधाएं:विवेक विक्रम सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** देश में पहली बार सहकारिता मंत्रालय से कई प्रकार की सुविधाएं किसानों को मिल रही हैं। जिसमें 42 तरह के कार्य समितियां काम कर सकती हैं।उक्त वक्तव्य जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने किसानों से संवाद के दौरान कही है। बुधवार को सलोन ब्लॉक के खैरानी पहाड़गढ़, पारी, उमरी में प्रगतिशील किसानों को सहकारिता से जोड़ने के लिए जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने



किसानों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि समितियों के किसान सिर्फ तीन प्रतिशत ब्याज पर ऋण ले सकते हैं जो राष्ट्रीयकृत बैंकों से काफी कम है।

इसमें सरकारी अनुदान रहता है। समितियां अब गैस एजेंसी, आटा चक्की, दाल मिल, फ्लोरमिल, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, डेयरी जैसे कई कार्य कर सकती हैं। जिससे किसान लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सहकारिता से जुड़ने का आग्रह किया है।

# अर्धनिर्मित बारात घर मे मिला युवक का षव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** सूची चौकी क्षेत्र के बघौला गांव में बने अर्धनिर्मित बारात घर मे बीस वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता पाया गया है।घटना कि जानकारी परिजनों को होते ही हड़कम्प मच गया।ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।पुलिस घटना को आत्महत्या बताकर जांच में उलझी हुई है।कोतवाली अंतर्गत सूची चौकी क्षेत्र के बघौला निवासी गोविंद(20)पुत्र श्यामलाल की बुधवार तड़के घर के सामने बन रहे पानी की टँकी के पीछे अर्धनिर्मित बारातघर में पीलर से रस्सी के सहारे शव लटकता पाया गया है।सुबह लगभग पांच बजे ग्रामीण शौच के लिए निकले तो युवक के शव को फंदे पर लटकता देख हड़कम्प मच गया।स्थानीय लोगो ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी।इसके बाद पुलिस को बुलाया गया।पुलिस जांच पड़ताल में हत्या आत्माहत्या को लेकर उलझी हुई थी।बघौला प्रधान प्रतिनिधि के भाई अरविंद ने बताया कि 18 अप्रैल को मृतक की बहन प्रेमकुमारी की बरात गोसाई का पुरवा से आई थी।मृतक ने हंसीखुशी बहन की शादी की थी।बीती रात गांव में एक शादी समारोह में गोविंद मेहमानों के स्वागत सत्कार में था।लगभग ढाई से तीन बजे तक युवक को कार्यक्रम में देखा गया।

इसके बाद सुबह उसकी फंदे से लटकती लाश पाई गई है।वही दबी जुबान में ग्रामीण युवक की हत्या किए जाने की बात कर रहे थे।वही मृतक के भाई हरिकेश ने बताया की उसके भाई की किन परिस्थितियों में मौत हुई समझ से परे है।पुलिस पूरे प्रकरण की जांच निष्पक्षता से करे।वही चौकी प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि युवक ने आत्महत्या की है।उसने ऐसा कदम क्यो उठाया इसकी जांच प्रचलित है।फैमली बैगग्राउंड में कलह नही है।कही ना कहीं मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है।उसके मोबाइल की कॉल हिस्ट्री चेक की जा रही है।पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# 'मुद्दे से निपटने से नहीं कतरा रहे, पर दायरा बढ़ाने की इजाजत नहीं देंगे'

## आवारा कुत्तों के मामले पर कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के संबंध में नागरिक निकायों द्वारा पारित आदेशों से संबंधित मुद्दों के निपटारे को लेकर सुनवाई हुई। सुनवाई दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि इन मुद्दों के निपटारे में संकोच नहीं किया जा रहा है लेकिन, इस बात की अनुमति नहीं दी जाएगी कि विचाराधीन मामले का दायरा बढ़ाया जाए। अदालत ने कहा कि पक्षकारों को पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 का अध्ययन करना चाहिए क्योंकि इससे कई मुद्दों का समाधान हो सकता है।



### 'मुद्दे के निपटारे में संकोच नहीं लेकिन दायरा नहीं बढ़ाएंगे'

न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और संजय करोल की पीठ ने कहा कि कोर्ट इस मुद्दे के निपटारे में संकोच नहीं कर रही लेकिन इसका दायरा बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पीठ ने कहा कि पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 अब लागू किया जा चुका है और इसके नियमों का अध्ययन किया जाना चाहिए। इस दौरान एक वकील ने कहा कि पीठ द्वारा इन नियमों को पढ़ने के लिए कुछ समय दिया जा सकता है और इसके अध्ययन के बाद हम कोर्ट में वापस जाएंगे। अदालत द्वारा कहा गया है कि नियमों को अच्छी तरह से समझने के बाद ही इस मामले की जड़ तक पहुंचा जा सकता है।

### 'पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 के नियमों को पढ़ना जरूरी'

एक अन्य वकील ने कहा है कि पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 के नियमों को लागू करने के लिए पशु कल्याण बोर्ड द्वारा हाल ही में एक एडवाइजरी जारी की गई है। अगर इन्हें ध्यान से पढ़ा जाए, तो 90 प्रतिशत मामलों का निपटारा हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि अगर नियमों के अध्ययन के बाद अधिकतम समस्याओं का समाधान हो रहा है, तो हम कानून के अनुसार समस्याओं से निपट सकते हैं। अगर इसके बाद भी कुछ मामले उठते हैं तो पक्षकार उच्च न्यायालय में जाने के लिए स्वतंत्र हैं। अब कोर्ट में आठ मई को इस मामले में सुनवाई होगी।

### सितंबर 2023 में कोर्ट ने क्या कहा था?

सितंबर 2023 में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह इस मामले में कोई अंतरिम निर्देश नहीं देना चाहेगी। अदालत ने कहा था कि संबंधित कानूनों, नियमों और मुद्दों का अध्ययन करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। इस दौरान एक वकील ने कहा था कि अलग अलग राज्यों की हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में अलग अलग टिप्पणियां की गई हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पशु कल्याण बोर्ड को एक हलफनामा दायर करने को कहा था। हलफनामे में अलग अलग राज्यों में बीते कुछ वर्षों के दौरान आवारा कुत्तों के काटने का डेटा संलग्न करने के लिए भी कहा गया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि लोगों की सुरक्षा और पशु अधिकारों के बीच एक संतुलन बनाने की आवश्यकता है। दरअसल कुछ संस्थाओं और याचिकाकर्ताओं द्वारा कुछ उच्च न्यायालयों के फैसलों के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया गया था। खासतौर पर बॉम्बे और केरल हाईकोर्ट द्वारा नगरपालिकाओं को आवारा कुत्तों से निपटने के लिए, नियमों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करने की अनुमति दी गई थी।

# 'आतंकी कर रहे सूचना व संचार तकनीकों का दुरुपयोग, मुकाबला करने के लिए सहयोग जारी रखेगा भारत'

**नई दिल्ली।** भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग का मुकाबला करने के लिए सहयोग जारी रखेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को यह भरोसा दिया और कहा कि सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने और विश्वसनीय व समावेशी ढांचा बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है।




सेंट पीटर्सबर्ग में सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम संबोधित करते हुए डोभाल ने समावेशी आर्थिक विकास के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की भारत की नीति के बारे में बताया। डोभाल ने जोर देकर कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों की ओर से सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग का मुकाबला करने के साथ-साथ आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए भी सहयोग जारी रखेगा।

उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में साइबर अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का समझौता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल होगा। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च रैंकिंग अधिकारियों की बारहवीं अंतराष्ट्रीय बैठक में भाग लेने वाले डोभाल ने कहा कि इस तरह के सहयोग के रोडमैप में सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा, तकनीकी समुदाय और नागरिक समाज तक सभी हितधारकों को शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम समझ विकसित करने में मदद के लिए नियमित संस्थागत संवाद स्थापित किया जाना चाहिए।

# चुनावी बॉन्ड मामले में इन 2 संगठनों ने की एसआईटी जांच की मांग, कॉरपोरेट और नेताओं के बीच घपला करने का आरोप

**नई दिल्ली।** चुनावी बॉन्ड योजना पर विवाद अभी खत्म हुआ भी नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दी गई है। इसमें अदालत की निगरानी में विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच की मांग की गई है। शीर्ष अदालत की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई गुमनाम राजनीतिक फंडिंग की चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया था।




सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग (ईसी) के साथ डेटा साझा किया था, जिसने बाद में उन्हें सार्वजनिक कर दिया। एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन द्वारा दायर याचिका में इसे 'घोटाला' करार देते हुए अधिकारियों को शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों के वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

### 'क्विड प्रो क्वो व्यवस्था'

वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर याचिका में अधिकारियों को कंपनियों द्वारा दान किए गए पैसे को 'क्विड प्रो क्वो व्यवस्था' के हिस्से के रूप में वसूलने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि चुनावी बॉन्ड घोटाले में ऐसा प्रतीत होता है कि देश की कुछ प्रमुख जांच एजेंसियां जैसे कि सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग भ्रष्टाचार का सहायक बन गई हैं।

### याचिका में किया गया ये दावा

इसमें दावा किया गया है कि कई कंपनियां जो इन एजेंसियों की जांच के दायरे में थीं, उन्होंने जांच के नतीजों को संभावित रूप से प्रभावित करने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी को बड़ी रकम का दान दिया है। याचिका में कहा गया है कि इस घोटाले की जांच शीर्ष अदालत द्वारा चुने गए और शीर्ष अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में काम करने वाले मौजूदा/सेवानिवृत्त जांच अधिकारियों की एक एसआईटी द्वारा की जानी चाहिए।

याचिका में उन कंपनियों द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 182(1) के कथित उल्लंघन की जांच करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है, जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को उनके गठन के तीन साल के भीतर चंदा दिया और ऐसी कंपनियों पर अधिनियम की धारा 182(4) के तहत जुर्माना लगाया जाए।

# केरल में चुनावी सभा में पहुंचे अमित शाह, बोले- पीएफआई से मदद लेती है कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस

**नई दिल्ली।** अमित शाह ने केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने वाली वेलफेयर पार्टी भी कांग्रेस का समर्थन कर रही है। कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस प्रतिबंधित पीएफआई का समर्थन ले रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी चुप है, जबकि पीएम मोदी देश की रक्षा के लिए निरंतर काम करे हैं।



केरल में एक चुनावी सभा में गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे। उन्होंने इस सभा में कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस पर तीखे वार किए। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी न केवल देश से बल्कि विश्व से ही गायब होती जा रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी के बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भी पतन शुरू हो चुका है। क्योंकि यहां बीजेपी का समय है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग पीएफआई से मदद लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाला समय भाजपा का है, कांग्रेस और कम्युनिस्ट का पतन शुरू हो गया है। गृहमंत्री अमित शाह में चुनावी रैली में कहा यह भी कहा कि आपको सही विकल्प याद रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि भाजपा के सर्वेक्षण के अनुसार पूरा केरल राज्य मोदी के साथ है। क्योंकि इस बार का चुनाव राज्य को हिंसा से मुक्त कराने का चुनाव है।

अमित शाह ने कहा कि इस बार का चुनाव मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का चुनाव है। इस बार का चुनाव भाजपा को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है।

# 'कौन कह रहा कि ऐसा भारत में हो', विरासत टैक्स पर बढ़ते विवाद को लेकर सैम पित्रोदा ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** भारत में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गर्माया हुआ है। जहां मंगलसूत्र और संपत्ति को लेकर वार-पलटवार अभी थमा नहीं था। वहीं, कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा द्वारा अमेरिका के विरासत कर पर दिए बयान पर विवाद गहरा गया है। हालांकि, बढ़ते विवाद को देखते हुए अब इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका बयान व्यक्तिगत था।



पित्रोदा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका में विरासत कर पर मैंने एक व्यक्ति के तौर पर जो कहा उसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में पीएम जो झूठ फैला रहे हैं, उससे ध्यान हटाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का मंगलसूत्र और संपत्ति को लेकर दिया गया बयान वास्तविकता से परे है।'

पित्रोदा ने भाजपा पर पलटवार कहा, 'कौन कह रहा है कि 55 फीसदी छिन लिया जाएगा? किसने कहा कि ऐसा कुछ भारत में होना चाहिए? भाजपा और मीडिया इतनी परेशान क्यों है?'

### क्या मैं सही तथ्यों का हवाला नहीं दे सकता?

उन्होंने आगे कहा, 'मैंने अनेरिका में एक टीवी चैनल पर अमेरिकी विरासत कर का एकमात्र उदाहरण दिया था। क्या मैं सही तथ्यों का हवाला नहीं दे सकता हूं? मैंने कहा कि इस तरह के मुद्दों पर लोगों को बात करनी चाहिए। इसका कांग्रेस या किसी भी पार्टी की नीति से कोई लेना देना नहीं है।'

### सैम पित्रोदा ने यह कहा था

दरअसल, सैम पित्रोदा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह अमेरिका के विरासत टैक्स का जिक्र कर रहे हैं। उनका कहना है, 'अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।'

# 'वह एक आम मजदूर का मुख्यमंत्री बनना हजम नहीं कर सकते', शिंदे का आरोप- उद्धव ने की आपत्तिजनक टिप्पणी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और यूबीटी वाली शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। शिंदे ने ठाकरे के आपत्तिजनक बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अगर कोई आम मजदूर सीएम बन जाए तो वे हजम नहीं कर सकते। सीएम एकनाथ शिंदे ने बुलढाणा में एक चुनावी रैली में कहा, 'कल उन्होंने (उद्धव ठाकरे) मेरे लिए अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया। अगर एक किसान का बेटा, एक आम मजदूर मुख्यमंत्री बन जाता है तो आप इसे पसंद नहीं करते। आप इस बात को हजम नहीं कर पा रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर आप देखें तो यह मेरा अपमान नहीं है। यह सभी किसान पुत्रों का अपमान है, यह गरीबों की माताओं-बहनों का अपमान है, जिस समाज से मैं आता हूं उसका अपमान है।' उन्होंने लोगों से लोकसभा चुनाव 2024 में उनकी पार्टी को वोट देने की अपील की।

# मुख्यमंत्री पटनायक ने चुनाव अभियान की शुरुआत की, बीजद का संकल्प- 2036 तक बनाएंगे राज्य को नंबर एक

**हिंजिली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इस बीच, बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी के अभियान की शुरुआत की। साथ ही ओडिशा को साल 2036 तक देश का नंबर एक राज्य बनाने का संकल्प लिया।



पटनायक ने अपने गढ़ हिंजिली से चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा और उन पर राज्य में विकास कार्यों को रोकने का आरोप लगाया। सीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'विकास हमारी पहचान है। हालांकि, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी पार्टियां इसमें बाधा डाल रहे हैं। चाहे वह श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना हो या एकामरा परियोजना या समली परियोजना, विपक्षी दल हर चीज का राजनीतिकरण कर रहे हैं। विपक्ष विकास विरोधी प्रचार में लगा हुआ है। ओडिशा के लोग अपना असली स्वरूप जानते हैं।'

ओडिशा के मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का विरोध करके कोई सफल नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से आने वाले 10 वर्षों को 'ओडिशा का दशक' बनाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने बीजद सरकार की प्रमुख विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया और ओडिशा को 2036 तक देश का नंबर एक राज्य बनाने का संकल्प लिया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि साल 2036 में ओडिशा को अलग राज्य बने हुए 100 साल हो जाएंगे। अतः 2024 से 2034 तक का आने वाला दशक प्रदेश के लिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इस अवधि में प्रदेश को सभी क्षेत्रों में नंबर वन बनने के लिए अपनी नींव मजबूत करनी है। पटनायक ने अपनी सरकार की परिवर्तनकारी पहलों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि करीब 70 लाख महिलाएं राज्य में परिवर्तन का नेतृत्व कर रही हैं।

**किसानों को मिल रहा ब्याज मुफ्त लोन**

पटनायक ने आगे कहा कि किसानों को राज्य में जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन मिल रहा है। इसी तरह मिशन शक्ति के सदस्यों को अबतक 18,000 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त कर्ज मिल चुका है। यह ओडिशा के विकास में एक मील का पत्थर है। महिलाओं को उनका अधिकार देने में बीजद नंबर एक है।

### महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी रहा राज्य

आपदा प्रबंधन सहित कई क्षेत्रों में ओडिशा के अग्रणी होने का दावा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थ राज्य होने के अलावा, ओडिशा को बहुत अधिक निवेश मिला है। उन्होंने कहा कि बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाई) देश में एक अनूठी स्वास्थ्य योजना है।

### युवाओं के लिए होगा सुनहरा अवसर

पटनायक ने कहा कि राज्य आने वाले दिनों में युवाओं के लिए बजट पेश करेगा। उन्होंने कहा कि 2024-34 का दशक युवाओं के लिए सुनहरा अवसर होगा। युवा बजट में औद्योगिक निवेश और कौशल विकास पर जोर दिया जाएगा। 2024-34 का दशक ओडिशा का दशक होगा। पटनायक ने कहा कि 2036 तक ओडिशा दुनिया का नंबर एक राज्य बन जाएगा।

# माधवी लता ने साधा ओवैसी भाइयों पर निशाना, कहा- लोगों के मन में भर रहे जहर

**नई दिल्ली।** हैदराबाद लोकसभा से भाजपा उम्मीदवर माधवी लता इन दिनों अपने बयान को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बुधवार को उन्होंने ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग अपने समुदाय को विनाश की तरफ ले जा रहे हैं। ये लोग जनता के मन में जहर घोलने का काम कर रहे हैं।



माधवी लता बुधंवार को मंदिर में प्रार्थना करने पहुंची। उन्होंने कहा कि दर्द देने वाले समय तो नहीं देखते तो हम जैसे लोग जो उपचार करते हैं, वो सही सयम का इंतजार क्यों करेंगे? माधवी लता ने कहा कि मैं भाग्यलक्ष्मी मंदिर में प्रार्थना करने आई थी। अब उनका आशीर्वाद कमल के पास है, समझिए की कमल जीत गया।

माधवी लता ने ओवैसी पर वार करते हुए कहा कि ये लोग भारत के मुसलमानों के साथ नहीं खड़े हैं। देश के मुसलमान गरीब हैं, उनकी हालात खराब है और ये रोहिंग्या को लेकर आते हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लोग लेकर आते हैं। यहां तक कि उनसे अधिक संख्या में बच्चे पैदा करवाते हैं। और जब पसमांदा मुसलमानों के 4-5 से अधिक बच्चे होते हैं तो क्या उनके खाने-पीने की चिंता करते हैं? उन्होंने यह भी कहा कि क्या ये लोग कभी गरीब मुसलमानों की पढ़ाई, उनकी रोजी-रोटी, उनके खाने की फिक्र करते हैं? उन्होंने यह भी कहा कि भारत के मुसलमानों के पहले से ही गरीब हैं, ऊपरे से ये लोग पड़ोसी देशों से भी मुसलमान लेकर आना चाहते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की देश को लेकर चिंता सही है।

भाजपा उम्मीदवार कहती हैं कि असदुद्दीन ओवैसी हों या अकबरुद्दी ओवैसी, ये लोग अपने समुदाय को विनाश की ओर धकेल रहे है। असदुद्दीन ओवैसी लोगों के मन में जहर भरने का काम कर रहे हैं। वे कांग्रेस के साथ मिलकर कहते हैं कि मुसलमानों को दे देंगे। मुझे बताएं पीएम मोदी की किस योजना में हिंदु-मुस्लिम लिखा है। लेकिन जब ये लोग कहते हैं कि सब कुछ मुसलमानों को दे देंगे तो देश के 120 करोड़ हिंदू कहां जाएंगे? उनका क्या होगा?

# लद्दाख के सांसद जामयांग नामग्याल बोले- इतना काम किया, सबका आशीर्वाद था, फिर भी मेरा टिकट कटा

**नई दिल्ली।** लोकसभा एक भाषण ने लद्दाख के युवा सांसद जामयांग शेरिंग नामग्याल को देश में रातों रात हीरो बना दिया था। भारतीय जनता पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं से लेकर सियासी गलियारों में नामग्याल को भारतीय जनता पार्टी में भविष्य के बड़े चेहरे के तौर पर प्रोजेक्ट किए जाने की बात कही जाने लगी थी। लेकिन 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए जब मंगलवार को टिकट दिया गया तो लद्दाख से नामग्याल का टिकट ही कट गया। टिकट कटने के बाद लद्दाख के सांसद जामयांग नामग्याल ने अमर उजाला डॉट कॉम से विशेष बातचीत करते हुए कहा कि उनका टिकट कटना न सिर्फ उनके लिए लद्दाख में भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के लिए भी झटके जैसा है। वह कहते हैं कि अब आगे का फैसला लद्दाख की जनता करेगी। फिलहाल नामग्याल ने पार्टी के अंदरूनी फीडबैक सिस्टम पर सवालिया निशान लगाया है।

# हुबली हत्याकांड : नेहा को किया जा रहा बदनाम, फर्जी आईडी से पुराने फोटो-वीडियो हो रहे

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच कर्नाटक के हुबली के एक कॉलेज में 23 साल की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या के बाद से पूरे राज्य में हलचल मची हुई है। अब नेहा के पिता और कांग्रेस पार्षद निरंजन हीरेमथ का कहना है कि उनकी बेटी की पुरानी फोटो और वीडियो क्लिप्स को सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है, जिससे लोगों को ध्यान अपराध की गंभीरता से भटक जाए।

नेहा के पिता का निरंजन हीरेमथ का कहना है कि अभी हम अपनी बेटी की मृत्यु के दुख से उबर भी नहीं पाए हैं और ऐसे में कोई नेहा की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर रहा है। कांग्रेस पार्षद ने कहा कि नेहा की मौत के बाद भी उसे बदनाम के लिए उसकी फर्जी आईडी से तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं। नेहा के पिता ने कहा कि हमने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज की है इसके बाद भी इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा।

निरंजन हीरेमथ ने कहा कि कुछ लोग मेरी बेटी की छवि को बदनाम करने में जुटे हैं। मेरी सरकार से दरख्वास्त है कि ऐसे लोगों की जल्द से जल्द पहचान कर सख्त से सख्त सजा दी जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर इस तरह की हरकत उनकी बेटी को बदनाम करने के लिए की जा रही है, जिससे लोगों का ध्यान इस हत्याकांड की गंभीरता से हट जाए।

नेहा के पिता ने सीबीआई से इस मामले की जांच करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया राज्य की पुलिस इस मामले को किसी दूसरे ही रास्ते पर ले जा रही है। इस वजह से हीरेमथ ने जिले के पुलिस कमिश्नर का तबादला करने की भी मांग उठाई है। निरंजन हीरेमथ ने कहा कि उन्होंने नेहा की हत्या के मामले में पुलिस को आठ लोगों के नाम सौंपे हैं, इसके बाद भी पुलिस ने एक पर भी कार्रवाई नहीं की। इसलिए उन्होंने सीबीआई को मामले की जांच सौंपने की मांग की है। निरंजन हीरेमथ ने साइबर पुलिस से अपील की है कि उनकी बेटी की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल होने से रोका जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक साजिश के तहत सोशल मीडिया पर ऐसा काम किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने ने युवाओं, विशेष रूप से युवा लड़कियों को गुप्त उद्देश्यों वाले लोगों पर भरोसा करने के प्रति आगाह किया। कांग्रेस पार्षद ने कहा कि मैंने अपनी बेटी को खोया है इसलिए में युवाओं और खासतौर पर युवा लड़कियों से कहना चाहता हूं कि गुप्त उद्देश्यों वाले लोग पहले आपसे परिवार के सदस्य की तरह व्यवहार करेंगे और इसके बाद आपका इस्तेमाल करेंगे।

# 'बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी क्या रेखा वर्मा की बढ़ाएंगे मुश्किलें, रेखा मारेगी बाजी या बदलेगा धौरहरा का सांसद'

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर-प्रदेश में धौरहरा 29 लोकसभा सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प दिखाई दे रहा है राजनीतिक जानकार बताते हैं कि अभी कुछ समय पहले तक इस सीट पर एकतरफा चुनाव लग रहा था, लेकिन भाजपा से आये वरिष्ठ नेता श्याम किशोर अवस्थी को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपना प्रत्याशी बनाकर धौरहरा लोकसभा सीट का समीकरण बिगाड़ दिया है अब यहां बसपा व भाजपा में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है ऐसा कहा जा रहा है कि यहां मुकाबला 50-50 प्रतिशत का है, अंतिम समय में कोई भी यहां से बाजी मार सकता है आइए जानते हैं यूपी की धौरहरा सीट के सियासी समीकरण




कांग्रेस को धौरहरा ने दिया था पहला सांसद जब धौरहरा लोकसभा अस्तित्व में 2008 में आई थी, यह लोकसभा क्षेत्र खीरी और सीतापुर के क्षेत्र से कुछ भाग को काटकर अस्तित्व में आई। धौरहरा से पहले सांसद कांग्रेस के जितिन प्रसाद 2009 में चुने गये थे, वह जितेंद्र प्रसाद के पुत्र हैं 2014 में यहां से सांसद रेखा वर्मा चुनी गईं। इसके बाद 2019 में भी जनता ने उन पर दुबारा विश्वास जताया था हालांकि विकास के नाम पर रेखा वर्मा ने कोई खास उपलब्धि धौरहरा के खाते में नही करवा पाई है वहीं केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद अब यूपी की हॉट सीट पीलीभीत में भाजपा उम्मीदवार के रुप में अपनी किस्मत अजमाई है।

### भाजपा सांसद के करीबी, अब उनकी खामियां बता रहे

धौरहरा सीट पर बसपा लड़ाई में काफी मजबूत दिख रही है। कभी धौरहरा सांसद रेखा वर्मा के खासमखास रहे श्याम किशोर अवस्थी जो अब बसपा प्रत्याशी हैं वह क्षेत्र में जनता के बीच पहुंच रहे हैं तो लोगों को भाजपा सांसद की खामियां गिना रहे हैं। उन्हें बता रहे हैं कि कैसे वह ब्राह्मणों को अपमानित कर सौतेला व्यवहार करती थीं सांसद निधि का इस्तेमाल ठीक तरह से नहीं किया गया। वह लोगों को समझा रहे हैं कि भाजपा सांसद से आपके क्षेत्र का विकास नहीं पाएगा।

### धौरहरा लोकसभा सीट का चुनावी गणित क्या कहता है?

धौरहरा लोकसभा सीट से भाजपा से आए ब्राह्मण चेहरा श्याम किशोर अवस्थी को बसपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है जिनका मुकाबला बीजेपी प्रत्याशी रेखा अरूण वर्मा से है यहां बसपा के टिकट डिसाइड होने के पहले तक बीजेपी का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, लेकिन जैसे ही बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी का ऐलान हुआ तभी से यहां के समीकरण बदल गये है अब मामला ऐसा है, कि बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी बीजेपी से हैट्रिक लगाने वाली रेखा वर्मा को कड़ी टक्कर देते नजर आ रही हैं राजनीतिक पंडितों की माने तो सर्वे में इस सीट पर बीजेपी को मन मुताबिक फीडबैक नहीं दिख रहा है, यही कारण है कि पूरी ताकत झोंकती नजर आ रही है।

### धौरहरा सीट में 9.04 लाख पुरुष और 7.80 लाख महिलाएं करेंगी वोट

धौरहरा संसदीय सीट पर कुल 16.85 लाख मतदाता वोट करेंगे। यहां भी महिलाओं से ज्यादा पुरुष अपना रहनुमा चुनेंगे। धौरहरा सीट की पांचों विधानसभा सीटों में कुल 9.04 लाख पुरुष मतदाताओं की संख्या है, जबकि 7.80 लाख महिला मतदाता हैं।

### 'जातिगत समीकरण साधने की जुगत में प्रत्याशी'

तेज राजनीति में अन्य गारंटियों की कोई गारंटी हो या ना हो, जातिगत समीकरणों को अपने पक्ष में करना जरूर जीत की गारंटी होता है इसी क्रम में धौरहरा लोकसभा में भी जातियों की जड़ें गहरी हैं राजनीतिक पार्टियां भी चाहे खुले तौर पर ना कहती हों, जातिगत ध्रुवीकरण करना या साधना उनकी प्राथमिकता है।

## सांसद ने एक दर्जन स्थानों पर लगाई चौपाल

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने बीकपुर विधानसभा के सोहावल पूर्वी मंडल में एक दर्जन स्थानों में चौपाल लगाई। मोइयाकपूरपुर, सोखावां, मजनावां, उचितपुर, नवीगंज, परशुरामपुर, लखौरी, धन्नीपुर, मगलसी, चिर्रा, खिरौनी, सोहावल में आयोजित चौपाल के माध्यम से जनता से सम्पर्क व संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचने पर सांसद लल्लू सिंह का स्वागत किया गया।उचितपुर में आयोजित चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा सभी वर्गों को समाहित कर सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का निमार्ण किया गया है। सरकार द्वारा अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया गया है। सर्वांगीण, सर्वसमावेशी विकास की नीतियों से जनता में उत्साह माहौल है। बेहतर परिवाहन की सुविधाओं के साथ ग्रामीणांचलों को शहरों से जोड़ा गया है। जिससे व्यापार के नए अवसर सुलभ हुए हैं।

## संक्षेप

### पूर्व मंत्री ने किया जनसंपर्क

अयोध्याधाम। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में महानगर कमेटी अयोध्या ने आचार्य नरेंद्र देव वार्ड में जनसंपर्क कर गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के लिए जनता से वोट की अपील की,जनसंपर्क से पहले पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम व उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव ने अंबेडकर पार्क में डा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ती पर माल्यार्पण किया, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को खत्म करना चाहती है, भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है, घरेलू चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं, जनता भाजपा के झूठे वादों को जान चुकी है इस लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जनता जिताकर सांसद बनाने का काम करेगी।। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर अमित प्रसाद,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम,उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, आकीब खान,महानगर सचिव वीरेंद्र गौतम,सूर्यभान यादव,पार्षद रामभुवन यादव, जगत नारायण यादव, अर्जुन यादव सोमू, राम अजोर यादव, अम्बेडकर वाहिनी महानगर अध्यक्ष शिव शंकर शिवा, अजय यादव, ऋतुराज सिंह, जे पी यादव, संजीत सिंह, अमन सागर, बृजलाल पासी, इश्तियाक खान , सुरेन्द्र यादव, ओ पी राव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### प्रधानाचार्य ने सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ दिलाई

पूरा बाजार- अयोध्याधाम। पंडित हृदय राम शर्मा पी डी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद अयोध्या विद्यालय प्रांगण में शासन के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने सभी शिक्षकों कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई की वे सड़क सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन करेंगे। तथा दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों को बताएंगे तथा उन्हें भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने कहां कि जितनी भी सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है उनमें से अधिकांश दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा नियमों के पालन न करने के कारण होती है। इसलिए हम सबको सड़क सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट को बंधे रहना चाहिए साथ ही बाहन चलाते समय हमें कभी भी मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क नियमों का पालन कर अपने आपको तथा दूसरों को बचाएं क्योंकि जीवन अमूल्य है ।

### दूसरे की तलाश जारी, डीएम के संस्तुति पर दर्ज हुआ था मुकदमा

मिल्कीपुर अयोध्या। उत्तर प्रदेश पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी छोटू इन्दल के ऊपर पूर्व में भी थाना कोतवाली इनायत नगर में लूट और हत्या करने का प्रयास समेत अन्य कई गंभीर धराओं में मुकदमा दर्ज है। जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद यूपी गैंगस्टर के तहत मुकदमा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली इनायत नगर पुलिस ने यूपी गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित चल रहे छोटू इन्दल पुत्र महावीर राजभर निवासी चितबिसावा रतनपुर थाना महाराजगंज को कोतवाली इनायत नगर के उपनिरीक्षक अमर बहादुर पटेल और कांस्टेबल संदीप सिंह अयोध्या रायबरेली नेशनल हाईवे स्थित पांच नम्बर बीएसएनल टावर तिराहे से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर थाने ले गई। जहां उस पर विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली इनायत नगर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि छोटू इन्दल के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 20/24 धारा 395, 412, 120 बी व मुकदमा अपराध संख्या 22/24 धारा 399, 402, 307, व 3/25, 5/27 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। गैंग के सदस्यों के साथ आर्थिक भौतिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से षड्यंत्र करके डकैती करने जैसे जघन्य अपराध कारित करते रहते है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता में भय एवं आतंक का माहौल व्याप्त है। इनके डर के कारण जनता का कोई भी व्यक्ति गवाही देने का साहस नही कर पाता है।जिलाधिकारी अयोध्या की संस्तुति के बाद मुकदमा अपराध संख्या 184/24 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की पुलिस को तलाश थी, लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हो जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### जनपद की तीन सड़कें कराह रही, सड़क न बनने से लोगों में आक्रोश

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एक तरफ जहां अयोध्या जिले की सड़कों के चौड़ीकरण पुनर्निर्माण के लिए सतत प्रयत्नशील है वहीं दूसरी तरफ विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से जिले की तीन सड़कों भीटी हैदरगंज बेरूगंज मार्ग भरतकुंड भदरसा मार्ग गोसाईगंज दिलासीगंज मार्ग के बदहाल दशा व बढ़ते यातायात से जनपद की तीनों सड़के कराह रही है परंतु उनकी तरफ किसी जनप्रतिनिधि सांसद विधायक या विभागीय अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है इन सड़कों पर मौजूद गड्ढे अवैध गति अवरोधक तथा सड़कों का चौड़ीकरण न किए जाने से क्षेत्रीय नागरिकों में रोष व्याप्त है जनपद के हैदरगंज बाजार से बेरूगंज तथा भीटी को जाने वाला सड़क बरसात के दिनों में टापू बन जाता है हैदरगंज से बेरूगंज कूरेभार होते हुए यह सड़क सुल्तानपुर जिला मुख्यालय को जोड़ता है दूसरी तरफ हैदरगंज भीटी होते हुए यह मार्ग अंबेडकर नगर जिला मुख्यालय को भी जोड़ता है यह मार्ग दो किलोमीटर कटेहरी विधानसभा 12 किलोमीटर गोसाईगंज विधानसभा तथा अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आता है पौराणिक स्थल भरत कुंड से भदरसा नगर पंचायत को जाने वाला मार्ग की चौड़ाई कम होने तथा बीच-बीच में मौजूद गड्ढों से लोग अक्सर गिरकर चोटिल हो जाते हैं यह मार्ग बीकापुर विधानसभा तथा फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है गोसाईगंज दिलासीगंज मार्ग का चौड़ीकरण न किए जाने से व समदा से दिलासीगंज 6 किलोमीटर लंबे मार्ग पर लगभग डेढ़ दर्जन गति अवरोधक से वाहन चालक परेशान हैं विपरीत दिशा से चार पहिया वाहनो के आने से वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का भय बना रहता है ऊपर से इसी सड़क पर मौजूद दो नहर के ऊपर बना जेड के आकार का पुल दुर्घटना को आमंत्रण देता है जबकि विभाग चाहे तो बिना किसी को नुकसान पहुंचाए दोनों नहरों पर बने पुल को सीधा कर सकता है सरयू नदी के किनारे बसा दिलासीगंज बाजार का महत्व विभिन्न स्नान पर्वों पर अधिक बढ़ जाता है जब स्नान करने वालों की तादाद एकाएक बढ़ जाती है बाजार के पूरब तरफ सरयू किनारे शव दाह स्थल पर प्रतिदिन 6-7 शव का दाह संस्कार किया जाता है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच छठवें दिन भी हुआ नामांकन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा चुनाव के तहत बुधवार को नामांकन के छठवें दिन 28_खीरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से परिवर्तन समाज पार्टी से संध्या जयसवाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वही बसपा से अंशय कालरा ने आज पुनः दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 29_धौरहरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दलीय राम नरेश, उप्र रिपब्लिकन पार्टी से भगोती प्रसाद, पीस पार्टी से कासिम अली ने एक-एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वही भाजपा से रेखा वर्मा ने आज पुनः नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।



बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

## युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति₹ के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान

**नोएडा।** वाई एस एस फाउंडेशन एवं स्वीप टीम नोएडा द्वारा मैरीगोल्ड पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह एवं सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता सचिन गुप्ता द्वारा युवाओं को मतदान का महत्व बताया तथा हर एक वोट कीमती है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो का नारा दिया। कार्यक्रम में वाई एस एस फाउंडेशन टीम के साथ स्वीप टीम के मेंबर्स व विद्यालय के अध्यापिका एवं छात्र और छात्राएं उपस्थित रही। विद्यालय के निर्देशक धीरज गुप्ता द्वारा बताया गया कि लोकतंत्र में भागीदारी हेतु 26 अप्रैल को वोट अवश्य डालें।

## ईवीएम एवं वीवीपैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन उपरान्त मशीनों को कृषि उत्पादन मण्डी समिति ले जाकर रेण्डमाईजेशन के अनुसार ईवीएम को बूथवार रखा जाएगा

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने सूचित किया है कि आयोग के निर्देश के अनुपालन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत तृतीय चरण के मतदान 07 मई के दृष्टिगत ई०वी०एम० वी०वी०पैट के द्वितीय रेण्डमाईजेशन की 24 अप्रैल को सम्पन्न किये जाने के उपरान्त मशीनों को कृषि उत्पादन मण्डी समिति जी०टी०रोड एटा ले जाया जायेगा, तत्पश्चात उक्त मशीनों को द्वितीय रेण्डमाईजेशन सूची के अनुसार स्ट्रांगरूम में विधान सभावार, मतदेय स्थलवार रखा जायेगा। इस हेतु 24 अप्रैल को कम्प्यूटराइज्ड द्वितीय रेण्डमाईजेशन के उपरान्त मशीनों को कृषि उत्पादन मण्डी समिति ले जाने के लिए दिनांक-25 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे ई०वी०एम० वी०वी०पैट वेयरहाउस खोला जायेगा। एडीएम ने जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित किया है कि 25 अप्रैल को जिला निर्वाचन कार्यालय एटा पर प्रातः 10:00 बजे ई०वी०एम० वी०वी०पैट वेयरहाउस को खुलवाने एवं द्वितीय रेण्डमाईजेशन सम्बन्धी मशीनों को कृषि उत्पादन मण्डी समिति जी०टी०रोड एटा में चिन्हित किये गये वेयरहाउस, स्ट्रांगरूम में रखवाये जाने तथा मशीनों को द्वितीय रेण्डमाईजेशन सूची के अनुसार स्ट्रांगरूम में विधान सभावार, मतदेय स्थलवार रखे जाने सम्बन्धी समस्त कार्यों को अपनी उपस्थिति में सम्पन्न कराने का कष्ट करें। एडीएम ने सूचित किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोगार्थ ई०वी०एम० वी०वी०पैट की कमीशनिंग सम्बन्धी शेड्यूल की सूचना समस्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराते हुए कमीशनिंग कार्य निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों, उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्धारित SOP के अनुसार कराया जाना है।

## अयोध्या : हलकारा का पुरवा में आरओबी बनाने का काम शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या धाम में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की पहल की गई है। अयोध्या आने वालों को जाम जैसी परेशानी न जूझना न पड़े इसके लिए शहर में दर्जन भर फ्लाईओवर बनाने की योजना है। कई तो रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के पहले बन कर तैयार हो गया है और कई के कार्य प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिक्रमा मार्ग पर विशेष ध्यान दिया है। परिक्रमा मार्ग पर हलकारा का पुरवा में रेलवे क्रासिंग पर पुल बनाने का कार्य तेज कर दिया गया है। हलकारा का पुरवा के पास बन रहे सेतु निगम के पुल को 1.88 अरब की लागत से बनाया जा रहा है। इस फ्लाईओवर को कुछ अलग बनाने की योजना है। परिक्रमा मार्ग पर बन रहे आरओबी को तेजी के साथ बनाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से निर्माण ईकाई लग गई है। रेलवे क्रासिंग संख्या 108 एसी पर चार लेन का रेलवे उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य चल रहा है। लगभग एक अरब 88 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से यह फ्लाईओवर बन रहा है। फ्लाईओवर की लंबाई 974.62 मीटर है। 2023 में ही इसे बनाने के लिए पुनरीक्षित स्वीकृति मिल चुकी है। इसका निर्माण अयोध्या विजन डाक्यूमेंट 2047 की प्राथमिकता में होने के कारण इसका कार्य शुरू कर दिया गया है। हलकारा का पुरवा के क्रासिंग फ्लाईओवर के निर्माण होने से शहर वासियों के साथ ही यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुविधा जन होगा। फ्लाईओवर के बन जाने के बाद यात्रियों का आवागमन सुगम होगा। यहां पर घंटों जाम में लोग फंसे रहते हैं। परिक्रमा मार्ग में आने वाले लाखों रामभक्तों को भी मार्ग पर फ्लाईओवर बन जाने से राहत होगी। हलकारा का पुरवा के फ्लाईओवर के निर्माण का कार्य देख रहे।

## अवध विवि में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड के लिए व्याख्यान का आयोजन

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में बुधवार को प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट के प्रो0 प्रशांत गौतम, विशिष्ट अतिथि हिमांचल प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहायक महाप्रबंधक डॉ0 अनिल कपूर, चंडीगढ़, टूरिज्म एवं होटल मैनजमेंट संस्थान के निदेशक डॉ0 अरुण ठाकुर और विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो0 प्रशांत गौतम ने कहा कि टूरिस्ट आपके बारे में धारणा बनाता है कि आप कैसे होंगे। वह उसको आपके चलने के तरीके, पहनावा और आपके बॉडी लैंग्वेज से समझता है।

## के .सी .कॉन्वेंट हाई स्कूल ब्यावरा का 10 वी का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

लोकमित्र ब्यूरो

**मध्य-प्रदेश।** नगर की जानी-मानी संस्था कै.सी.कान्वेंट हाई स्कूल के संचालक इंदरसिंह लववंशी जी ने बताया कि विद्यालय लगातार 21 वर्षों से संचालित हो रहा है गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी के.सी. कॉन्वेंट हाई स्कूल का 10वी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा 10वी में 17 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया जिसमे 15 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व 2 विद्यार्थियों ने दुत्तीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर विद्यार्थियों के इष्ट मित्र परिवार जन और विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। 10वी मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम दिलीप लववंशी 87% मनमोहन मीणा 79% नीरज सोंधिया 72% मधु वर्मा 69% विशाल जाटव 68% सर्जन लववंशी 67% अभिषेक वर्मा 64% सुमंत लववंशी 62% कामेश्वरी यादव 62% नरेंद्र गुर्जर 61% आरती वर्मा 61% अंजलि लववंशी 58% ,अन्य विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यार्थियों के इष्ट मित्र परिजन शिक्षक शिक्षिका एवं विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। कै.सी कॉन्वेंट हाई स्कूल ब्यावरा के संचालक व विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की संचालक ने बताया कि यहां सब विद्यार्थियों की लगन और शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के उप प्रचार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।




## ट्रैनी इंजीनियर हेतु आईईटी के 43 छात्र-छात्राओं का हुआ प्लेसमेंट

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। विवि के प्लेसमेंट एण्ड साफ्ट स्किल डेवलपमेंट के तहत धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव में 90 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें 43 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट ट्रैनी इंजीनियर के चयनित किया गया। विवि की प्लेसमेंट डायरेक्टर डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव ने बताया कि कंपनी द्वारा छात्रों को चयन इंटरव्यू के माध्यम से किया गया। इसमें इनके कम्यूनिकेशन स्किल के साथ कंपनी की आवश्यकता को देखते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी के 43 छात्र-छात्राओं को चयन ट्रैनी इंजीनियर के लिए किया गया है।

## रिजर्व गाटे से इतर बालू खनन की जन चर्चाएं

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले में क्षेत्रफल की द्रष्टि से सबसे बड़ी व पिछड़े क्षेत्र में शुमार तहसील धौरहरा दो बडी धाधरा व शारदा नदियों से घिरा होने के कारण समस्त तरह की संम्पदाओ से परिपूर्ण है इसीलिए गैर जनपदों से आने वाले ठेकेदारों/बिल्डरों व प्रोप्राइटरो द्वारा सरकारी मुलाजिमो से गठजोड़ कर अपनी संपत्ति को बढ़ाने में सहायक साबित हो रहे हैं और इसमें सहयोगी की भूमिका में सरकारी विभागों में तैनात नुमाइंदे महती रोल आदा करते हैं।



विश्वसनीय सूत्र के मुताबिक धौरहरा तहसील क्षेत्र की लेखपाल सर्किल भूडा मूडी के गाटा संख्या 443 च शारदा नदी की तलहटी पर प्रो0 हरीश चंद्र गुप्ता बहराइच के नाम से बालू खनन करने का पट्टा आवंटन हुआ था। सूत्र के मुताबिक नवम्बर माह से खनन करने की शुरुआत होती है जो कि बरसात के पहले तक चलती है। बताया जाता है कि फर्म द्वारा गाटा संख्या 443 च में खुदाई कार्य किया गया वो एरिया पूरा होने के बाद 500-से 1000 मीटर दूर उपरोक्त फर्म द्वारा खुदाई कार्य आधा दर्जन पोकलैंड मशीनों से दिन रात जारी है।जबकि मानक के अनुसार मात्र छः फिट गहराई तय होने के वावजूद फर्म द्वारा गहरे स्तर पर उपरोक्त गाटे से खुदाई कार्य किया गया था जिसकी शिकायत पर जांच टीम ने मौका ए वारदात का निरीक्षण भी हुआ था। जांच टीम के बाद फर्म द्वारा उपरोक्त गाटे से बने गड्ढे भी भर दिए गये। सूचना के अनुसार फर्म द्वारा रात के अंधेरे में वगैर रायल्टी व ओवरलोड वाहनों को रवाना किया जाता है। जिसके एवज में पिछले दिनों ढखेरवा पुलिस 3 ट्रक व कफारा पुलिस द्वारा 2 ट्रको को ओवरलोड में सीज किए गए थे। ओर तो और बरसात के मौसम को देखते हुए क्षेत्र के जटपुरवा गांव के पास भारी मात्रा में बालू डंप कर महंगे रेट पर बिक्री करने की चर्चाएं भी आम है। बहरहाल फर्म द्वारा वर्तमान समय में किये जा रहे बालू खनन की जानकारी राजस्व विभाग से करनी चाही तो जिम्मेदारो द्वारा फोन नही उठाया गया।

## 1100 दीप जलाकर मनाया हनुमान जन्म उत्सव, हर भक्तों की मन्नतें पूर्ण करते हैं, बाबा सिद्धनाथ

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** सिद्धनाथ मंदिर में ग्रामीणों ने हनुमान जन्म उत्सव पर देर शाम रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। पाठ के समापन पर ग्रामीणों ने 1100 दीप जलाकर दीप उत्सव मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं व बच्चे शामिल रहे।मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिधौना स्थित सिद्धनाथ बाबा की प्राचीन तपोस्थली पर हनुमान जन्म उत्सव पर गांव के शिव दीप तिवारी और प्रवेश मौर्या की अगुवाई में ग्रामीणों ने सुंदरकांड का पाठ कराया। तपोस्थली के बारे में गांव के बुजुर्गों ने बताया कि यह स्थान त्रेता युग कालीन से है। पहले यह स्थान सिद्ध बाबा के नाम से जाना जाता था। इस स्थान की मान्यता है कि जब भगवान रामचंद्र लंका से रावण का वध करके अयोध्या वापस लौट रहे थे तब उन्होंने इसे सिद्ध नाथ बाबा के सिद्ध बना में रुके हुए थे।

# सपा, बसपा, कांग्रेस के लोगों का भ्रष्टाचारी व आपराधिक इतिहास किसी से छुपा नहीं: केशव प्रसाद मौर्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अमांपुर कासगंज में एटा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री राजवीर सिंह के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 में मोदी की हवा थी, 2019 आंधी थी और अब 2024 में तूफान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रोकने के लिए भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए लोगों ने गठबंधन बनाया है। जनता इनके गठबंधन की गांठ खोलने वाली है। देश की जनता ने सपा-बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश, कांग्रेस मुक्त भारत देश का संकल्प लिया है। समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाना है। उन्होंने नारा लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के अन्दर नरेन्द्र मोदी जी का बज



रहा है डंका और सपा, बसपा, कांग्रेस की जल रही लंका। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस के लोगों का भ्रष्टाचारी व आपराधिक इतिहास किसी से छुपा नहीं है। सपा की गुंडागर्दी, अपराध, दंगाई और माफियाराज से मुक्ति के लिए जनता ने भाजपा को 2017 में आशीर्वाद दिया था। जिससे डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश को माफिया, गुण्डों व भ्रष्टाचारियों से मुक्त करके भयमुक्त वातावरण दिया। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा-कांग्रेस सभी एक हो गए थे। गरीब मां-बाप के बेटे, पिछडे वर्ग से आने वाले नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में विपक्ष को बर्दास्त नहीं कर पा रहा है।कहा कि कांग्रेस के काले कारनामे उजागर हो रहे है। सपा बसपा और कांग्रेस के लोग आम आदमी की गाढ़ी कमाई का आधा हिस्सा अपने खाते में जमा करना चाहते है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के कानून का उल्लघंन करते हुए इंडी गठबंधन देश में माता-पिता से विरासत में मिली सम्पत्ति में से आधा हिस्सा हजम करने का मंसूबा पाले हुए है। लेकिन देश के प्रत्येक नागरिक की एक-एक पाई की हिफाजत की गारंटी मोदी की है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सैफई खानदान के लोग आए दिन मुझें गाली देते है क्योकि मैं गरीब परिवार में पैदा हुआ हूं। मुझे विरासत में राजनीति नहीं मिली है। अखिलेश यादव ने विधानसभा में मेरे पिता के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया था। मेरे पास मेरे परिवार और संघ के संस्कार है। इसलिए मैं गाली का जबाब गाली से नहीं दे सकता। मेरे पास जो कुछ भी है वह संघर्ष से अर्जित किया है।

# भाजपा ने देश की जनता, किसानों, नौजवानों से झूठे वादे किए : डिम्पल यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से सांसद डिम्पल यादव आज उन्नाव से इंडिया गठबंधन की समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अन्नू टंडन के नामांकन जुलूस में शामिल हुई। नामांकन जुलूस के बाद डिम्पल यादव ने रामलीला मैदान में जनसभा को सम्बोधित किया और रोड-शो में भाग लिया।

डिम्पल यादव ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता, किसानों, नौजवानों से झूठे वादे किए। भाजपा सरकार नौकरी रोजगार के नाम पर जीरो है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन नौकरियां नहीं दी उल्टे भाजपा सरकार के फैसलों से नौकरियां छिन गयी। बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो गये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में नौकरियों के लिए भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। पेपर लीक कहीं न कहीं भाजपा की सोची समझी साजिश है। पढ़े लिखे युवाओं की मेहनत पर पानी फिर गया। भाजपा नौकरी नहीं देना चाहती है। जानबूझकर पेपर लीक कराये गए। भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अन्याय और अपराध बढ़ा है। सरकार सुरक्षा देने में विफल है। समाजवादी सरकार में महिला सुरक्षा के लिए 1090 वूमेन पावर सेवा शुरू की थी। भाजपा सरकार ने उसे भी बर्बाद कर दिया। भाजपा ने महिलाओं का हक और सम्मान छीन लिया है। डायल-100 सेवा का नाम बदल कर बर्बाद कर दिया। भाजपा ने समाज में नफरत फैलाया। भेदभाव किया। विकास का कोई काम नहीं किया। डिम्पल यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है। आरक्षण हटाना चाहती है। यह लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा किसानों, नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। देश से ऐसी सरकार को हटाना है।

# गठबंधन प्रत्याशी दानिश की जनसभा में हंगामा, इसलिए भिड़े कांग्रेस-आप और सपा कार्यकर्ता, जमकर हुई खींचतान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली की जनसभा में एक बार फिर कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। मंच पर बैठने को लेकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और सपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर खींचतान और धक्कामुक्की हुई। इस दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी मंच पर मौजूद थे।

तरह बिगड़ते हालात को संभाला गया। खींचतान और हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंगलवार की रात नगर पालिका टाउन हॉल में गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली के समर्थन में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह जनसभा को संबोधित करने आए थे।

इस दौरान सांसद संजय सिंह, गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली, सपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। बड़ी संख्या में लोग जनसभा में शामिल होने आए थे। इस दौरान कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर पुनीत भी मंच पर थे। लेकिन कुछ लोगों ने उन्हें कुर्सी से उठा दिया।

अमरोहा के रहने वाले साजिद खान ने कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर पुनीत के साथ की जा रही बदसलूकी पर नाराजगी जताई। तभी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं से उनकी झड़प हो गई। जिसके बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी उनमें शामिल हो गए।

देखते ही देखते जमकर धक्कामुक्की हुई, एक दूसरे को गाली -गलौज और खींचतान की गई। नौबत मारपीट तक पहुंच गई। जमकर हंगामा हुआ। जनसभा में मौजूद लोगों ने हंगामे का वीडियो मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

हैरत की बात यह है कि आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली मंच पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने मारपीट पर उतारू लोगों को समझने का प्रयास नहीं किया। जनसभा के दौरान करीब आधे घंटे तक हंगामा की स्थिति बनी रही। हालांकि जनसभा में मौजूद कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद विवाद शांत हुआ।

स्थिति यह है कि गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली के अधिकांश कार्यक्रमों में हंगामा हो जाता है। इससे पहले समाजवादी पार्टी कार्यालय पर परिचय सम्मेलन में कार्यकर्ता भिड़ गए थे और जमकर हंगामा हुआ था। जबकि अलविदा जुमे के दिन दानिश अली नौगांवा सादात गए थे, यहां भी समाजवादी पार्टी और अन्य मुस्लिम समाज के लोगों ने उनकी गाड़ी का घेराव कर जमकर हंगामा किया था।

सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि अनुमति लेकर आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मारपीट होने की जानकारी नहीं है। अगर कोई तहरीर देता है तो रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

# नगर आयुक्त ने समस्त विभागों को जारी किए कड़े दिशा निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**







**लखनऊ।** जलकल विभाग को प्रत्येक दिन जोनवार निरीक्षण कर समस्त सीवर लाइन के टूटे या खुले मैनहोल को उसी दिन कवर करने के निर्देश दिए तथा तीन दिन में इस आशय का प्रमाण पत्र मांगा गया है कि किसी भी जोन में कोई भी मैनहोल वर्तमान स्थिति में बिना कवर या टूटा फूटा नहीं है, व नियमित रूप से सुपरवाइजर व अवर अभियंता एक रजिस्टर बनवाकर दर्ज करेंगे व यथोचित कार्रवाई करेंगे। भविष्य की किसी भी घटना के लिए कार्यदाई संस्था व विभाग के सुपरवाइजर अवर अभियंता व नगर अभियंता महाप्रबंधक की जिम्मेदारी होगी।

समस्त अभियंत्रण विभाग स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी समस्त सड़कों गलियों का निरीक्षण कर प्रत्येक दिन रिपोर्ट देंगे व रजिस्टर में दर्ज करेंगे, यदि कहीं खुला मैनहोल पाया जाता है तो तत्काल जलकल विभाग उस पर कार्रवाई करेगा।

मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा अगले सात दिनों में समस्त क्षेत्र के मार्ग प्रकाश के खम्बो पर खुले जंक्शन बॉक्स को कवर करने व टेपिंग करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं व प्रतिदिन उनके द्वारा जंक्शन बॉक्स सही करने व अर्थिंग सही करने की भी समीक्षा की जाएगी। मार्ग प्रकाश के खम्बो पर विद्युत करंट के कारण किसी भी दुर्घटना के लिए कार्यदाई संस्था ईईएएल व विभाग के अवर अभियंता, सहायक अभियंता व मुख्य अभियंता भी जिम्मेदार ठहराए जाएंगे।

दिनांक 23.4.2024 की दुर्घटना के तथ्योंपारक जांच कर विभागीय घोर लापरवाही के दृष्टिगत कारदाई संस्था एस.के. कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट किए जाने व संबंधित जलकल विभाग के सुपरवाइजर अच्छे लाल, अवर अभियंता गया प्रसाद सिंह तथा अधिशासी अभियंता मनोज शुक्ला के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्यवाही हेतु शासन को जांच आख्या प्रेषित की जा रही है। भविष्य में किसी विभागीय लापरवाही के कारण कोई दुखद दुर्घटना ना हो इसके लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी निर्धारित कर दी गई है।

इसी क्रम में बुधवार को सभी विभागों को दिए दिशा निर्देशों के उपरांत नगर निगम क्षेत्र में कुल 72 सीवर मैनहोल को ठीक व बदल गया है तथा यह कार्रवाई प्रतिदिन जारी रहेगी।

# एलडीए सभागार में वोटिंग मत प्रतिशत बढाने का हुआ मंथन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर आज एलडीए के सभागार में राजधानी के आला अफसरों की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों को व्यक्त किया। लखनऊ डीएम ने प्रेस कांफ्रेंस में विभिन्न विषयों पर पत्रकारों से सीधे बात करते हुए बताया कि इस बार चुनाव मेंमतदान बढ़ाने के लिए कई प्रकार के निर्णय लिए गए हैं, उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी , 20 मई को मतदान होगा जिसमें लखनऊ लोकसभा ,मोहनलालगंज लोकसभा सामान्य निर्वाचन हैं और 173 विधानसभा उपचुनाव शामिल है।डीएम ने बताया कि उन्होंने आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उनसे मतदान बढ़ाने हेतु सुझाव मांगे व उनकी समस्याओं को भी सुना तथा उन कारकों जिनकी वजह से मतदान कम रहता है उसे दूर कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर ज़ोर दिया।मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर एक उद्देश के तहत लखनऊ ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में आह्वान किया। आगे उन्होने बताया 2019 में लखनऊ लोकसभा में कुल 35 लाख मतदाता थे जिसमें 15 लाख ने अपने मतदान अधिकार का उपयोग नहीं किया था जिसको लेकर 2024 में प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को कमर कस ली है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होने बताया की इलेक्शन कमिशन द्वारा चलाए जा रहे पोर्टल ' voter.eci.gov.in' पर जाकर नागरिक अपना नाम , सीरियल नंबर, बूथ, साथ ही नागरिक बीएलओ, एसडीएम, एवम ईआरओ का नंबर भी प्राप्त कर सकते है और अपनी मतदान पर्ची भी निकल सकते है ।

# नहीं रहे मौलाना अब्दुल अलीम फारूकी, ऐशबाग कब्रिस्तान किये जाएंगे सुपुर्दे खाक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** जमीयत उलमा ए हिन्द के उपाध्यक्ष और जुलूसे मदहे सहाबा के सरपरस्त मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का बुधवार सुबह लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उनके जनाजे की नमाज नदवा में अस्र की नमाज के बाद होगी। इसके बाद ऐशबाग कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

मौलाना अलीम फारूकी के इंतकाल की खबर से उनके चाहने वालों में गम की लहर दौड़ गई और लोग चौधरी गढ़ैया स्थित उनके आवास पर पहुंचना शुरू हो गए। करीब 76 वर्षीय मौलाना काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मौलाना फारूकी अपने पीछे तीन बेटे और बेटी को छोड़ गए हैं।

मौलाना दारूल उलूम देवबंद और नदवा की कार्यकारिणी सदस्य और शौकत अली हाता स्थित मदरसा दारुल मुबल्लिगीन के प्रबंधक हैं। इसके अलावा शिया सुन्नी समझौते के बाद जुलूस ए मदहे सहाबा की अगुवाई कर रहे हैं।

# रीयल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप के ठिकानों पर ईडी का छापा, निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पने का है आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखनऊ।** रीयल एस्टेट का कारोबार करने वाली कंपनी तुलसियानी ग्रुप के ठिकानों पर ईडी ने बुधवार को छापा मारा है। ईडी की टीमें लखनऊ, प्रयागराज, नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में छानबीन कर रही हैं। कंपनी पर बैंक और निवेशकों की करोड़ों रुपये की रकम हड़पने का आरोप है। बीते दिसंबर माह में ईडी ने कंपनी के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। उल्लेखनीय है कि मशहूर फिल्म अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान तुलसियानी ग्रुप की ब्रांड एंबेसडर रह चुकी हैं।

बता दें कि तुलसियानी ग्रुप द्वारा पंजाब नेशनल बैंक की कर्ज की रकम हड़पने और तमाम निवेशकों द्वारा दर्ज कराए गये मुकदमों के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। कंपनी ने कूटरचित दस्तावेज जमाकर पीएनबी से 4.63 करोड़ रुपये कर्ज लिया था। जब बैंक ने कर्ज वसूली के लिए पत्राचार किया तो बिल्डर ने कोई जवाब नहीं दिया। तत्पश्चात बैंक मैनेजर की शिकायत पर तुलसियानी ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं, निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पने के आरोप में लखनऊ पुलिस ने अजय तुलसियानी और अनिल कुमार तुलसियानी को गिरफ्तार किया था। ईडी की प्रारंभिक पड़ताल में निवेशकों और बैंक की 30 करोड़ से अधिक रकम हड़पने की पुष्टि होने के बाद सुबूत जुटाने के लिए बुधवार को छापे मारे गए हैं।

दरअसल तुलसियानी बिल्डर लुभावनी स्कीम के जरिए लोगों को फ्लैट देने का वादा कर रकम जमा करा रहा था, जबकि उसके पास फ्लैट तो दूर की बात जमीन तक नहीं थी। कंपनी के निदेशक राजधानी में अंसल की सुशांत गोल्फ सिटी में फ्लैट बनाने का झांसा देकर रकम जमा कराते थे। फ्लैट नहीं मिलने पर बीते पांच वर्षों के दौरान दर्जनों निवेशकों ने तुलसियानी बिल्डर के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए हैं। बाद में बिल्डर ने सुशांत गोल्फ सिटी में फ्लैट बनवाए मगर निवेशकों को कब्जा देने में टालमटोल करता रहा। रेरा में इसकी शिकायत होने पर तीन फ्लैट जब्त किए गए थे। सूत्रों की मानें तो तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ निवेशकों द्वारा दर्ज कराए गए तमाम मुकदमों के बाद ईडी ने भी इसकी जांच शुरू की थी।

# बसपा ने पूर्वांचल की 11 सीटों पर उतारे नए चेहरे, फर्स्ट टाइमर पर दांव लगाने में पार्टी सबसे आगे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**वाराणसी।** पूर्वांचल में लगभग 20 ऐसे चेहरें हैं जो पहली दफा लोकसभा चुनाव में अलग-अलग पार्टियों के सिंबल पर चुनाव मैदान में होंगे। नए चेहरों या यूं कहें कि फर्स्ट टाइमर को मौका देने में बहुजन समाज पार्टी सबसे आगे है। बसपा ने पूर्वांचल की 13 में से 11 सीटों पर नए चेहरों पर अपना भरोसा जताया है।

वहीं सत्तारुढ़ भाजपा ने 13 में से चार सीटों पर ऐसे लोगों को टिकट दिया है, जो पहली दफा लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं सपा ने तीन नए चेहरों को अलग-अलग सीटों से मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्वांचल की हॉट सीटों में शामिल गाजीपुर संसदीय सीट से सपा के अफजाल अंसारी के खिलाफ शिक्षक पारसनाथ राय पर दांव लगाया है।

वहीं राजपूत बहुल जौनपुर सीट पर पार्टी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व



अध्यक्ष और महाराष्ट्र सरकार में गृह राज्यमंत्री रहे कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है। कृपाशंकर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं भदोही सीट से भाजपा ने डॉ. विनोद बिंद को अपना उम्मीदवार बनाया है।

बिंद पेशे से चिकित्सक हैं और मूल रूप से चंदौली के रहने वाले हैं। भाजपा के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने घोसी सीट से अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। अरविंद पहली बार लोकसभा के प्रत्याशी बने हैं। रॉबटर्सगंज सीट पर सपा उम्मीदवार के नाम का एलान होना बाकी है।

समाजवादी पार्टी ने चंदौली संसदीय सीट से प्रदेश के पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले वीरेंद्र सिंह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं मिर्जापुर संसदीय सीट पर पार्टी ने राजेंद्र एस. बिंद पर दांव लगाया है। इस सीट पर उनका मुकाबला अपना दल-एस की अनुप्रिया पटेल से है। सपा ने मछलीशहर सुरक्षित सीट पर पेशे से अधिवक्ता प्रिया सरोज को मौका दिया है। प्रिया सपा के वरिष्ठ नेता तूफानी सरोज की बेटी हैं।

### बसपा की सोशल इंजीनियरिंग से भाजपा में खलबली

बसपा ने पूर्वांचल की 13 में से 11 सीटों पर नए और युवा चेहरों को टिकट दिया है। इतना ही नहीं टिकट वितरण में पार्टी ने सीटों के जातिगत समीकरण का पूरा ख्याल रखा है। मसलन, राजपूत बहुल सीट जौनपुर में बसपा ने बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है, जबकि भाजपा ने यहां से कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है।

इससे राजपूत मतदाताओं में बिखराव का खतरा है। वहीं आजमगढ़ सीट पर पार्टी ने भीम राजभर को उतारा है। इस सीट पर राजभर मतदाताओं की संख्या अच्छी खासी है। इसे ध्यान में रखकर ही भाजपा ने प्रदेश में सुभासपा से गठजोड़ किया है। अब भीम राजभर के मैदान में आने से राजभर मतों में बंटवारा तय माना जा रहा है।

बसपा ने गाजीपुर से उमेश सिंह, चंदौली से सत्येंद्र मौर्य और मिर्जापुर से युवा मनीष त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारा है। उधर, लालगंज सीट से पार्टी ने बीएचयू की डॉ. इंदु चौधरी और राबटर्सगंज सीट पर धनेश्वर गौतम को मौका दिया है। दोनों के लिए यह पहला चुनाव है। गौतम पेशे से अधिवक्ता हैं जबकि डॉ. चौधरी शिक्षिका हैं। बलिया सीट पर बसपा ने भाजपा के नीरज शेखर के मुकाबले पूर्व सैनिक लल्लन यादव को टिकट दिया है।

पार्टी ने भदोही सीट से अतहर अंसारी और मछलीशहर से पूर्व आईएएस कृपाशंकर सरोज पर दांव लगाया है। दोनों पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं बसपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रत्याशी बदल दिया है। अतहर जमाल लारी की जगह अब सैय्यद नेयाज अली मंजू अब बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं।

# जनहितकारी योजनाओं और रिकॉर्ड तोड़ विकास से यूपी में 80 सीटें जीतेगी भाजपा : सभापति विधान परिषद

**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जनता के हित में किए गए रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्यों के फलस्वरूप भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें जीतने का लक्ष्य अवश्य ही प्राप्त होगा। यहां रतनलाल नगर गुजैनी में जिला सहकारी बैंक के सभापति वरिष्ठ भाजपा नेता एसडी सिंह परिहार के आवास पर सवालों का जवाब देते हुए समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की मंशा के अनुरूप लोकहित में अपनी धुन के पक्के, कठोर परिश्रमी, हर किसी के सुख दुख में सदैव साथ खड़े होने वाले सक्षम और संपन्न होने के बाद भी अहम भाव से मुक्त और उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता के रूप में



परोपकार की भी वास्तविक परिभाषा को चरितार्थ करने वाले तेज तर्रार और व्यवहार कुशल जुझारु तेवरों वाले प्रखर समाजसेवी विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह यह भी दावा किया कि हो रहे लोकसभा चुनाव के जो परिणाम सामने आएंगे वह भारतीय जनता पार्टी को ना केवल 400 का आंकड़ा अवश्य ही पार करायेंगे बल्कि देश हित में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री भी बनवाएंगे। भारतीय जनता पार्टी को लगातार मजबूत करने के साथ जन समस्याओं के निस्तारण में भी शुरू से ही अग्रणी तथा व्यवहार कुशल होने के फलस्वरूप हर जाति ,हर धर्म और हर वर्ग के लोगों में मजबूत पकड़ रखने वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल परोपकारी स्वभाव के उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति वरिष्ठ भाजपा कुंवर मानवेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश के हित में योगी आदित्यनाथ को सर्वोत्तम मुख्यमंत्री और भारत के हित में नरेंद्र मोदी को सर्वोत्तम प्रधानमंत्री भी बताया। सरल और शालीन स्वभाव के जुझारू तेवरों वाले यूपी विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने यह भी दावा किया कि जिस तरह से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक जनहितकारी विकास कार्य करते हुए अपराधियों और माफियाओं खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करके आम जनता को राहत पहुंचाई है। उसके फल स्वरुप भाजपा को यूपी में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य अवश्य ही प्राप्त होगा। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष और पार्टी के हित में लगातार सक्रियता और व्यवहार कुशलता को लेकर चर्चित वरिष्ठ भाजपा नेता एसडी सिंह परिहार ने उनका जोरदार भाव भीना स्वागत भी किया।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय हनुमान दल के द्वारा मनाया गया हनुमान जयंती

नोएडा हम सबके आराध्य बाबा हनुमान जी की जयंती पर राष्ट्रीय हनुमान दल नोएडा महानगर मातृ शक्ति द्वारा पाकेट 7 के शिव मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड भजन कीर्तन हवन यज्ञ आदि कराया गया राष्ट्रीय हनुमान दल संयोजिका श्रीमती सिवानी ठाकुर के नेतृत्व में मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया और सभी ने भर चढ़कर उसमें हिस्सा लिया और काफी धूमधाम के साथ बाबा का उत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय संयोजक शिवानी ठाकुर ने कही हिंदू धर्म में राम भक्त बजरंगबली को सात चिरंजीवियों में से एक माना जाता है। यानी वो कलयुग में भी जीवित हैं। उन्हें कलयुग का देवता कहा जाता है।

### स्मैक और तमंचा के साथ दो गिरफ्तार

अमेठी। बुधवार को उ0नि0 जंगबहादुर यादव थाना रामगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1.सेबू पुत्र मो0 सलीम निवासी जूड़ा पट्टी थाना शिवगढ़ जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 40 वर्ष व 2.मो0 कलीम उर्फ घपोल्लर पुत्र मो0 रफीक शाह निवासी जूड़ा पट्टी थाना शिवगढ़ जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 35 वर्ष को उपाध्याय का पुरवा नरहरपुर मोड़ के पास से समय करीब 10 :15am बजे गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त सेबू के कब्जे से 01 तमंचा व 02 जिंदा कारतूस .315 बोर तथा अभियुक्त मो0 कलीम उर्फ घपोल्लर के कब्जे से 14 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### 315 बोर तमंचे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। बुधवार को उ0नि0 दयाशंकर मिश्र थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मुकेश सरोज पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम गुटुनपुर मजरे सम्भावा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को मनीपुर तिराहे के पास से समय गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्त एवं बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

अमेठी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई । बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । बैंक डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये ।

### तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। बुधवार को उ0नि0 रामप्रकाश यादव थाना संग्रामपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त आशीष ओझा पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद ओझा निवासी ग्राम गुजीपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 37 वर्ष को ओझा का पुरवा बाग के पास से समय करीब 12 :20 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई ।

### दुष्कर्म के अभियोग मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक थाना मुंशीगंज शिवनारायण सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 89/24 धारा 376(3) भादवि व ¾(2) पाक्सो एक्ट थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी में वांछित एक नफर बाल अपचारी को पनियार पावर हाउस, मुंशीगंज मुसाफिरखाना मार्ग नहर पुलिया के पास से समय 09 .30 बजे दिन में पुलिस निगरानी में लिया गया। थाना मुंशीगंज द्वारा नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

### जिला स्वास्थ्य समिति एवं नियमित टीकाकरण की समीक्षा बैठक 25 अप्रैल को

एटा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) एवं नियमित टीकाकरण की समीक्षा बैठक दिनांक 25 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार एटा में आयोजित की जायेगी।

दरोगा ने ई-चालक को बुरी तरह बीच सड़क पीटा, वीडियो वायरल

मसूरी। वेव सिटी क्षेत्र में डासना अड्डे के पास एक ई-रिक्शा चालक को पीटने का मामला सामने आया है। ई रिक्शा चालक की दरोगा बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

### 26 अप्रैल को चुनाव के कारण बंद रहेगी सब्जी मंडी

साहिबाबाद। नवीन फल एवं सब्जी मंडी 26 अप्रैल को बंद रहेगी। मंडी सचिव डीके वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते सब्जी मंडी 26 अप्रैल बंद रखने का निर्देश जारी किया गया। वहीं, आढ़तियों का कहना है कि मंडी बंद होने से किसानों और आढ़तियों को कई लाख का नुकसान होगा। कुछ व्यापारियों ने मतदान के पक्ष में बात कही, मतदान करना हमारा सबसे पहला अधिकार है और हम सबको यह जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी के साथ निभानी चाहिए।

### अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए संगठनों ने बनाई रूप रेखा

नोएडा। अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के अध्यक्ष ललित ढुकराल के नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर जिले में अधिक मतदान करवाने के लिए कैंप कार्यालय में बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर एनएईसी और युवा क्रांति सेना ने अधिक मतदान के साथ साथ लोगो को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए भी रूप रेखा बनाई। इस अवसर पर एनएईसी के अध्यक्ष ललित ढुकराल और युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने लोगो को मतदान के दौरान आने वाली किसी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए मतदान हेल्पलाइन नंबर 7838845917 और 9311093860 भी जारी किया और सेक्टर 6 स्थित एनएईसी कैंप कार्यालय में चुनाव हेल्पलाइन डेस्क भी बनाया गया।

# पानी नही, तो वोट नहींकी तर्ज पर होगा परसादपुर व नगला बखत में मतदान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जलेसर/एटा।** आगरा लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जलेसर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सकरौली के गांव नगला बखत व परसादपुर के वाशिन्दे दशकों से व्याप्त खारे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। जलेसर क्षेत्र की खारे पानी की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए योगी सरकार द्वारा स्वीकृत की गई 28 करोड़ रुपये की लागत की टीटीएसपी परियोजना भी स्थानीय वाशिन्दों को मीठा पानी मुहैया नही करा सकी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों से लगाई गई गुहार भी लोगो के हलक तर कराने में नाकाम रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों से किये गये बायदे सिर्फ चुनावी स्टंट बन कर रह गए हैं। परिणामस्वरूप बुधवार को इन दोनों गांवो के ग्रामीण ने सामूहिक रूप से पानी नही तो वोट नही की तर्ज पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। आगरा लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत जलेसर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सकरौली ग्राम पंचायत के मजरा जात गांव नगला बखत व परसादपुर की आबादी लगभग चार हजार है। तथा मतदाताओं की संख्या भी लगभग डेढ़ हजार बतायी गयी है। गांव की ठाकुर सज्जन पाल सिंह, दिनेश पाल सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, यतेन्द्र पाल सिंह आदि अनेक ग्रामीणो ने बताया कि बीते काफी वर्षो से गांव के लोग पीने के पानी की एक एक बूंद के लिए भटक रहे है। ग्रामीणो द्वारा ब्लॉक, तहसील तथा क्षेत्रीय सांसदों, विधायकों, ब्लॉक प्रमुखों तथा ग्राम प्रधान के अलावा सीएम योगी आदित्यनाथ एवं क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल से कई बार खारे पानी की समस्या से निजात दिलाये जाने को गुहार लगा चुके है। मगर नतीजा अभी तक ढाक के तीन पात ही रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2019 में 28 करोड़ की लागत से टीटीएसपी आधारित पेयजल योजना के अंतर्गत सकरौली पंचायत के लिए तीन ट्यूबेल तथा पानी की होजे व टंकिया बनवाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसका वर्ष 2019-20 में केंद्रीय न्याय एवं विधि राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल तथा विधायक संजीव दिबाकर द्वारा इस परियोजना का विधिवत शिलान्यास भी किया गया था। जिसमे एक पानी की टंकी गांव महापुर एवं नगला बखत के बीच चयनित किये गए स्थल पर बन बायी जानी थी। जिसका प्रस्ताव भी कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम एटा द्वारा लगभग तीन वर्ष पूर्व ही कर दिया गया था। ताकि इस पानी की टँकी तक मीठे बोरिंग से पाइप लाइन बिछबा कर गांव महापुर, नगला बखत तथा परसादपुर के लिए मीठे पानी की आपूर्ति की जा सके। मगर तीन वर्ष की अवधि बीत जाने के बावजूद अभी तक यह टँकी नही बन बायीं गयी है।ग्रामीणों के अनुसार एक पखवाड़ा पूर्व गाव महापुर के लोगो द्वारा गांव सोना मई के निकट एक सप्ताह पूर्व मीठे पानी के लिए बोरिंग तो कर दिया गया है। मगर इस बोरिंग के मीठे जल के भंडारण के टंकी नही बनायी गयी है। जबकि इस बोरिंग को गांव नगला उदी स्थित पानी की टँकी से जोड़े जाने तथा गांव महापुर व नगला बखत के बीच प्रस्तावित पानी की टँकी को न बनबाये जाने की जानकारी जल निगम के अधिकारियों द्वारा दी जा रही है।

# चुनाव में मतदान कार्मिकों की भूमिका महत्वपूर्ण : डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान कार्मिक अच्छे से प्रशिक्षण ले। जिससे मतदान के समय कोई दिक्कत न हो। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक ईवीएम सील करने, वीवीपैट से पर्ची निकालने, सभी प्रपत्रो को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं का संवेदनशीलता एवं गंभीरता से प्रशिक्षण ले।

उक्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट ने आज जीआईसी ऑडिटोरियम में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदान कार्मिक के मन में किसी प्रकार का प्रश्न है, तो वह निःसंकोच होकर मास्टर ट्रेनरो से पूछे।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन एवं मतदान कार्मिकों को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ पर पोलिंग एजेंट की तैनाती, मतदान के लिए ईवीएम तैयार कर सील करने, पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल के बाद निर्धारित समय पर मतदान शुरू कराने के अलावा मतदान से संबंधित अन्य जरूरी प्रक्रिया एवं अभिलेखों को भरने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान कार्मिकों की समस्यायों का समाधान भी किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जीजीआइसी की कक्षाओं में पीठासीन एवं मतदान कार्मिकों को मतदान हेतु ईवीएम तैयार करके सील करने तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया और उन्हें रिहर्सल भी कराया गया।

# क्रांति दिवस के रूप में मनाया गया भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**साहिबाबाद।** सत्यउदय बुद्ध विहार डॉक्टर अंबेडकर पार्क के प्रांगण में परम पूज्य भारत रत्न, महान अर्थशास्त्री, कानून विद बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जन्मदिन समारोह सामाजिक क्रांति दिवस के रूप में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्यनाथ सुमन ने किया आयोजन डॉक्टर अंबेडकर ज़न कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश ने किया संचालन संस्था के अध्यक्ष श्याम नारायण ने किया कार्यक्रम को डॉक्टर अशोक, डीपी मौर्य, सिद्धार्थ मौर्य, बालाजी, सच्चिदानंद साधु तथा कई विद्वानों ने भी संबोधित किया बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा उनकी बताएं रास्ते पर चलने का संकल्प लिया समाज में समता, संपन्नता, न्याय और बंधुता के लिए तथा संविधान की रक्षा के लिए हर वक्त तैयार रहने का भी संकल्प लिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा विद रामदुलार यादव ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने सामाजिक, शैक्षणिक, आध्यात्मिक क्रांति के लिए समाज में समता, समानता, न्याय और बंधुता के लिए शोषितों,पीड़ितों, प्रताड़ितों में शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो की अलख जगाई और कहा कि भारत के गरीबों, दलित, प्रताड़ितों तुम्हारी मुक्ति का मार्ग धर्मशास्त्र नहीं है ना धर्मस्थल ही हैं केवल तुम्हारा उद्धार उच्च, शिक्षा व्यवसाय, उच्च आचरण और नैतिकता में निहित है ना तुम्हें तुलसी की माला गरीबी से मुक्ति दिला सकती है न कल्पनिक देवी देवताओं की मूर्ति के आगे नाक रगड़ने से तुम्हारी भूख, दरिद्रता और गुलामी से मुक्ति हो सकती है भाग्य और भगवान आपका भला नहीं कर सकती तुम्हें अपना उद्धार स्वयं करना होगा धर्म मनुष्य के लिए है।

# मतदान करना लोकतंत्र का आधार है : डा डी के गुप्ता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव हमारे लिए किसी पर्व से कम नहीं है, यह हमारे देश की दशा और दिशा बदलने वाला है। ज्यादा से ज्यादा वोट डालकर हम अपने देश को सशक्त बना सकते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों से वोट डालने की अपील की जा रही है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फेलिक्स अस्पताल की ओर से मतदान को बढ़ावा देने के लिए मतदाता को पांच दिन के लिए फ्री बॉडी चेकअप की सुविधा दी जाएगी। मतदान के बाद अस्पताल में नीली श्याही का निशान दिखने पर मतदाताओं को फ्री फुल बॉडी चेकअप होगा। कोई भी मतदाता नीली स्याही दिखा कर अगले पांच दिन तक फ्री फुल बॉडी चेकउप का लाभ उठा सकता है। यह सुविधा 26 से 30 अप्रैल की बीच मिलेगी। जिसमें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, किडनी, लीवर, हृदय, जांच के अलावा डॉक्टर से परामर्श तक की सुविधा शामिल है। इसके लिए हर व्यक्ति अपने-अपने तरीके से प्रयास कर सकता है।

चुनाव में अधिक से अधिक लोग मतदान करें इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने एक नई पहल की है, जिससे हमें उम्मीद है कि मतदान के दिन भारी संख्या में लोग वोट करें। मतदान प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान करना अनिवार्य है। सभी मतदाता शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान करें।

अस्पताल की ओर ओर से चुनाव में लगे कर्मियों और पुलिसकर्मी को जो भी स्वास्थ्य संबंधी मदद होगी उपलब्ध कराई जाएगी। लोगों से अपील है कि चुनाव के दौरान वोटिंग करने जाए तो अपने साथ पानी की बोतल आवश्य साथ रखे। गर्मी में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। सभी चिकित्सकों को भी अनिवार्य रूप से मतदान करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सक सभी मरीजों को मतदान करने के लिए प्रेरित भी करेंगे। अस्पताल की सभी क्लीनिक या अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को वह यह समझाएंगे कि देश की बागडोर सही हाथों में हो, इसके लिए सभी का वोट देना जरूरी है। मरीजों को इसकी जानकारी हो सके इसके लिए उन्होंने मतदान से एक दिन पूर्व से अपने अस्पताल में जगह-जगह पर्चे व बैनर चस्पा करा दिए। मतदान करना लोकतंत्र का आधार है।

### साइबर तकनीक का प्रयोग कर त्वरित कार्यवाही करते, धनराशि को पीड़ति के बैंक खाते में वापस

**बाराबंकी।** क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर पीड़ति के खाते से निकाले गये 37,990/-रुपयों को साइबर थाना बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण धनराशि को पीड़ति के बैंक खाते में वापस कराया गया । प्राप्त जानकारी से साइबर पोर्टल के माध्यम से एक ऑनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र पर हुआ जिसमें आवेदक क निवासी कौसलपुरी कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी के साथ क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साइबर फ्रॉड/धोखाधड़ी कर 37,990 रुपये निकाल लिए गये थे। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा साइबर थाना जनपद बाराबंकी को त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ति की शत प्रतिशत धनराशि वापस कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में साइबर थाना बाराबंकी द्वारा साइबर तकनीक का प्रयोग कर सम्बन्धित मर्चेंट से पत्राचार कर पीड़ति के 37,990/-रुपये खाते में वापस कराये गए ।

# डीएम ,एसपी ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**लोकमित्रब्यूरो**

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त रूप से मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी उपलब्ध कराई तथा उनके सुझावों को भी सुना। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वप्रथम चुनाव को लेकर की गई तैयारी को मीडिया प्रतिनिधियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि जनपद अमेठी में पांचवें चरण में 20 मई 2024 को मतदान होना है जिसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी, 3 मई तक प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किए जाएंगे, 4 मई को नामांकन पत्रों की सवींक्षा की जाएगी तथा 6 मई को नाम वापसी होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं बैरीकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग इत्यादि की सभी तैयारियां कर ली गई हैं सभी जगह मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग आज पूर्ण हो गई है अगला प्रशिक्षण 10 मई से दिया जाएगा। ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन हो गया है दूसरा रेंडमाइजेशन माननीय प्रेक्षक महोदय की उपस्थिति में दिया जाएगा। निर्वाचन के दौरान नगदी, शराब, पैसा, आभूषण एवं अन्य सामग्रियों के आवागमन की निगरानी हेतु उड़ान दस्ता टीमें सक्रिय हैं जिनके द्वारा आने जाने वाले वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार जांच की जा रही है 26 अप्रैल से स्थैटिक निगरानी टीमें भी सक्रिय हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी तथा वहीं पर स्ट्रांग रूम व मतगणना संपन्न कराई जाएगी। पोस्टल बैलेट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टल बैलेट इस बार डाक के माध्यम से नहीं आएंगे द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मनीषी महिला महाविद्यालय में वोटर फैसिलिटेशन सेंटर बनाया जाएगा उसी में पोस्टल बैलेट डाल सकेंगे। इसके अतिरिक्त मतदान के दिन 50% बूथों पर वेब कास्टिंग कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसमें टोल फ्री नंबर-1950 के साथ ही 04 अन्य लैंडलाइन नंबर क्रमशः 05368-244188, 298152, 298153, 298154 पर शिकायत की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा प्रकाशित कराया जाने वाले विज्ञापनों का एमसीएमसी कमेटी से प्रमाणन अनिवार्य होगा इसके साथ ही प्रत्याशियों द्वारा अपना आपराधिक इतिहास भी प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में चुनाव प्रक्रिया के दौरान कम से कम तीन बार प्रकाशित करना होगा।

### दस्तक अभियान के अंतर्गत हाउस टू हाउस भ्रमण कर किया गया सर्वे

**अलीगंज/एटा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्राम नगला दांडी, ग्राम नगला धाता ब्लॉक अलीगंज में स्थलीय भ्रमण कर छाया वीएचएनडी टीकाकरण एवं संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत हाउस टू हाउस भ्रमण कर सर्वे किया गया। सर्वेक्षण के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज पर सुपरवाइजर , एएनएम और सीएचओ के साथ छाया वीएचएनडी एवं संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सांयकालीन समीक्षा बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में अनुपस्थिति एचवी मालती देवी का वेतन रोका गया। ड्यू लिस्ट अपडेट ना पाए जाने पर शांति देवी एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा गया। बच्चों को पेरासिटामोल सिरप की डोज के बारे में नहीं बता पाने पर हामिद अली फार्मासिस्ट से स्पष्टीकरण, एएनएम अंगूरी देवी के द्वारा सेशन समय से पूर्व बंद करने के कारण वेतन रोका गया।

# स्वस्थ शरीर के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक, उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज जनपद के 94 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 4043 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। बाल विकास परियोजना बंकी के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कर समस्त प्रतिभागियों को आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया उपस्थित प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ लेते हुए अन्य को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया है। बाल विकास परियोजना सिरौली गौसपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र मे सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ ग्रहण ली। उपस्थित प्रतिभागी ने कहा कि हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे। बाल विकास परियोजना सूरतगंज के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सम्मेलन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये उनका एक वोट भी अहम है।

# पार्श्व गायक सुखविंदर सिंह के तरानों पर झूमे छात्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** मथुरा स्थित जीएल बजाज ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस मथुरा में करोड़ों भारतीयों के दिलों में जगह बना चुके पार्श्व गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी जादुई आवाज और सुर लहरियों से ऐसा समां बांधा कि हर कोई थिरकने को मजबूर हो गया। जय हो, आजा-आजा नीले आसमान के तले, आज गुल्लक फोड़े, होले-होले से दवा लगती है, बीड़ी जलइले जिगर से पिया जिगर में बड़ी आग है, मरजानी-मरजानी, चल छइयां-छइयां, चली-चली फिर हवा चली, इश्क चांदी है इश्क सोना है जैसे एक के बाद एक सुपरहिट गाने सुनाकर छात्र-छात्राओं को जोश से मदहोश कर दिया। जीएल बजाज के वार्षिक आयोजन में शुक्रवार शाम संगीत की ऐसी महफिल सजी कि रंगमंच के सामने उपस्थित हजारों छात्र-छात्राएं सुपरहिट गायक सुखविंदर सिंह के साथ गाते तथा मस्ती में झूमते नजर आए। सुर-संगीत की इस महफिल में पार्श्व गायक सुखविन्दर सिंह ने हिन्दी गानों की एक के बाद एक दमदार प्रस्तुतियां पेश कीं। रंगमंच से सुरों के जादूगर सिंह ने रिमिक्स म्यूजिक के साथ 1998 की सुपरहिट फिल्म दिल से का गाना चल छइयां-छइयां तथा फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर के गाने जय हो को जैसे ही सुनाया छात्र-छात्राएं मस्ती से झूम उठे। हिन्दी गानों के बाद सुखविंदर सिंह ने पंजाबी गानों की तरफ रुख किया और चोरी चोरी मेरा दिल ले गया सुनाकर माहौल को मस्ती से भर दिया। हर तरफ झूमते दर्शक तथा वन्स मोर, वन्स मोर का शोर, सुर-संगीत की महफिल को चार चांद लगा रहा था। पार्श्व गायक सुखविन्दर सिंह ने रंगमंच से मथुरा नगरी तथा जीएल बजाज के छात्र-छात्राओं की जमकर तारीफ की। मंचीय कार्यक्रम के बाद संक्षिप्त बातचीत में पार्श्व गायक सुखविंदर सिंह ने कहा कि संगीत की कोई धर्म-जाति नहीं होती। जब कोई भी गाना लिखा जाता है तो कलाकार या गायक देखकर नहीं लिखा जाता बल्कि फिल्म की कहानी और कलाकारों की मौजूदा अवस्था को देखकर गीत को तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि वह गाने का चुनाव करते समय इस बात का बहुत गंभीरता से ध्यान रखते हैं कि गीत के बोल में कोई अपशब्द तो नहीं है। आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ० रामकिशोर अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी विनय ने इस अवसर पर सुखविंदर की जमकर तारीफ की। कार्यक्रम में आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी अंशू अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल, बड़ी संख्या में अध्यापक, चिकित्सक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल में अंजली यादव ने 95 प्रतिशत अंक लाकर प्राप्त किया प्रथम स्थान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के 55 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। यूपी बोर्ड ने 10वीं व 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। इसी के साथ विद्यालय के टॉपर्स की लिस्ट भी जारी कि गई है जिसके तहत आर डी इंटर कॉलेज अलीगंज ज्ञान छात्रावास आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं नें हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की जिले की टॉप 10 सूची में हाईस्कूल में 4 तथा इंटरमीडिएट में 3 छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है।जिसमें आर डी इंटर कॉलेज अलीगंज ज्ञान छात्रावास आवासीय विद्यालय के हाईस्कूल की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर अंजली यादव ने विद्यालय में टॉप किया है वहीं दूसरे स्थान पर 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तमन्ना जादौन दूसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान पर अंशुल राजपूत ने 94.66 प्रतिशत व शुभी नें 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसी के साथ-साथ 93 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं क्रमशः अंशिका, अनुष्का, दिव्यांशी, सुप्रिया, प्रियांशी चौहान निधि मिश्रा, संजना यादव, अधिकृत, शालिनी, कविता, सैजल, दीक्षा कुमारी, दीपांशू कुमार और हिमांशू नें विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान पर संगम शाक्य नें 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंटर की परीक्षा में टॉप किया है। वहीं दूसरे स्थान पर शिखापाल ने 94.40 प्रतिशत अंक द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं तीसरे स्थान पर सृष्टि यादव ने 94 प्रतिशत और वर्षा कश्यप ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसी के साथ-साथ 92 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं क्रमशः हिमांशी राठौर, सृष्टि श्रीवास्तव, प्रिंशी गुप्ता, गुंजन, करिश्मा, गुप्ता ने विद्यालय का नाम रोशन कर अपने अभिभावकों का सिर ऊंचा किया है।

# गौतमबुद्ध नगर में भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशियों का आज शाम थम गया चुनाव प्रचार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की गौतमबुद्ध नगर सीट से 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को यहां मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के लिए आज शाम को गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार थम गया। अपनी-अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिए भाजपा, सपा और बसपा समेत अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों ने आज प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। वे आज रोड शो कर रहें हैं। शाम के समय प्रचार थमने के बाद प्रत्याशी मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क करेंगे।

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। यहां पर 27 लाख से ज्यादा मतदाता अपने प्रत्याशी का चयन करेंगे। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट में पांच विधानसभा हैं। जिनमें नोएडा, दादरी, जेवर, खुर्जा और सिकंदराबाद विधानसभा शामिल है। यहां से भाजपा के डा. महेश शर्मा, समाजवादी पार्टी के डा. महेंद्र सिंह नागर, बसपा के राजेंद्र सिंह सोलंकी, राजीव मिश्रा (जय हिंद नेशनल पार्टी), नरेश नौटियाल (भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता), मनीष कुमार द्विवेदी (अखिल भारतीय परिवार पार्टी), रण सिंह डूडी (सुपर पावर इंडिया पार्टी), नर्वदेश्वर (सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी), किशोर सिंह (नेशनल पार्टी), भीम प्रकाश जिज्ञासु (वीरों के वीर भारतीय पार्टी) और कुमारी शालू (लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी) हैं। इसके अलावा पराग कौशिक, महकार सिंह, मोहम्मद मुमताज आलम और शिवम आशुतोष निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद के नोएडा, दादरी व जेवर विधानसभा क्षेत्र में 18 लाख 82 हजार 177 महिला, पुरुष एवं ट्रांसजेंडर मतदाता है। जिसमें 61-नोएडा के 437812 पुरुष, 345047 महिला एवं 13 ट्रांसजेंडर। 62-दादरी के 397652 पुरुष, 331757 महिला एवं 72 ट्रांसजेंडर। 63-जेवर के 200082 पुरुष, 169725 महिला एवं 17 ट्रांसजेंडर मतदाता सम्मिलित है। मतदाताओं की संख्या को देखते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जनपद में कुल 1852 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें 61-नोएडा में 747, 62-दादरी में 707 तथा 63-जेवर में 398 बूथ बनाये गये है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए जनपद में कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है। जिसके टोल फ्री नंबर 1950 पर मतदाता कॉल करके निर्वाचन संबंधी शिकायत व सुझाव या मतदाता सूची में अपना नाम होने एवं अपने बूथ संख्या की भी पुष्टि कर सकते हैं।

# कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर बढ़ाएं मतदान- जिला निर्वाचन अधिकारी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बंधी कार्यों की समयबद्ध तैयारी एवं निर्वाचन को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराने हेतु नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक नोडल अधिकारियों से उनके दायित्वों से सम्बंधित कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने मतदान कार्मिकों की नियुक्ति, रैण्डमाइजेशन, डाटा फीडिंग व उनके प्रशिक्षण से सम्बंधित समस्त कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी मतदान कार्मिक के खाता संख्या व आईएफएससी कोड गलत अंकित हो, तो अपने कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से सुधार करवा लें। जिलाधिकारी ने जनपद में मतदाता जागरूकता हेतु चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रमों के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक से जानकारी प्राप्त करते हुए हाईकोर्ट व डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से समन्वय कर विशेष जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर मतदान से सम्बंधी जानकारी दिए जाने हेतु चुनावी पाठशाला का आयोजन अवश्य कराये जाने व चुनावी पाठशाला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्यवृत्ति को रजिस्टर में अंकित किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विगत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित करते हुए वहां पर

**☞ जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराने हेतु नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित**

वोटर टर्नआउट हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, सभी उपजिलाधिकारीगण सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जर्जर तार और विद्युत पोल बदले जाने से चार दिन आपूर्ति रहेगी बाधित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़( प्रयागराज)** । विद्युत उपखंड अधिकारी एस के सिंह की विज्ञप्ति के अनुसार 132 केवी विद्युत उपकेंद्र सोरांव निर्गत 33 केवी होलागढ़ पर 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक जर्जर तार व पोल बदला जाना है। ऐसे में चार दिन विद्युत आपूर्ति प्रातः 5 बजे से 12 बजे तक विद्युत बाधित रहेगी। एसडीओ विद्युत ने बताया कि ऐसी दशा में 33 / 11 केवी उपकेंद्र होलागढ़ से पोषित सभी फीडरो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# चुनाव को लेकर महिला मोर्चा ने भरी हुंकार




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा महिला मोर्चा फुल फॉर्म में आ चुका है। मोर्चा द्वारा लगातार बैठकों का दौर जारी है और अब खास रणनीतियों के तहत मोर्चा कार्यकत्रियां चुनावी क्षेत्र में उतरने की तैयारी में हैं।

इसी को लेकर बुधवार को सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में महिला मोर्चा द्वारा बैठक आहूत की गई। बैठक में बतौर महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉक्टर कीर्तिका अग्रवाल ने फूलपुर एवं इलाहाबाद लोकसभा सीट पर पार्टी की ओर से घोषित किए गए दोनों प्रत्याशियों प्रवीण पटेल व नीरज त्रिपाठी के लिए जी जान से जुट जाने का आह्वाहन किया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने मातृ शक्ति को जो सम्मान दिया है वो आज तक किसी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं दिया।

बैठक में फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी प्रवीण पटेल की धर्मपत्नी गोल्डी पटेल एवं इलाहाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की धर्मपत्नी कविता यादव त्रिपाठी भी मौजूद थीं। बैठक में महिला मोर्चा की महानगर, प्रदेश, क्षेत्र एवं जिले की पदाधिकारी एवं सभी 15 मंडल अध्यक्ष तथा उनकी टीम उपस्थिति थी। बैठक के दौरान विधानसभा स्तर पर जनसंपर्क कर मोदी के विकसित भारत के विजन की जानकारी और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति बनाई गई। महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी चंद्रा अहलूवालिया बैठक का संचालन महामंत्री रीता सिंह ने किया। इस दौरान शशि वाष्णेय, वन्दना सिंह, लक्ष्मी विजय, शिखा रस्तोगी, , अर्चना शुक्ला, सविता मिश्रा, आभा सिंह, प्रेमलता, रीता वर्मा, नीलम त्रिपाठी ,मंडल अध्यक्ष प्रिया कैथवास, स्वरिका भारद्वाज, कंचन लता, विनीत गुप्ता,सीमा श्रीवास्तव, काजल पटेल सोनी लखवानी सरोज रंजन विशाखा मिश्रा , सविता मिश्रा, संगीता पटेल, सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# चुनाव में कम हुई वोटिंग ने बढ़ाई चिंता, लगने लगी वोटर्स की पाठशाला




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** देशभर में लोक सभा चुनाव के पहले चरण में सम्पन्न हुए मतदान की कम वोटिंग ने सियासी दलों के अलावा समाज के बुद्धजीवियों को भी चिंता में डाल दिया है। सरकार एजेंसियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के विभिन्न अभियान चला रही हैं बावजूद इसके नतीजे सुकून देने वाले नही आ रहे हैं। इसके चलते अब निजी संस्थानों में बौद्धिक समाज की तरफ से वोटर्स की पाठशाला शुरू की गई हैं। प्रयागराज के सिविल लाइंस में इडेन आईएएस के कैम्पस में यूथ वोटर्स को वोटिंग के लिए मोटिवेट करने के लिए वोटर्स की पाठशाला आयोजित की गई।

देश में 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान हो गए लेकिन लेकिन पहले चरण में 63 फीसदी हुई वोटिंग ने सबको हैरान कर दिया । गौरतलब है कि 2014 में 66 फीसदी मतदान हुआ था। इससे पहले 2019 में 70 फीसदी मतदान हुआ था।

चुनाव के आगे आने वाले चरणों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयागराज के सिविल लाइंस के इडेन आईएएस कैम्पस में यूथ को वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वोटर्स की पाठशाला का आयोजन किया गया।

ईडेन आईएएस के तत्वाधान में आयोजित इस वोटर्स की पाठशाला में संस्थान की अध्यक्षा अपूर्वा गर्ग और ईडेन आईएएस के डायरेक्टर पूर्व वेलफेयर कमिश्नर चंद देव ने युवाओं को चुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपूर्वा गर्ग का कहना है प्रशासनिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में संविधान में दर्ज कर्तव्यों को सामने रखकर भी अपने मत का उपयोग करना आवश्यक है। मतदान को अधिकार और कर्तव्य दोनो के रूप में लेना चाहिए। पाठशाला में बड़ी संख्या में युवाओं में हिस्सा लिया। युवाओं ने चुनाव में मतदान करने का संकल्प भी लिया।

# सपा ने तेज की चुनाव तैयारी, सभी विधानसभाओं मे खुल रहे चुनाव कार्यालय



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी ने चुनाव तैयारियां तेज कर दी हैं।जिले की सभी बारह विधानसभाओं मे अधिकांश मे चुनाव कार्यालय खुल चुके हैं। गंगापार क्षेत्र के प्रतापपुर, हंडिया, सोराव के बाद आज नवाबगंज मे चुनाव कार्यालय खुला।जिलाध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन के अनुसार जल्दी ही फूलपुर, शहर पश्चिमी एवं शहर उत्तरी एवं दक्षिणी के चुनाव कार्यालय खुल जाएंगे। इसके बाद नुक्कड़ सभाओं एवं प्रत्याशियों द्वारा सघन जनसम्पर्क अभियान मे तेजी आएगी।फूलपुर के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज फाफामऊ विधानसभा मे स्थित नवाबगंज मे चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर अपने सम्बोधन मे हर कार्यकर्त्ता को अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने के लिए स्वयं को अमरनाथ मौर्य समझ कर चुनाव लड़ने की अपील किया। जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने बूथ स्तर से लेकर जिले मे रह रहे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को पूरी ताकत झोंक देने की अपील किया।

शहर पश्चिमी के चकिया सुल्तानपुर भावा, अकबर पुर, रोशनबाग, अटाला, बैगन टोल, कोल्हन तोला, नख़ास कोना, शाहगंज आदि मोहल्लों मे जनसम्पर्क किया। सपा प्रत्याशी ने जनसम्पर्क के दौरान कहा कि भाजपा के नेता विकास, महंगाई, बेरोजगारी, क़ानून व्यवस्था, महिलाओं के साथ अत्याचार, आदि मुद्दों पर चर्चा करने से कतराते हैं। इस मौके पर अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, अंसार अहमद, मनोज पाण्डेय, अमर सिंह, रविन्द्र यादव, इसरार अंजुम, आर. एन. यादव,एरम रब्बानी,वजीर खां,डॉ आफताब आलम, अब्दुल समद, अहसन रमीज, सरफराज, अनीस अहमद, तसलीमुद्दीन, फैजी, ईशा, अभिमन्यु पटेल, शकील अहमद, हामिद, वरुण सोनकर, रवि भारतीय, कुलदीप, संदीप यादव, नाटे चौधरी, आसुतोष तिवारी, मुलायम यादव, नवीन यादव, प्रतिमा रावत, पद्मा यादव, आदि मौजूद रहे।

# तुलसियानी ग्रुप के ठिकानों पर ईडी का छापा

## सैकड़ों निवेशकों और पंजाब नेशनल बैंक ने दर्ज कराई थी एफआइआर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप के लखनऊ, प्रयागराज, नोएडा, दिल्ली और हरियाणा में स्थित ठिकानों पर छापेमारी की है। तुलसियानी ग्रुप पर निवेशकों और बैंक के करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप है। ईडी ने दिसंबर 2023 को कंपनी के खिलाफ मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

दरअसल, लखनऊ में सैकड़ों निवेशकों ने तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई थी। इसके अलावा ग्रुप पर पंजाब नेशनल बैंक की कर्ज की रकम भी हड़पने का आरोप है। इसी को लेकर ईडी जांच कर रही है। ग्रुप ने फर्जी दस्तावेज लगाकर पीएनबी से 4.63 करोड़ रुपये लोन लिया था।

जब बैंक ने कर्ज वसूली के लिए पत्राचार किया तो बिल्डर की ओर से कोई भी जवाब नहीं भेजा गया। जिसके बाद बैंक मैनेजर की शिकायत पर तुलसियानी ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

लखनऊ पुलिस निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पने वाले तुलसियानी ग्रुप के चेयरमैन अजय तुलसियानी व अनिल कुमार तुलसियानी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। ईडी की अब तक की हुई जांच में सामने आया है कि ग्रुप ने निवेशकों से करीब 30 करोड़ रुपए हड़पे हैं।

इसी को लेकर अब ईडी ने बुधवार को छापेमारी की है। बता दें कि बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान तुलसियानी ग्रुप को ब्रांड एंबेसडर रह चुकी है और लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज है।

## अधिवक्ता संघ ने तहसील कर्मचारियों से अभद्रता की निंदा की



**फूलपुर।** अधिवक्ता संघ फूलपुर ने अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी की उपस्थिति में आपात बैठक कर तहसील के कुछ अधिवक्ताओं द्वारा तहसील कर्मियों तथा कार्यालयों में घुसकर अभद्रता तथा तालाबंदी करने की निंदा करते हुए कहां कि कर्मचारियों से अशोभनीय व्यवहार करना कहा की बुद्धिमन्ता है। वकील समाज का बुद्धिजीवी माना जाता है तो इस प्रकार के आचरण से अराजकता का माहौल पैदा होगा। दबाव बनाकर अधिकारियों से गलत काम करवाना चाह रहे हैं। अधिवक्ता संघ ने यह भी कहा कि कुछ अधिवक्ताओं द्वारा अमर्यादित व अदालती कार्य में बाधा डालने की शिकायत उत्तर प्रदेश राज्य विधि परिषद के अध्यक्ष से की जाएगी। मौके पर उमाकांत अवस्थी, देवेश यादव भोलानाथ यादव अजय तिवारी अभय शंकर मिश्रा मनोज मौर्य महेश गौतम दिलीप आजाद रमेश मिश्रा कोलाही आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस अपना न्याय पत्र लेकर घर-घर पहुंची



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर दक्षिणी के विभिन्न इलाकों में व्यापक जन अभियान संचालित किया गया। अभियान में कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटीयों वाला न्याय पत्र लोगों को दिया गया और उनकी गारंटीयों से विधिवत अवगत कराया गया।इसी क्रम में कीडगंज पीली कोठी, मुट्ठीगंज, मोहतसिमगंज और बहादुरगंज में बैठक कर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस न्यायपत्र पर की जा रही अनर्गल बातों को हास्यास्पद और बचकाना बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करने के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा समाज मे डर , भय और विभाजन के अलावा और कुछ नहीं कर सकती। मंहगाई, बेरोजगारी सहित किसान, मजदूर, महिलाओं सहित अन्य सामाजिक तबकों के मुद्दे उनकी प्राथमिकता में नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ही इस देश के लोगों को सुरक्षित भविष्य दे सकती है। कांग्रेस प्रत्याशी उज्वल रमन सिंह को मिल रहे व्यापक समर्थन के प्रति लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर प्रदीप मिश्र अंशुमन, इफ्तिखार हुसैन, रविंद्र यादव, अनूप त्रिपाठी, रमेश जायसवाल, संतोष अग्रहरी, नुरुल हुदा, कमल शर्मा, रमेश मिश्र, निशांत रस्तोगी, प्रवीण गुप्ता, सतीश केसरवानी, इरशाद उल्ला, शकील अहमद, सौरभ चौधरी, शुभम, शुक्ला आदि नेतागण उपस्थित थे।

# रेजोनेंस एण्ड रिदम राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का भव्य समापन

## प्रतिध्वनि एवं लय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी ने छुए सफलता के उच्च सोपान



**प्रयागराज।** भारत फाइन आर्ट अकादमी कानपुर द्वारा आयोजित रेजोनेंस एंड रिदम (प्रतिध्वनि एवं लय) चार दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का समापन बुधवार को गांधी कला वीथिका उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज में राज्य ललित कला अकादमी के निवर्तमान कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा, भारत फाइन आर्ट अकादमी के निदेशक सुमित ठाकुर, प्रदर्शनी संयोजक अर्चना पांडेय तथा वरिष्ठ कलाकार डॉ. कावेरी विज़ ने विख्यात कलाकार प्रोफेसर डॉ. सुनील सक्सेना के चित्र को प्रदर्शनी से उतार कर किया। उक्त अवसर पर दिल्ली से पधारे प्रसिद्ध कला- समीक्षक मुकेश बरनवाल ने इस स्वर्णिम पलों को अपने कैमरे में भी कैद किया और स्वयंके नाम वाले चैनल पर शेयर भी किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुरुकुल कॉन्वेंट के डायरेक्टर पीयूष पांडेय ने इस भव्य राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का संयोजन कर रही कलाकार अर्चना पांडेय का भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि संस्था के निदेशक सुमित ठाकुर ने यह शानदार प्रदर्शनी कानपुर से प्रयागराज में लाकर प्रयागराज के कलाकारों में कला के प्रति उत्साह भर दिया। प्रदर्शनी संरक्षक रवीन्द्र कुशवाहा ने जनता व मीडिया को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अतीक के चचेरे भाई पर धमकाने का मुकदमा दर्ज

## हत्या के मुकदमे में पैरवी न करने के लिए धमकाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में माफिया अतीक अहमद के चचेर भाई हमजा उस्मान पर मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि चाचा की हत्या के मुकदमे में पैरवी करने पर उसने इरशाद अली खान को बम से मारने की धमकी दी। कहा कि पैरवी न छोड़ने पर वही हश्र करूंगा, जो चाचा का किया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इरशाद अली खान ताशकंद मार्ग सिविल लाइंस ने बताया कि उसके सगे चाचा अहमद अली उर्फ नन्हे की पांच अगस्त 2006 को गोलियां व बम से हमलाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उसके भाई अंसार अली खान ने हमजा पुत्र मो. उस्मान निवासी मेहंदौरी कॉलोनी थाना शिवकुटी पर सिविल लाइंस थाने में मुकदमा लिखाया था।

इस मामले में हमजा को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वर्तमान में वह जमानत पर बाहर है। बड़े भाई की मौत के बाद मुकदमे की पैरवी वह कर रहा है। आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद से हमजा विभिन्न माध्यम से बम से मारने की धमकी दे रहा है। लगभग डेढ़ महीने पहले जब वह ज्वाला देवी स्कूल के पास अपने गैरेज पर था, तभी अचानक से आकर गालियां दीं।

साथ ही धमकाया कि चाचा की हत्या के मुकदमे की पैरवी करना छोड़ दो नहीं तो तुम्हें भी मार दूंगा। वादी ने पुलिस को बताया कि वह घर का इकलौता जिम्मेदार सदस्य है जो धमकी से पूरी तरह से सहम गया। अब उसे लगातार धमकी मिल रही है। इस बात का भी डर है कि कोई घटना न हो जाए। सिविल लाइंस पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर गालीगलौज व धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

# आमने सामने भिड़ी बाइक, चार लोग घायल, दो नशे में थे धुत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** फूलपुर थाना क्षेत्र के गुलचपा गांव में आमने-सामने बाइक भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों बाइक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना एक बाइक पर सवार दो लोग नशे में धूत होने की वजह से बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को एंबुलेंस से ग्रामीणों ने अस्पताल भेजवाया है। गुलचपा गाँव में बुधवार की शाम एक बाइक पर नशे में धूत दो लोग फूलपुर की तरफ से तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से बलीपुर बाजार जा रहे थे वही बलीपुर की तरफ से एक बाइक पर दो लोग सवार अपनी तरफ साइड में होकर फूलपुर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नशे में धूत लोगों ने अनियंत्रित होकर फूलफुर की तरफ जा रहे लोगों की बाइक में भिड़ा दिया। हेलमेट की वजह से फूलपुर की तरफ जा रहे लोग जहाँ चोटिल हो गये। वही नशे में धुत लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। नशे में धुत लोग उतरांव के मदारीपुर के मंगता जाति के बताये जा रहे हैं। ग्रामीणों के सहयोग से दो एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को सीएचसी फूलपुर भेजा गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**सुलतानपुर-** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी(मतदान कार्मिक) अंकुर कौशिक, ज्वांइट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु थाना कादीपुर व थाना बल्दीराय में उप जिला मजिस्ट्रेट कादीपुर शिव प्रसाद, उप जिला मजिस्ट्रेट बल्दीराय विदुषी सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी बल्दीराय सौरभ सावंत, समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, सम्बन्धित क्षेत्र के बीएलओ तथा संवेदनशील/अतिसंवेदनशील बूथों के मतदाताओं के साथ चुनाव सम्बन्धी बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी महोदया द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सभी उपस्थित मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सब अपने सगे सम्बन्धियों व आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि मतदान दिवस के दिन वे ज्यादा से ज्यादा घरों से निकलकर मतदान करें। उन्होंने सभी मतदाताओं से कहा कि आप लोग निर्भीक व निडर होकर मतदान करें। यदि कहीं किसी प्रकार की समस्या आये तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट से उनके क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों व व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होंने कहा कि सभी अपने क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले चिन्हित संवेदनशील व्यक्तियों से सम्पर्क करें तथा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची का वितरण समय से सुनिश्चित कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया तथा उन्होंने एसएचओ व सेक्टर मजिस्ट्रेट को ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर मतदाता पर्ची का वितरण किया गया है या नहीं? इसकी भी जानकारी प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संवेदनशील व्यक्तियों के असलहे आदि जमा करा लिये जाय। उपस्थित मतदाताओं द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आश्वासन भी दिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी व एसएचओ को लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखने हेतु क्षेत्रों का भ्रमण करने के निर्देश दिये गये तथा उन्होंने उपस्थित मतदाताओं से उनके क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखने हेतु नियमित गश्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ पेयजल व छाया हेतु टेन्ट आदि की व्यवस्था अवश्य करा ली जाय। मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये।तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी (मतदान कार्मिक), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा वि0ख0 कादीपुर क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र- राजकीय बालिका इण्टर कालेज कादीपुर व जूनियर हाईस्कूल इसौली, वि0ख0 बल्दीराय सुलतानपुर का भ्रमण कर न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने जैसे- विद्युत, स्वच्छ पेयजल, रैम्प, पेन्टिंग, टेन्ट, शौंचालय (महिला, पुरुष) वैरीकेटिंग, बूथों की संख्या का अंकन, मॉडल बूथ, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प, मेज, कुर्सी, मच्छरदानी/मॉस्किटो क्वायल आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर किचेन, वेबकॉस्टिंग हेतु सॉकेट, शौचालय, रैम्प आदि का भी अवलोकन किया।

उन्होंने जूनियर हाईस्कूल इसौली, वि0ख0 बल्दीराय मतदान केन्द्र पर मलवा हटाये जाने व और अधिक साफ-सफाई कराने जाये के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित बीएलओ से मतदाता पर्ची के वितरण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी लोग 07 मई, 2024 को अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार मतदाता पर्ची का वितरण समय से कर लें। इस अवसर पर उप जिला मजिस्ट्रेट कादीपुर शिव प्रसाद, उप जिला मजिस्ट्रेट बल्दीराय विदुषी सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी बल्दीराय सौरभ सावंत, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्बन्धित क्षेत्र के बीएलओ व मतदाता आदि उपस्थित रहे।

# तहसीलदार से लेकर आर आई लेखपाल रहते हैं गैर हाजिर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील इन दिनों मात्र शोपीस बनकर रह गया है। तहसीलदार तथा उनके अधीनस्थ आर आई व लेखपालगण भी तहसील में निर्धारित दिवसों पर नहीं मिलते तो आम दिनों की क्या कहा जाए। झूसी से लेकर प्रतापगढ़ जौनपुर के बॉर्डर तक के जरूरतमंद वादकारीगण दूर दराज से चलकर इस चिलचिलाती धूप में आते हैं और लौट जाते हैं। अधिवक्ताओं को भी इनसे कई काम रहते हैं परंतु मनमाना घर जाना की कहावत यहां साफ नजर आती है। बुधवार से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जूनियर अधिवक्तागण के साथ तहसील में धरना प्रदर्शन शुरू किया। जिसका नेतृत्व वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम अहमद, धर्मराज यादव, शंकर सिंह यादव, कामता प्रसाद गुप्ता आदि कर रहे थे। जिनका कहना था कि जब तक तहसील के तहसीलदार से लेकर आर आई लेखपालगण अपना रवैइया नहीं बदलते तब तक धरना चालू रहेगा। मौके पर चंद्रभान यादव, सत्यनारायण, सौरभ यादव, मोहम्मद इजहार, मोहम्मद शारिब, श्याम लाल यादव, अब्दुल्ला सलमानी, सद्दाम हुसैन आदि सैकड़ो अधिवक्ता एकत्रित रहे।

# आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने महापौर को बेटी की शादी की दी बधाई

**प्रयागराज।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक एवं अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर ने हिमांचल प्रदेश के धर्मशाला से महापौर गणेश केसरवानी से वीडियो कॉलिंग के द्वारा बात करते हुए उन्हें बेटी की शादी की बधाई दी। उन्होंने महापौर के द्वारा महाकुंभ के मेले में आगमन को लेकर आमंत्रित किए जाने पर आमंत्रण को उन्होंने स्वीकार किया और कुंभ मेले में प्रयागराज आने को कहा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि महापौर गणेश केसरवानी के द्वारा ईमेल के माध्यम से बेटी की शादी में पूज्य आध्यात्मिक गुरु श्री रविशंकर को आमंत्रित किया गया था।

## आबिद मुर्तजा स्मारक अंडर-19 क्रिकेट तीस अप्रैल से

प्रयागराज। प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित आबिद मुर्तजा स्मारक अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता तीस अप्रैल से डीएवी कॉलेज मैदान पर प्रारंभ हो रही है। आयोजन सचिव प्रशांत खरे के अनुसार यह प्रतियोगिता इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध है, एवं केवल एसोसिएशन से संबद्ध टीमें ही प्रतिभाग करेंगी। लीग कम नॉकआउट के आधार आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों को प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक टीमें आयोजन सचिव प्रशांत खरे व अरुण कुमार बाली से शाम चार से छह के बीच डीएवी कॉलेज मैदान पर सम्पर्क कर सकती है।

# सांस्कृतिक मंच पर डांस व गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियो का मंच पर आयी सुंदरता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** नगर के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम में प्रत्येक माह की पूर्णिमा को होने वाली महाआरती चैत्र माह की पूर्णिमा के मौके पर मंगलवार को आयोजित हुई। सामूहिक आरती में सैकड़ों श्रद्धालुभक्तों ने हिस्सा लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वाद्य यंत्रों की समधुर थाप पर होने वाली सामूहिक आरती, रामचरित मानस की चौपाइयों का सस्वर वाचन व भक्तिमय जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। प्रथम पूज्य देव गजानन, मां संकटा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आरती से पूरा प्रांगण झूम उठा।

मां संकटा देवी धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी की अगुवाई में चैत्र माह की पूर्णिमा के मौके पर मगलवार की सायं सात बजे से प्रारम्भ होने वाली सामूहिक आरती में भाग लेने के लिए मां के भक्त छह बजे से ही जुटने शुरू हो गए। आरती के आरम्भ होने तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुभक्त एकत्रित हो गए। भगवान गणेश की वंदना से शुरू हुई सामूहिक आरती में जगत जननी मां भवानी, भगवान शिव, पवनपुत्र हनुमान, रामस्तुति के साथ मां संकटा की वाद्य यंत्रों के माध्यम से संगीतमय आरती पं. पुरुषोत्तम मिश्र द्वारा सम्पन्न कराई गई। आरती के मध्य रामचरित मानस की चौपाइयां व वैदिक मंत्रों द्वारा देवी-देवताओं की स्तुति हुयी।




महाआरती के समापन पर भक्तों के द्वारा मां के दरबार में मत्था टेंकने के साथ विश्व कल्याण की भावना की प्रार्थना की गयी।

विभिन्न देवी-देवताओं की जय के गगनभेदी जयघोषों से मंदिर परिसर गुंज उठा। आरती को आरके वाजपेयी, ओमप्रकाश गुप्त, कृतार्थ मिश्र, ऋषभ अवस्थी व विराट राजपूत ने प्रमुख रूप से स्वर दिया। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण समिति की ओर से किया गया। इस मौके पर समिति की संरक्षक डा. एमणि मिश्रा, राजेंद्र मुंशी, शिवदास पुरवार, त्रिलोकीनाथ मौर्य, ज्ञानेश मिश्र, प्रतिभा सिंह, शिवम् विक्रांत, नरेंद्र पांडेय, बच्चा सिंह, रमा कश्यप, मंजु सिंह, पुष्पा आर्या, ज्योति यादव, कांची जैन, वैष्णवी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व सैकड़ों पुरुष मौजूद रहे। क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम में चल रहे 15 दिवसीय वार्षिक मेले के दौरान मंगलवार की रात्रि आठ बजे से सांस्कृतिक मंच पर आयोजित ग्रूप डांस के दौरान नौनिहालों द्वारा आकर्षक वेशभूषा में विभिन्न गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों का स्वस्थ मनोरंजन किया।

धाम के सास्कृतिक मंच पर चल रहे 15 दिवसीय वार्षिक मेले के दौरान आकर्षक वेशभूषा में नाविका मिश्रा, आराध्या गुप्ता, सृष्टि वर्मा, आन्या अवस्थी, आरुषि यादव ने 'नगाड़े संग ढोल बाजे', पीहू, अविनाश, काव्या, आनंद, शांभवी, तेजस, महक वाल्मीकि ने 'चलो बच्चों उठाओ बस्ता', शिवन्या पांडेय, सुब्रमण्यम, आकृति वर्मा, देवांश दीक्षित, रित्विक नाग, नैहति चित्रांश, मौलिक दीक्षित व अधीर चित्रांश ने 'बम-बम भोले', अनुरागिनी, जान्ह्वी, आकृति ने 'देश रंगीला-रंगीला', काव्या निगम, परिधि गुप्ता, शगुन बैसवार, आराध्या गुप्ता, आस्था वर्मा व दृष्टि वर्मा ने 'जीते हैं चल', अक्षिता, परी, महिमा व दिव्या ने 'जिस देश में गंगा रहता है' तथा तृषा पटेल, अनुकृति बंशवार, वर्तिका गुप्ता, यशी सोनी व शगुन रावत ने मां दुर्गा स्तुति' जैसे गीतों पर ग्रुप डांस के माध्यम से बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी, डॉ. एमणि मिश्रा, मेला मैनेजर अशोक नाग, विहिप के कृतार्थ मिश्र, शिवदास पुरवार, शिवम विक्रांत, बच्चा सिंह, ज्ञानेश मिश्र, प्रतिभा सिंह, उमेश वर्मा, प्रणव अवस्थी, ज्योति यादव, प्राची दीक्षित, पुष्पा आर्या, रत्ना विश्वकर्मा, कांची जैन सहित बड़ी संख्या में दर्शकों ने बच्चों के कार्यक्रम की जमकर सराहना की। कार्यक्रम का संचालन उमेश वर्मा ने किया।

## भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति कर रही- आनंद भदौरिया

### धौरहरा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी ने की नुक्कड़ सभाएं



**सीतापुर।** आज जिस तरह से भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति कर रही है, जिस तरह से गरीबों, किसानों और नौजवानों के साथ धोखा किया जा रहा है, उसे हर कोई त्राहि-त्राहि कर रहा है। भाजपा सरकार में हर व्यक्ति इस कदर परेशान है कि अब लोगों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट गया है। समाजवादी पार्टी बदले की नहीं बल्कि विकास की राजनीति करती है। इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने बुधवार को धौरहरा विधान सभा क्षेत्र के भट्टपुरवा बिंजहा, रामनगर लहबड़ी, कफारा, जोधा मैनापुर, लखाही ढखेरवा, दुलही, भरतपुर, गुरघुट्टा बुजुर्ग आदि गांवों में आयोजित जन सभाओं को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा बीते दस सालों से डबल इंजन की सरकार का ढिंढ़ोरा पीट रही है, लेकिन इन दस सालों में विकास के नाम पर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ने विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया है। सपा सरकार ने हमेशा गरीब पिछड़े, दलितों, किसानों एवं मजदूरों के हित में काम किया है। भाजपा सरकार में अराजकता चरम पर है। युवा, किसान, मजदूर सभी लोग परेशान हैं। आम जनता महंगाई से जूझ रही है। खुले में घूम रहे गोवंश के कारण किसान रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर है।

सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में एकजुट होकर मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील करते हुए पूर्व विधायक शमशेर बहादुर शेरू ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। आय तो दोगुनी नहीं हुई लेकिन किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जाति और धर्म के नाम पर समाज बांटने का काम कर रही है। भाजपा सरकार केवल जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश के नौजवानों के रोजगार के ढेरों अवसर सृजित किए गए, कोई भी पेपर लीक नहीं हुआ जिसके चलते युवाओं को रोजगार मिला। लेकिन डबल इंजन की सरकार में पेपर लीक होना तो एक परंपरा सी बन गया है। इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। जन सभाओं को धौरहरा ब्लॉक प्रमुख इंद्रेश चौधरी, वरूण चौधरी, विकास यादव ने भी संबोधित किया। सभाओं में विकास यादव, ओपी यादव, ऋषिराज, यज्ञ प्रताप मिश्रा, मनीष शुक्ला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में पेस संस्थान द्वारा

### ग्राम पंचायत में पेंशन योजना का किया गया सोशल ऑडिट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** जनपद सीतापुर के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत सरैया बलदेव सिंह में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में पेस संस्थान द्वारा चलाए जा रहे पंचायती राज सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैया बल्देव सिंह में स्थित पंचायत भवन में पेंशन लाभार्थियों का सोशल ऑडिट किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सरैया बल्देव सिंह के वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन के लाभार्थी उपस्थित रहें। और वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मो अयूब के द्वारा की गई। सभी का स्वागत एवं परिचय के बाद बैठक प्रारंभ की गई। तथा पेंशन योजना पर चर्चा भी की गई। और पेंशन योजना में कौन से लोग पात्र हैं। तथा आवेदन की प्रक्रिया क्या है ? इसके बारे में विस्तार पूर्वक उन्हें बताया गया। इसके बाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मो अयूब के द्वारा पेंशन की सूची पढ़कर वहां पर उपस्थित सभी लोगों को सुनाई गई। जिसमें वृद्धा पेंशन में 6 लोगों की केवाईसी पूर्ण न होने के कारण उनकी पेंशन रूकी हुई है। जिसकी सूची तैयार करवाई गई। विधवा पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन मिल रही है। तथा विकलांग पेंशन के लाभार्थी भी पेंशन पा रहे हैं। आज के कार्यक्रम का संचालन पेस संस्था के कार्यकर्ता ऋतिक अवस्थी द्वारा किया गया। इस दौरान वहां पर ग्रामीण छंगालाल, चंद्रिका, विनोद, मोमिना, रोशनी व पंचायत सहायक क्षमा देवी समेत उक्त ग्राम पंचायत के अन्य लोग भी वहां पर उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी नगर पंचायत महोली




**महोली सीतापुर।** नगर पंचायत महोली मे माल कटे सरकारी मिर्जा होली खेले।ये कहावत महोली नगर पंचायत पर बिल्कुल खरी उतरती है।उत्तरप्रदेश के सीतापुर जनपदकेअंतर्गत नगर पंचायत महोली मे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर ब्याप्त है।यहाँ कार्य करने वाले कर्मचारी वेतन तो सरकारी लेते है।लेकिन निजी कार्य पूर्व चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्त उर्फ टीटू का करते है। पिछली बार समाचार पत्र मे प्रमुख रूप प्रकाशित खबर आशीश वर्मा नामक युवक जो आर ओ पानी की सप्लाई करते हुए कैमरे मे कैद हो गया था। जिसको आसरा आवास कालोनी मे आवास भी आवंटित था।इस खबर को समाचार पत्र मे प्रमुख रूप से प्रकाशित किया गया था।ऐसे ही नगर पंचायत के कई कर्म चारी जो वेतन तो सरकारी लेते है। लेकिन निजी कार्य पूर्व चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्त उर्फ टीटू के आवास पर करते है। जिसका जागता उदाहरण आज फिर सफाई कर्मी दिनेश कुमार बाल्मीकि जो नगर पंचायत महोली मे कार्यरत है। लेकिन पूर्व चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्त उर्फ टीटू के आवास पर झाड़ू लगाना, पानी से गाड़ी की धुलाई करना फर्श की धुलाई तथा अनेको निजी कार्य करते हुए देखा जा सकता है। जो नगर पंचायत महोली के सरकारी वेतन पर निजी कार्य करता है। इसी को कहते है। माल कटे सरकारी मिर्जा होरी खेले

## कान्हा गौशाला में मृत व अर्ध मृत गौवंशो को चेयरमैन पति द्वारा मछलियों को खिलाने पर भड़के बजरंग दल कार्यकर्ता



**तंबौर, सीतापुर।** सीतापुर जनपद की विकास खंड बेहटा के ग्राम पंचायत औरंगाबाद स्थित कान्हा गौशाला में नगर पंचायत तंबौर अध्यक्ष पति का काला कारनामा उजागर होते बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने जमकर हंगामा काटा जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम व एसएचओ विजयेंद्र सिंह के साथ सीओ उदयराज सिंह ने जांच पड़ताल कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कही।आपको बताते चले ताजा मामला जनपद सीतापुर की नगर पंचायत तंबौर द्वारा संचालित कान्हा गौशाला का है जहां गौवंशों की अच्छी देखभाल न होने से आए दिन अधिक संख्या में मृत हो रहे गौवांशो के शवों को चेयरमैन पति इस्तियाक खान द्वारा दफनाने के बजाय मछलियों को खिलाने का काम किया जा रहा था जिसकी भनक बजरंग दल कार्यकर्ताओ को लगते बवाल मच गया। मामले की जानकारी जैसे ही प्रशासन को लगी तो आनन फानन में एसडीएम और सीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए।

## श्री हनुमान जयंती के अवसर पर भरवारी में आयोजित हुई धर्म सभा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी,कौशाम्बी।** श्री हनुमान जयंती के अवसर पर बुधवार को भरवारी के गौरा में स्थित बड़ी कुटी में धर्म सभा का आयोजन किया गया। इसमें महाननिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री श्री 108 श्री हरीहरा नंद जी महाराज समेत कई पदाधिकारी ने प्रभु राम व हनुमान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद संगठन व देश के हित के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित बड़ी कुटी से बुधवार को बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद की और से धर्मसभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभु राम व हनुमान के जयकारे लगाते हुए महाननिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री श्री 108 श्री हरीहरा नंद जी महाराज ने कहा कि भारत देश हिंदुओं का है। इसके बाद भी देश मे मुगलों व अंग्रेजों ने शासन किया। 75 वर्ष से अधिक समय से हमें आजादी मिली है, लेकिन इसके बाद भी देश भाजपा सरकार बनने से पहले गुलामी के चंगुल में था। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के देश में यदि मंदिरों का नवीनीकरण न हुआ तो हिंदुओं के लिए बड़े शर्म की बात है। उन्होंने भाजपा के पक्ष में समर्थन की अपील करते हुए 400 के पार क नारा देते हुए कहा कि जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूर्ण बहुमत से सरकार बने और देश के हित में सही निर्णय ले सके।इस मौके पर काशी प्रांत अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद के कबीर प्रताप सिंह ने कहा कि हनुमान जी हिंदुओं के पूज्य देवता हैं वह बल, बुद्धि और विद्या प्रदान करते हैं। जो भी व्यक्ति हनुमान जी की भक्त सच्चे मन से करता है उसके सभी कार्य पूर्ण होते हैं। चैत्र मास में रामनवमी को राम जन्मोत्सव और इसके बाद हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भरवारी में जो धर्म सभा की गई है। यह हिंदुओं को संगठित करने का कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नीलमणि ने किया। धर्म सभा के समापन होने के बाद सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने हाथ में भगवा रंग का झंडा लेकर जय श्री राम व जय हनुमान का जयकारा लगाते हुए पूरे कस्बे में शोभा यात्रा निकाली। कस्बे के लोगों ने जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत भी किया। कार्यक्रम का आयोजन बजरंग दल के जिला संयोजक विवेक जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मधुराम शरण शिवा, क्षत्रीय गो रक्षा प्रमुख लखनऊ, पूर्व संगठन मंत्री विनय कुमार, अजय पांडेय, काशी प्रांत उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, मोहनलाल, काशी प्रांत के प्रांतीय सदस्य, जिला कोषाध्यक्ष, नरेंद्र साहू, राजेंद्र पाल, जिला शह मंत्री, राधा देवी, जिला जिला संयोजिका, शैलेंद्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी, राम अभिलाष, जिला उपाध्यक्ष, शत्रुघ्न कुमार द्विवेदी, धर्म प्रसाद प्रमुख, अनिल श्रीवास्तव, समर सिंह, जिला गो रक्षा प्रमुख, वीरेंद्र वाल्मीकि, राजेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।




## समाजवादी युवजन सभा की जिला कमेटी घोषित

**रायबरेली।** समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र पटेल ने इकत्तीस सदस्यीय जिला कार्यकारिणी घोषित की। जिलाध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल एवं युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरी तथा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव के अनुमोदन एवं संस्तुति के बाद 31 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित की गयी है। श्री पटेल ने बताया कि शिवम (अटरा), कमलेश पटेल, कुलदीप यादव, जफर इकबाल, अनुपम शुक्ला, आनन्द यादव तथा राधेश्याम लोधी को जिला उपाध्यक्ष तथा घनश्याम यादव को महामंत्री बनाया गया है, आशाराम पटेल को जिला कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। 31 सदस्यीय कार्यकारिणी में जीतेन्द्र सलोन, गोविन्द लोधी, संदीप कुमार, सुनील मौर्य, अली मोहम्मद, रिजवान खान तथा आदर्श यादव को जिला सचिव मनोनीत किया गया है।

## राज्यमंत्री दिनेष प्रताप सिंह ने दर्जनों गांवों का भ्रमण कर की नुक्कड़ सभाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को सदर विधान सभा क्षेत्र के बेला-भेला के शक्तिकेन्द्र भांव, कचौंदा, मोहिद्दीनपुर, उदरेहटी व षिवगढ़ क्षेत्र के भवानीगढ़, सारी क्षत्रधारी, पिपरी, उमरांवा, षिवली, रामपुरखास, जगदीषपुर सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर लोगो से आर्शीवाद मांगा। इस दौरान नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली के जनमानस की कसौटी पर मैं खरा उतरा भले ही चुनाव हार गया हूं। रायबरेली के लोगों के लिये लड़ता रहा। गांव-गली घूमकर सेवा करता रहा। सबके दुख-सुख में शामिल होकर लोगों की समस्याओं का निदान करता रहा। लेकिन इन नकली गांधियों की तरह रायबरेली-अमेठी को पीठ दिखाकर भागा तो नहीं। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी पूरे देष में घूम-घूमकर प्रधानमंत्री मोदी के 10 सालों के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है, तो रायबरेली को भी आप अपने 10 सालों का हिसाब दें। एक सांसद के रूप में 2014 से 2024 के बीच में जो करना चाहिए था क्या आपने किया उसका हिसाब दें। उन्होंने कांग्रेस पर निषाना साधाते हुये कहा कि कांग्रेस एक तरह से आतंक की जड़ है। उस पर विष्वास नहीं किया जा सकता है। इस दौरान राज्यमंत्री ने केन्द्र की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। कहा हर गरीब की चौखट तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। अबकी बार 400 पार के साथ-साथ रायबरेली में ही कमल खिलेगा। जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की कड़ी में अहम रोल निभायेगा। इस अवसर पर रामचन्द्र शुक्ल, सुधीर शुक्ला, अतुल अवस्थी, केतार पासी, विजय रावत, रतीपाल रावत, विरेन्द्र गौतम, षिवेन्द्र शुक्ला, महामंत्री विनय वर्मा, नंद किषोर तिवारी, जीबी सिंह मंडल अध्यक्ष, रामेष्वर पासी, मो. शरीफ अमरेष सिंह प्रधान, माता बक्ष सिंह राठौर, डल बहादुर सिंह, रामकेवल विष्वकर्मा, सुरेन्द्र बहादुर सिंह कोटेदार, मिथिलेष कुमार त्रिपाठी, विजय मौर्य, समर बहादुर सिंह बूथ अध्यक्ष सहित दर्जनों प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य सहित सैकड़ों ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गवाह पर दबंगों ने किया हमला, गंभीर रूप से किया घायल



**सुल्तानपुर।** समय रहते पुलिस ने कार्यवाही की होती तो शायद आज मेडिकल कॉलेज की बेड़ पर गंभीर अवस्था में वसीद अहमद मौंत जिंदगी के बीच में ना झूलता। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के पकड़ीपुर कसमऊ गाव का है, यहा के रहने वाले वसीद अहमद रकीब के साथ हुई मारपीट के चश्मदीद गवाह थे। यह बात दबंगों को नागवांर गुजरी, दबंगो द्वारा वसीद अहमद को गवाही न देने की बार बार धमकी दी जा रही थी। जिसकी शिकायत वसीद ने गोसाईगंज पुलिस से भी की गई थी। परंतु पुलिस ने मामले को गंभीरता से नही लिया। जिसके चलते 22 अप्रैल को दबंगो ने हुसैनगंज के पास बोलेरो यूपी 32 सी एच-7011 से टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वसीद अहमद टक्कर लगने से बेहोश होकर गिर पड़े, लोगो की मदद से उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहा उनका ईलाज चल रहा है परंतु शिकायत के बाद भी अभी तक पुलिस ने नफीस, तौसीफउर्फसबलू सुतगण मंजूर, मोईद सुत तफसीर व आसिफ बब्बन, कामरान पर कोई कार्यवाई नही की। जिसके चलते वृहस्पतिवार को वसीद अहमद के पुत्र दानिस ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने पहुंचा और अपने परिजनों की जांन माल की रक्षा की गुहार लगाई। देखना होगा कि जिले के तेज तर्रार व ईमानदार पुलिस अधीक्षक पीडित को न्याय गोसाईगंज पुलिस से कबतक दिलाते है और लापरवाही करने वाले मातहतों पर क्या कार्यवाही करते है।

## दो ट्राफी अमृत ने अपने नाम किया, बने विजेता

**सुलतानपुर।** दरियापुर दल की ओर से आयोजित किए गए बैटमिंटन प्रतियोगिता बालक वर्ग में अमृत वर्मा ने बढ़त बनाते हुए सभी खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। इसी क्रम में मनोरंजक खेल फुल्की खाओ प्रतियोगिता में भी अमृत ने पुरस्कार हासिल किया। इस प्रकार से अमृत वर्मा ने दो ट्राफी को अपने नाम किया। बैटमिंटन प्रतियोगिता दरियापुर वार्ड स्थित अम्बेडकर पार्क में सम्पन्न हुई। बालिका वर्ग में मानसी विजेता रही तो बालिक वर्ग में अमृत वर्मा ने अपना दम दिखाया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष शाहिद अब्बास ने किया। अध्यक्ष शुभम् प्रधान के नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में रेफ्री के रूप में शुभम् रावत मौजूद रहे। इस मौके पर संरक्षक आकाश, संरक्षक किशन सोनी, सदस्य स्वतंत्र मिश्रा मौजूद रहे।

## डीएम ऑफिस पर कांग्रेसियों और दरोगा का नोकझोंक का वीडियो वायरल




**सुलतानपुर।** बुधवार को कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा जर्जर दुकानों के नाम पर नगर क्षेत्र के छोटे व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न के संबंध में डीएम से मिलकर शिकायत करने पहुंचे थे। जहां उनके साथ कांग्रेस के नेताओं के साथ व्यापारी भी मौजूद थे। इस पर कलेक्ट्रेट में ड्यूटी पर मौजूद दरोगा से उनकी नोक झोंक हुई। अंत में सिटी मजिस्ट्रेट वहां पहुंचे और सबको शांत कराकर ज्ञापन लिया। ज्ञापन में वरुण मिश्रा ने उल्लेख किया है कि नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र के सब्जी व्यापारियों को पूर्व में आवंटित दुकानों को जर्जर बताकर उन्हें दुकानों से बाहर निकालने की नोटिस दी गई है। उन्होंने बताया है कि व्यापारी अपनी दुकानों की मरम्मत करने में सक्षम हैं। वरुण ने ज्ञापन के माध्यम से डीएम को अवगत कराया है कि बिल्डिंग में उतनी समस्या भी नहीं है जितना नगर पालिका बता रहा है।

उन्होंने ये भी अवगत कराया है कि पूर्व की भी कई बिल्डिंग नगर पालिका की है जिसका उसके द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष उद्योग पति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए व्यापारियों को उजाड़कर वहां व्यावसायिक भवन बनवाना चाहते हैं। इससे होगा ये कि व्यवसाई और उनका परिवार सड़कों पर आ जाएगा। ऐसे में नगरपालिका के तानाशाही रवैये को तत्काल रोका जाए। अधिकारियो ने इसके लिए कांग्रेस नेता व व्यापारियों को आश्वस्त किया है।

## अधेड़ का शव कुएं से बरामद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा महराजगंज में काफी समय से बीमार चल रहा एक 42 वर्षीय व्यक्ति बीते मंगलवार की शाम को घर से कहीं चला गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, किंतु उसका कहीं अता पता नहीं चला। बुधवार की सुबह उसकी लाश एक कुए से बरामद हुई। बता दें कि, नगर पंचायत महराजगंज के आजाद नगर का रहने वाला राम सजीवन लोधी (42) पुत्र साहब दीन मंगलवार की शाम को घर से कहीं चला गया। जब देर रात तक वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने आस पड़ोस नाते रिश्तेदारी में पता किया किंतु उसका कहीं अता-पता नहीं चला।बुधवार की सुबह लोगों ने एक कुएं में उसकी लाश उतराते देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि, जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणो का पता चल सकेगा।